सुप्रभात
रांची, सोमवार
09.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 324



12 चिराग पासवान लड़ेंगे बिहार विधानसभा चुनाव

## न्यूज डायरी

### अटका मानसून, अब झारखंड में एंट्री विलंब

**रांची।** झारखंड में अब 15 जून के बाद दक्षिणी-पश्चिमी मॉनसून के पहुंचने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने रविवार को बताया कि झारखंड में मानसून देर से पहुंचेगा। बंगाल की खाड़ी में पिछले कुछ दिनों से कोई सिस्टम न बनने के कारण मानसून अटक गया। आमतौर पर 12 जून तक झारखंड आ जाता था।

### किरीबुरु और मेघाहातुबुरु खदान को मिली हरी झंडी

**चाईबासा।** सेल को किरीबुरु और मेघाहातुबुरु लौह अयस्क खदानों के लिए वन विभाग से मंजूरी मिल गयी है। इस फैसले से हजारों स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा और स्टील प्लांटों को कच्चे माल की आपूर्ति बनी रहेगी। लौह अयस्क की खुदाई शीघ्र शुरू हो सकेगा।

### क्रिकेट खेलने में सांसद चोटिल, कराया गया इलाज

**हजारीबाग।** युवाओं के साथ क्रिकेट खेलने के दौरान हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल चोटिल हो गये। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। करीब 3 घंटे तक अस्पताल में इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गयी। रविवार को सांसद एक प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि थे। क्रिकेट खेलने मैदान में उतर गये। एक गेंद उनकी नाक पर लग गयी।

### तमिलनाडु और बंगाल में बनेगी राजग सरकार : शाह

**मदुरै।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि वर्ष 2026 में तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनेगी। दो दिवसीय दौरे पर मदुरै पहुंचे शाह ने पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, मदुरै परिवर्तन का शहर है द्रविड़ मुनेत्र कषगम को सत्ता से बाहर कर देगा। बैठक से पहले उन्होंने मीनाक्षी मंदिर में पूजा की।

## कार्टून कोना




# यूं ही नहीं मिला बिरसा मुंडा को भगवान का दर्जा

### शहादत दिवस पर विशेष

**रांची।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के वो नायक रहे, जिन्हें आज भी लोग गर्व से याद करते हैं। समाज हित में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। अंग्रेजों के खिलाफ जनजातीय समाज को गोलबंद करने वाले बिरसा मुंडा मैं अलौकिक शक्ति भी निहित थी। इतिहास में उनका एक अलग स्थान है। महज 25 साल की उम्र में 9 जून, 1900 को उन्होंने शहादत दी। 9 जून को हर साल धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का शहादत दिवस मनाया जाता है। यह दिन झारखंड और पूरे भारत में उनके बलिदान और आदिवासी समुदाय के अधिकारों के लिए उनके संघर्ष को याद करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।



### विलक्षण प्रतिभा, अलौकिक शक्ति

बचपन से ही भगवान बिरसा मुंडा के अंदर विलक्षण प्रतिभा और अलौकिक शक्ति भी थी। 15 नवंबर 1875 को खूंटी के उलीहातू में जन्मे इस महानायक ने इतिहास में उनका एक अलग स्थान बनाया। महज 25 साल की उम्र में 9 जून, 1900 को रांची जेल में उनका निधन हो गया था। सरकार के लिए हमेशा से वे वंदनीय रहे हैं। यहां की राजनीति के बड़े मार्गदर्शक और प्रेरणा पुंज हैं। राजधानी के कोकर स्थित भगवान बिरसा मुंडा के शहीद स्थल पर हर साल विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम होता है। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आनेवाली पीढ़ियों के लिए यह प्रेरणास्थल है।

### स्वतंत्रता आंदोलन को गति मिली

उनकी शहादत ने भले ही उनके भौतिक जीवन का अंत कर दिया, लेकिन उनके आदर्शों और बलिदान ने आदिवासी समुदायों में स्वतंत्रता और आत्मनिर्णय की लौ को प्रज्वलित रखा।

उनके आदर्श को उसे समय के लोगों ने अंगीकार किया उनकी शहादत ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को ताकत दी।

### धरती आबा के रूप में पूजे जाते हैं

बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन पर आदिवासियों के पारंपरिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया, जिसे ब्रिटिश सरकार और स्थानीय जमींदार छीनने का प्रयास कर रहे थे। वह एक करिश्माई नेता और लोक नायक थे जिन्होंने 19वीं शताब्दी के अंत में अंग्रेजी हुकूमत और सामंती व्यवस्था के खिलाफ उलगुलान का नेतृत्व किया। झारखंड ही नहीं पूरे आदिवासी समाज के लिए विशेष रूप से पूजनीय धरती आबा भारत के ऐसे स्वतंत्रता सेनानी हैं, जिन्हें भगवान की तरह पूजा जाता है। उन्होंने सामाजिक और धार्मिक सुधारों की भी जोरदार वकालत की। अपने लोगों को अंधविश्वासों से दूर रहने और अपनी पारंपरिक संस्कृति और मूल्यों को बनाये रखने के लिए प्रेरित किया। यही कारण है कि उन्हें धरती आबा (पृथ्वी पिता) के रूप में पूजते हैं। भारतीय संसद के संग्रहालय में भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर लगी हुई है। ये सम्मान जनजातीय समुदाय में अब तक केवल बिरसा मुंडा को ही मिल सका है।

धरती आबा को भारत के स्वतंत्रता संग्राम के एक महान नायक और आदिवासी गौरव के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है।

# कमरे में मिला कोयला कारोबारी धानुका का शव

## कनपट्टी में लगी है गोली, हत्या या आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

**खबर मन्त्र संवददाता**

**रांची।** राजधानी के कोतवाली थाना क्षेत्र के गाड़ीखाना में रहने वाले चर्चित कोयला कारोबारी मनीष धानुका की गोली लगने से मौत हो गयी है। रविवार शाम घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और छानबीन में जुट गई है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि मनीष धानुका ने आत्महत्या की है या यह हत्या का मामला है। पुलिस ने शव उनके घर के एक कमरे से बरामद किया है। पुलिस को शव के पास से लाईसेंसी हथियार भी मिला है। शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। घटना की खबर मिलते ही उनके घर के बाहर लोगों की भारी भीड़ लग गयी।



**क्या है पूरा मामला**

जानकारी के अनुसार घटना शनिवार देर रात की है। गोलीकांड के समय मनीष धानुका के घर में कोई भी मौजूद नही था। कनपट्टी में गोली लगने से उनकी मौत हुई है। (शेष पेज 11 पर)

### भारत में कोरोना मरीजों की संख्या 6000 पार

**नयी दिल्ली।** देश के विभिन्न हिस्सों में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के लगभग 400 नये मामले सामने आये जिसके बाद इस संक्रमण के कुल सक्रिय मामलों की संख्या 6,000 हो गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार इस अवधि के दौरान देश में इस संक्रमण से छह लोगों की मौत हुई, जिनमें से तीन मौतें केरल में हुयीं। अभी तक, भारत में 6,133 सक्रिय मामले हैं और कुल मौतों का आंकड़ा 65 है। केरल में सक्रिय मामलों की संख्या 2,000 के करीब पहुंच गयी है और यह इस संक्रमण से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाला राज्य बन गया है। स्वास्थ्य अधिकारी नये वेरिएंट और स्थानीय स्तर पर संक्रमण में वृद्धि की चिंताओं के बीच स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

## सड़क हादसे में एक ही घर की बेटी और बहू की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** बाजार जाने के लिए घर से निकली ननद और भाभी को एक अनियंत्रित पिकअप वाहन ने कुचल दिया, जिससे दोनों की मौत हो गयी। उनकी पहचान लातेहार के नेतरहाट थाना थाना के केराखांड (आराहंस) गांव निवासी पुष्पा एक्का (45) और सुषमा एक्का (48) के रूप में हुई। दोनों एक की घर की ननद और भौजजाई थी। दोनों महिलाएं गुमला के आदर विशुनपूर बाजार जाने निकली थीं और रोड पर वाहन का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान ये हादसा हुआ। नेतरहाट की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें कुचल दिया। एक ही परिवार की दो महिलाओं की मौत से पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ है।

**विरोध में रोड जाम :** हादसे के बाद घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने नेतरहाट- महुआडांड़ सड़क को जाम कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद नेतरहाट थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। सड़क जाम कर रहे लोगों को समझाया गया, इसके बाद काफी मशक्कत के बाद ग्रामीण शांत हुए। ग्रामीणों की मांग थी कि मृतक के परिजनों को तत्काल मुआवजा और नौकरी दी जाये। गाड़ियों की रफ्तार पर भी अंकुश लगाया जाये। आश्वासन ग्रामीण शांत हुए। अधिकारियों ने भरोसा दिया कि सरकारी प्रावधान के तहत परिजनों को मिलेगा।

# पीएम जनमन योजना से बनेंगी 140 ग्रामीण सड़कें

## झारखंड ने भेजा प्रस्ताव, केंद्र की मंजूरी शीघ्र



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रधानमंत्री (पीएम) जनमन योजना के बैच दो में 140 ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार कर भारत सरकार को भेजा गया है। जल्द ही इसकी स्वीकृति मिलने की संभावना है। ये सड़कें वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ही ली गयी हैं। इस पर कुछ क्वेरी की वजह से योजना स्वीकृति में देरी हुई है। झारखंड स्टेट रूरल रोड डेवलपमेंट अथारिटी के इंजीनियरों ने बताया कि यह प्रयास हो रहा है कि भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय इस पर मंजूरी प्रदान करें, ताकि काम प्रारंभ कराया जा सके।

उल्लेखनीय है कि 13 मई को ही पीएम जनमन बैच-1 के तहत के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भारत सरकार से झारखंड के आदिम जनजाति क्षेत्रों के लिए 259 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिली है। इसके तहत 700 करोड़ रुपये दिये गये हैं। इसके निर्माण के लिए अब टेंडर की प्रक्रिया जारी की जायेगी। वहीं, राज्य सरकार और पीएम जनमन के लिए 2025-26 के लिए भी योजना बना रही है, जिस पर भारत सरकार से स्वीकृति ली जायेगी।

### 1 जनवरी से लागू हो सकता है नया वेतन आयोग

**नयी दिल्ली।** देश भर के सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आ रही है। लंबे समय से अटके हुए 8वें वेतन आयोग को लेकर अब चर्चा तेज हो गयी है। खबरों की मानें तो सरकार इस आयोग को 1 जनवरी 2026 से लागू करने की तैयारी में है। हालांकि, यह भी कहा जा रहा है कि लागू होने में कुछ महीने की देरी हो सकती है, लेकिन उस स्थिति में सभी पात्र कर्मचारियों को बकाया एरियर भी दिया जायेगा। आयोग की सिफारिश समय पर लागू होता है, तो लाखों कर्मचारियों की सैलरी और पेंशन में जबरदस्त उछाल देखने को मिलेगा।

वेतन में बढ़ोतरी कर्मचारियों के ग्रेड पे के आधार पर तय होगी। अलग-अलग ग्रेड पर कार्यरत कर्मचारियों को अलग-अलग लाभ मिलेगा। इसी प्रकार से पेंशनर्स को भी उनके अंतिम वेतन और ग्रेड पे के हिसाब से संशोधित पेंशन दी जायेगी। जानकारों का मानना है कि नरेंद्र मोदी सरकार इस बार कर्मचारियों को लेकर सकारात्मक रुख अपना सकती है।

## पाकिस्तानी विशेषज्ञ के दावे से मचा बवाल

# नूर खान एयरबेस पर हमारा नहीं अमेरिका का नियंत्रण

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एक नया सुरक्षा विवाद उस समय खड़ा हो गया जब देश के प्रसिद्ध सुरक्षा विश्लेषक इम्तियाज गुल ने यह सनसनीखेज दावा किया कि रावलपिंडी स्थित नूर खान एयरबेस पर हमारा नहीं अमेरिका का नियंत्रण है। यह दावा ऐसे समय सामने आया है जब हाल ही में भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत इस एयरबेस को निशाना बनाया गया था। गुल का कहना है कि इस रणनीतिक रूप से अत्यंत संवेदनशील एयरबेस पर अमेरिकी विमानों की नियमित मौजूदगी देखी गयी है, और पाकिस्तान के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को भी इस बेस में हस्तक्षेप की इजाजत नहीं है। यह स्थिति पाकिस्तान की संप्रभुता, पारदर्शिता और सैन्य स्वायत्तता को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े करती है।



**सरकारी चुप्पी से और बढ़ा शक :** अब तक न पाकिस्तान सरकार और न सेना ने इम्तियाज गुल के आरोपों को स्वीकार या खंडन किया है। इससे शक और गहरा होता जा रहा है। पाकिस्तानी नागरिकों के बीच यह बहस चल रही है कि क्या देश की संप्रभुता को विदेशी हाथों में सौंपा जा चुका है। यह घटना पाकिस्तान में अमेरिकी सैन्य प्रभाव की गहराई और स्थानीय पारदर्शिता की कमी को लेकर गंभीर सवाल उठा रही है। यदि शीघ्र इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आयी तो यह विवाद और भी व्यापक राजनीतिक संकट में बदल सकता है। (शेष पेज 11 पर)

### क्या पाकिस्तान ने सौंप दिया है

इम्तियाज गुल द्वारा साझा एक वायरल वीडियो में उन्होंने यह दावा किया कि नूर खान एयरबेस अब पाकिस्तान के नहीं, बल्कि अमेरिका के नियंत्रण में है। उनका आरोप है कि यह स्थिति किसी अघोषित समझौते का नतीजा है, और न तो संसद और न ही जनता को इस बारे में कोई जानकारी है। उन्होंने यह भी कहा कि यह सहयोग एक छुपे हुए रक्षा समझौते का हिस्सा हो सकता है, जिससे पाकिस्तान की सैन्य स्वतंत्रता पर गंभीर असर पड़ रहा है।

A PIONEER GROUP OF NORTHERN INDIA, STREAMING IN JHARKHAND
SAI NATH UNIVERSITY
Established in 2012
Established under Jharkhand Govt. Act No. 15 of 2012 & Recognized as per Section 2 (f) of UGC Act, 1956



APPROVALS
Established under Jharkhand Govt. Act. No. 15 of 2012
Recognized under section 2 (f) of UGC Act.
Member of AIU
NCTE App. by NCTE for Education Programme
App. by PCI for D.Pharma
App. by BCI for Law Programme
Approved by INC

Admission 2025-26

पॉलिटेक्निक
Diploma Engineering : Approved by AICTE

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B.Tech. Mining | 4 Yrs. | 10+2 |
| 2. | Diploma in Engg. | 3 Yrs. | 10th |
| 3. | Diploma Engg. (Lateral) | 2 Yrs. | 10+2 with Math / ITI |

• MINING ENGG • ELEC. ENGG.
• MECH. ENGG. • CIVIL ENGG.

PHYSICAL EDUCATION
(Approved by NCTE)

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B.P.Ed. | 2 Yrs. | Bachelor Degree |
| 2. | D.P.Ed. | 2 Yrs. | 10+2 |

PHARMACY/ NURSING/ PARAMEDICAL

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B.Sc Nursing | 4 Yrs. | 10+2 (PCB) |
| 2. | B-Pharmacy | 4 Yrs. | 10+2 with Science. |
| 3. | D-Pharmacy | 2 Yrs. | 10+2 with Science. |
| 4. | B.Sc. MLT | 3 Yrs. | 10+2 (In Any Stream) |
| 5. | ANM | 2 Yrs. | 10+2 (In Any Stream) |
| 6. | GNM | 3 Yrs. | 10+2 (In Any Stream) |

EDUCATION PROGRAMME
(Approved by NCTE)

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B.A-B.Sc/B.Ed | 4 Yrs. | 10+2 |
| 2. | D.El.Ed./PTT | 2 Yrs. | 10+2 |
| 3. | M.Ed. | 2 Yrs. | B.Ed. |
| 4. | B.Ed.-M.Ed. | 3 Yrs. | Post Graduation |
| 5. | B.Ed.* | 2 Yrs. | Graduation |

* (Entrance: Jharkhand Combined)

LAW PROGRAMME (Approved by BCI)

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | LL.M. | 2 Yrs. | LL.B |
| 2. | LL.B. (Hons.) | 3 Yrs. | Graduation |
| 3. | B.A. - LL.B. (Hons.) | 5 Yrs | 10+2 |

Students selected in Judiciary services of different states

MANAGEMENT/COMPUTER

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | MBA | 2 Yrs. | Graduation |
| 2. | BBA | 3 Yrs. | 10+2 |
| 3. | BCA | 3 Yrs. | 10+2 |

AGRICULTURE

| SN. | Courses | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | B.Sc. Agriculture (Hons.) | 4 Yrs. | 10+2 with Science |
| 2. | M.Sc. Agriculture | 2 Yrs. | B.Sc. Agriculture |

Sai Nath University having NCC Unit. In Campus Separate Boys & Girls Hostel
Campus : Jirawar, Chandway-Kuchu Road, Ormanjhi, Ranchi (Jharkhand)
7970408015, 7461073943, 9798354837, 7004836620, 6204313818
E-mail: sainathuniversity@ymail.com , Website: www.sainathuniversity.com

## भाजपा ने मंत्री राधा कृष्ण किशोर के लिखे पत्र पर मुख्यमंत्री की 72 घंटे बाद तक की चुप्पी पर उठाये सवाल

# झारखंड में अनुसूचित जाति की स्थिति बदतर : प्रतुल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा ने मंत्री राधा कृष्ण किशोर के लिखे पत्र पर सीएम हेमंत सोरेन की 72 घंटे बाद तक की चुप्पी पर सवाल खड़े किये हैं। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि मंत्री के पत्र का जवाब न देकर सरकार ने मान लिया कि अनुसूचित जाति और आदिम जनजाति की स्थिति झारखंड में बदतर है। उन्होंने कहा कि मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में जो अनुसूचित जाति के लोग हैं उनकी स्थिति आदिम जनजाति से भी बदतर है। उन्होंने कहा कि इस स्वीकारोक्ति से दो चीजें स्पष्ट हो गई।एक की अनुसूचित जाति की स्थिति मौजूदा सरकार अपने साढे 5 वर्षों के कार्यकाल में ठीक नहीं कर पायी।दूसरा कुछ ऐसी ही स्थिति इन्होंने आदिम जनजाति की भी बना कर रख दी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार अपने आप को आदिवासी मूलवासी और दबे कुचले लोग की सरकार होने का दावा करती है। लेकिन, अब इन्हीं की सरकार के मंत्री इनको शीशा दिखा रहे हैं। बता रहे हैं कि अनुसूचित जाति और आदिम जनजाति की स्थिति इस सरकार में बहुत खराब है। भाजपा सरकार ने 2018 के अंत में अनुसूचित जाति आयोग का गठन किया था।इसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के कारण कम समय मिला। लेकिन, हेमंत सोरेन सरकार ने पिछले साढे 5 वर्षों से सत्ता में रहने के बावजूद इस आयोग का गठन नहीं किया।यह इस जाति समूह के प्रति हेमंत सरकार की नकारात्मक सोच दिखाता है। कमोबेश यही स्थिति अनुसूचित जाति और आदिम जनजाति की भी है।मंत्री जी के पत्र से ये स्पष्ट है कि आदिम जनजाति एक पैमाना बन गया है पिछड़ेपन का। तभी मंत्री जी भी पिछड़ेपन की तुलना आदिम जनजाति से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में शुरू की गई डाकिया योजना और पहाड़िया बटालियन से अच्छी शुरूआत हुई थी। लेकिन, इस सरकार ने आदिम जनजाति के उत्थान के लिए कोई कार्य नहीं किया । उन्होंने कहा हेमंत सरकार के कार्यकाल में अनुसूचित जनजाति भी उपेक्षा की शिकार हो रही है। धर्मांतरण करने वाली शक्तियां लगातार सक्रिय हैं और बड़े पैमाने पर अनुसूचित जनजाति के लोगों का धर्मांतरण करने का प्रयास जारी है।इस सरकार को पिछड़ा विरोधी भी सरकार कहा जाता है। इन्होंने पंचायत चुनाव बिना पिछड़ों को आरक्षण दिए कर लिया था। अब भी पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष विहीन है और स्थानीय निकाय चुनाव करने वाला आयोग के अध्यक्ष भी नहीं है।

## भाजपा का आरोप उसके दोहरे चरित्र का परिचायक : झामुमो



**रांची।** भाजपा के लगाये गये आरोपों को झामुमो के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने सिरे से खारिज करते हुये इसे घोर राजनीतिक दोगलापन करार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को अनुसूचित जाति और आदिम जनजातियों की याद सिर्फ तब आती है जब वह विपक्ष में होती है। सत्ता में रहते हुये उन्होंने इन वर्गों के लिये क्या किया, यह पूरे राज्य को पता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार आदिवासी, मूलवासी, दलित और पिछड़े वर्गों के हितों की सच्ची हितैषी है। सरकार की योजनायें जैसे मरांग गोमके छात्रवृत्ति, सिदो–कान्हू कृषि समृद्धि योजना और फेलोशिप स्कीम इन वर्गों को सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कदम हैं। भाजपा का यह आरोप कि अनुसूचित जाति आयोग का गठन नहीं हुआ, सरासर भ्रामक है। सरकार इस दिशा में गंभीरता से काम कर रही है और जल्द ही आयोग का पुनर्गठन होगा। मंत्री राधा कृष्ण किशोर के पत्र को लेकर उठाए गए सवालों पर पांडेय ने कहा कि लोकतंत्र में हर मंत्री को राय रखने का अधिकार है। यही खासियत है मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की। वह एक तरफा नहीं बल्कि पूरी संवेदनशीलता के साथ सभी की बातों को सुनने और राय लेने में यकीन रखते हैं। ये भाजपा की तानाशाह सरकार नहीं। भाजपा के किसी मंत्री को पीएम नरेंद्र मोदी जी को पत्र लिखने की आजादी है क्या या किसी भाजपा मंत्री ने पीएम मोदी जी को पत्र लिखा है क्या। लेकिन, भाजपा इसे मुद्दा बनाकर आदिवासी और दलित समाज को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने पलटवार करते हुये कहा कि भाजपा को नैतिकता की बात करने से पहले यह बताना चाहिये कि उसने अपने शासनकाल में कितने आदिवासी युवाओं को नौकरी दी। उनके लिये विशेष योजनायें क्यों ठप कर दी थीं। उन्होंने कहा कि भाजपा आदिवासी.दलित हितैषी होने का नाटक कर रही हैए जबकि उसकी असली नीति इन वर्गों को हाशिये पर धकेलने की रही है। झामुमो सरकार विकास और सामाजिक न्याय के रास्ते पर पूरी प्रतिबद्धता से चल रही है।

## भाजपा अब बहा रही है घड़ियाली आंसू : कांग्रेस

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा है कि अनुसूचित जाति और आदिवासी समाज के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाने वाली भाजपा असल में इन वर्गों की विरोधी है। मंत्री राधा कृष्ण किशोर के एक पत्र के बहाने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधने की कोशिश करके भाजपा ने अपनी ओछी राजनीति को फिर से उजागर कर दिया है। आलोक दुबे ने याद दिलाया कि खुद राज्य के वित्त मंत्री ने हाल ही में पिछले 25 वर्षों से समाज के शोषण और उपेक्षा की बात कही।

## खबर एक नजर में

### झारखंड शराब घोटाला में 38 करोड़ से अधिक की हेराफेरी में 6 कारोबारियों को नोटिस

**रांची।** झारखंड में 38 करोड़ रुपये से अधिक के शराब घोटाले की जांच अब रफ्तार पकड़ चुकी है। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने मामले की जांच का दायरा बढ़ा दिया है और शराब कारोबार से जुड़े छह कारोबारियों को नोटिस भेजा गया है। इन सभी को पूछताछ के लिए अलग-अलग तिथियों में एसीबी मुख्यालय बुलाया गया है। इन कारोबारियों में सबसे चर्चित नाम छत्तीसगढ़ निवासी सिद्धार्थ सिंघानिया का है। छत्तीसगढ़ एसीबी की जांच के दौरान उनके घर से एक डायरी मिली थी, जिसमें झारखंड में शराब सिंडिकेट की साजिश और मैनेजमेंट की रणनीति का जिक्र था। नोटिस पाने वालों में भोपाल के मनीष जैन और राजीव द्विवेदी, पुणे के अजीत जयसिंह राव, अमित प्रभाकर सोलंकी और सुनील मारूत्रे कुंभकर शामिल हैं। एसीबी अब तक कुल 29 से अधिक लोगों को नोटिस भेज चुकी है। इनमें झारखंड के उत्पाद सचिव मनोज समेत कई बड़े नाम शामिल हैं। विजन और मार्शन कंपनियों पर फर्जी बैंक गारंटी से ठेका लेने और सरकार को 38 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाने का आरोप है। कुल नुकसान करीब 200 करोड़ रुपये तक आंका गया है। जांच जारी है।

### राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव का निधन, मोर्चा ने जताया शोक

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश सचिव जगदीश साहू के आकस्मिक निधन पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि उनकी असामयिक मृत्यु से संगठन को अपूरणीय क्षति हुई है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा परिवार ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। जगदीश साहू बायपास रोड अरगोड़ा बली बगीचा के निवासी थे और अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र एवं दो पुत्री छोड़ गए हैं। उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह, विद्याधर प्रसाद, दिलीप वर्मा, राम लखन साहू, रामावतार कश्यप, सुदीप साहू, अजय मेहता, जयराम ठाकुर और प्रमोद प्रसाद, सुग्रीव यादव सहित कई पदाधिकारी और सदस्य शामिल हैं।

### पेसा कानून लागू होने के बाद सदानो पर कल्पना से परे होगा अत्याचार: राजेन्द्र

**रांची।** झारखण्ड में कुछ लोग पेसा कानून को लागू कराने की मांग कर रहे हैं, जबकि आदिवासी जमीन की अवैध खरीद-बिक्री, अवैध खनन, स्थानीय नीति और नियोजन नीति को लेकर को मुद्दा बनाना चाहिये था। पेसा कानून लागू होने के बाद मूलवासी सदानों के साथ ऐसा भेद-भाव होगा, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। उक्त बातें मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने रविवार को ग्रैंड ऑकेजन बैंक्वेट हॉल में मूलवासी सदान मोर्चा द्वारा आयोजित बैठक में कही। उन्होंने कहा कि मूलवासी सदान समुदाय आदिवासियों को मिलने वाले अधिकारों के खिलाफ हम सदान कभी नहीं रहा हैं। लेकिन राज्य के सबसे पुराने वाशिंद सदान हैं जिनकी आबादी 65% है। उन्होंने कहा कि 65% आबादी में सबसे ज्यादा आबादी 55% ओबीसी और 10% दलितों की है। ऐसे में जो ओबीसी और दलितों के अधिकारों कि बात करते हैं। उन्हें इस पर विचार करना चाहिए। प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों ने अलग राज्य के लिए शहादत दी थी। हमें क्या मालूम था कि राज्य बनने के बाद मूलवासी सदानों को उनके साथ इतना बड़ा धोखा होगा और सारे राजनीतिक अधिकार और सामाजिक समरसता छीन लिये जाएगें। कहा डिप्टी मेयर का चुनाव सीधे जनता करे जिससे भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी। प्रो अरविंद प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों में ओबीसी और दलितों की सबसे बड़ी आबादी है। ऐसे में अधिकारों को बचाने की जिम्मेदारी भी इन दोनों समुदाय में सबसे ज्यादा है। डॉ योगेश प्रजापति ने कहा कि सदानों के विकास के लिए राज्य में कोई नीति नहीं बनायी गयी।

# शहरी निकायों में राजस्व बढ़ोतरी के सुझाव को परामर्शी को दिये जायेंगे 10.70 करोड़

## वर्ल्ड बैंक योजना के तहत काम आवंटित, सलाहकार चयनित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नगर विकास विभाग ने 44.10 प्रतिशत अधिक राशि भुगतान पर निकायों के विकास के लिए सुझाव देने को सलाहकार चयन की मंजूरी दी है। विश्व बैंक संपोषित झारखंड म्यूनिसिपल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट अंतर्गत झारखंड में विभिन्न शहरी स्थानीय निकायों में राजस्व वृद्धि के लिए सलाहकार का चयन किया गया है। सरकार की मंजूरी के बाद इस कार्य के लिए चयनित परामर्शी मेसर्स एसके पाटोदिया एंड एसोसिएट व मेसर्स च्वाइस कंसलटेंट सर्विस प्राइवेट लि. को 10,70,70,160 रुपये में काम देने की स्वीकृति दी है। पूर्व में इस योजना की लागत राशि यूएस डॉलर एक मिलियन अर्थात 7,43,00,0000 रुपये जीएसटी सहित अनुमानित व्यय के साथ रखी गयी थी। इस पर विशव बैंक ने भी अपनी सहमति दी थी।

### 70:30 फीसदी अनुपात में खर्च होगी राशि

इसकी निविदा जारी की गयी, जिसमें परामर्शी ने 10,70,70,160 बिड डाला। लागत की वृद्धि को देखते हुए अतिरिक्त 3,27,70,160 रुपये प्रदान करने की मंजूरी दी। परामर्शी को कार्य भी आवंटित कर दिया गया है। म्यूनिसिपल डेवलपमेंट के तहत कई कार्य किए जाने हैं। यह स्थानीय निकायों के विकास पर केंद्रीत है। इसके तहत निकायों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए राजस्व बढ़ाने के लिए विभिन्न उपाय किए जाने हैं। इसके लिए एक सलाहकार का नियुक्ति किया गया है जो निकायों को राजस्व बढ़ाने का सुझाव देगा साथ ही बेहतर नागरिक सुविधा बढ़ाने पर भी जोर देगा। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत विश्व बैंक व राज्य सरकार के बीच 70:30 फीसदी अनुपात पर राशि खर्च की जायेगी। संपति कर में वृद्धि, संपति कर के मूल्यांकन में सुधार, अवैध निर्माण पर रोक इत्यादि काम किए जाने हैं।

# इस माह नहीं बंटेगा पीडीएस का राशन!

## हड़ताल पर जा सकते हैं राज्य के 25 हजार से अधिक डीलर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के 25 हजार से अधिक डीलरों ने हड़ताल पर जाने का मन बना लिया है। इस कारण झारखंड में इस महीने से पीडीएस के तहत मिलने वाला राशन नहीं मिलेगा। राज्य के पीडीएस डीलरों ने राज्य सरकार पर धोखा देने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि खाद्य आपूर्ति एवं सार्वजनिक वितरण विभाग न केवल डीलरों की मांग की पूरी तरह से उपेक्षा कर रहा है, बल्कि प्रशासनिक दबाव बनाकर बिना कमीशन के काम करा रहा है। कोरोना अवधि की बकाया राशि भी राज्य सरकार द्वारा नहीं दी गई है। इसके अलावा डीलर्स में और कई वजहों से भी सरकार से नाराजगी है, जिसे लेकर डीलर स्ट्राइक पर जाने की योजना बना रहे हैं।

### क्या है मामला

फेयर प्राईश शॉप डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ओंकार नाथ झा के अनुसार झारखंड के पीडीएस डीलर पूरी तरह से आहत हैं। कई बार विभागीय मंत्री और सचिव को ज्ञापन सौंप कर इस ओर ध्यान दिलाया गया, लेकिन इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई। ऐसे में सभी पीडीएस डीलर तालाबंदी करने पर भी विचार कर रहे हैं।

### मांगें नहीं माने जाने से नाराजगी

राज्य सरकार के पास पीडीएस डीलरों का 20 करोड़ रुपए से अधिक का कमीशन बकाया है। दिसंबर से अब तक (छह माह) कमीशन का भुगतान नहीं किया गया है। पूर्व के तीन-चार माह का भी कमीशन बकाया है। कुल मिलाकर यह राशि एक वर्ष की बनती है। बता दें कि राशन डीलरों को कमीशन 150 रुपये प्रति क्विंटल दिया जाता है। उनका कहना है कि सरकार ने कोरोना अवधि की बकाया राशि को भी रोककर रखा हुआ है। डीलर की आर्थिक स्थिति पर विभाग द्वारा कोई फैसला नहीं लिया जाना भी हड़ताल पर जाने की एक बड़ी वजह बन रही है। इसके आलावा टू जी पॉश मशीन और सर्वर की समस्या के समाधान को लेकर भी डीलर्स में नाराजगी है। इस कारण पीडीएस लाभुकों को न तो समय पर और न ही सही ढंग से अनाज दिया जा रहा है।

# रांची जिला राजद अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए धर्मेन्द्र महतो

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची जिला राजद अध्यक्ष के चुनाव में राजद के पुराने समर्पित वरिष्ठ नेता धर्मेन्द्र महतो को पुनः निर्विरोध जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुए है। प्रातः 9 बजे से चुनावी प्रक्रिया की शुरूआत रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती मंजू साह के द्वारा किया गया जो 3 बजे तक चला। 3 बजे चुनावी प्रक्रिया के तहत रांची जिला अध्यक्ष की घोषणा श्रीमती मंजू साह के द्वारा किया गया।



इस अवसर पर राजद के वरिष्ठ नेता मदन यादव,मनोज पाण्डेय, शौकत अंसारी,भास्कर वर्मा, सुरेंद्र प्रसाद,आबिद भाई, प्रणव कुमार, सुनील ठाकुर, सलील अंसारी, डी एन ठाकुर,संतोष साहू, कमलेश यादव सहित प्रदेश के सम्मानित वरिष्ठ नेता, जिला के पदाधिकारी,प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड पदाधिकारी समेत काफी संख्या में दल के के नेता और कार्यकताओं ने भाग लिया ।


## अनुसूचित जाति आयोग के गठन की मांग हुई तेज

**रांची।** अनुसूचित जाति समन्वय समिति के सदस्यों ने झारखंड सरकार के मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा अनुसूचित जाति समुदाय की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखने के लिए आभार व्यक्त किया है। साथ ही सरकार से मांग की कि अनुसूचित जातियों से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। समिति के सदस्यों ने विशेष रूप से राज्य में अनुसूचित जाति आयोग के गठन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि अनुसूचित जाति समुदाय लंबे समय से सामाजिक और आर्थिक असमानता से जूझ रहा है। इसके समाधान के लिए एक सशक्त और स्वतंत्र आयोग का गठन जरूरी है, ताकि समुदाय की समस्याओं की निगरानी और नीतिगत हस्तक्षेप संभव हो सके।

# मोदी सरकार संवादहीन: आलोक दूबे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को भारत के लोकतंत्र और आर्थिक विकास के लिए सबसे विफल दौर बताया है। उन्होंने कहा कि देश आज कई गहरे संकटों से गुजर रहा है और इन 11 वर्षों में मोदी सरकार ने न केवल संवादहीनता का परिचय दिया बल्कि देश की सुरक्षा, आर्थिक स्थिति और सामाजिक ताने-बाने को भी पूरी तरह चौपट कर दिया है।



आलोक दूबे ने कहा है कि मोदी सरकार ने 11 सालों में संवाद से दूरी बनाकर लोकतंत्र की बुनियाद को ही हिला दिया है। यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा देश में बेटियों की सुरक्षा नाकाफी और चिंता का विषय है। महिलाओं पर अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन मोदी सरकार के पास न तो कोई ठोस नीति है और न ही कोई कारगर कदम। चौकीदार सोया हुआ है और जनता असुरक्षित महसूस कर रही है।

आलोक कुमार दूबे ने महंगाई को लेकर कहा कि आज देश के नागरिक रोजाना की जरूरतों को भी मुश्किल से पूरा कर पा रहे हैं। रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नीतियां गरीब और मध्यम वर्ग के हितों के खिलाफ हैं।

आलोक दूबे ने कहा है कि मोदी सरकार ने देश की प्रमुख संस्थाओं को बेचकर देश की संप्रभुता को खतरे में डाल दिया है। रेलवे, तेल कंपनियां, हवाई अड्डे और अन्य महत्वपूर्ण संसाधन बिक गए। ये देश की विरासत हैं, जिन्हें सरकार ने निजीकरण के नाम पर बेच दिया। उन्होंने कहा कि गिरता रुपया, बढ़ती आर्थिक असमानता और बढ़ती बेरोजगारी मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों की असफलता का प्रमाण है। देश की अर्थव्यवस्था डांवाडोल है और इसके लिए जिम्मेदार नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार हैं। उन्होंने कहा कि देश के संवेदनशील मुद्दों जैसे अग्निवीर योजना, मणिपुर हिंसा और पुलवामा-पहलगाम आतंकी हमलों के बाद भी सरकार न केवल चुप रही, बल्कि जनता की चिंता को समझने में असफल रही।

आलोक कुमार दूबे ने स्पष्ट किया कि यह 11 साल का शासनकाल भारत के लोकतंत्र के इतिहास में संवादहीनता, जवाबदेही से परहेज, बढ़ती असुरक्षा, आर्थिक विषमता और जनविरोधी नीतियों के लिए याद किया जाएगा।

# सरना धर्म कोड के ध्रुव पर नाची झारखंड की सियासत

## भाजपा ने तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार पर सरना धर्म की मांग ठुकराने का लगाया आरोप

- जनगणना में सरना धर्म के लिये अलग कॉलम की मांग कर रहे सत्ताधारी झामुमो-कांग्रेस
- आदिवासी वोटरों को रिझाने में जुटे पक्ष-विपक्ष

उदय चौहान

रांची। झारखंड की सियासत अब सरना धर्म कोड के ध्रुव पर नाचने लगी है। सत्ताधारी झामुमो-कांग्रेस ने जनगणना में सरना धर्म कोड के लिये अलग कॉलम की मांग के साथ आंदोलन तेज कर दिया है। इसी क्रम में झामुमो ने बीते दिनों राज्यव्यापी धरना-प्रदर्शन किया। झामुमो ने यहां तक कहा कि सरना धर्म कोड के बिना झारखंड में जातीय जनगणना नहीं होने देने की चेतावनी तक दे डाली है। वहीं, कांग्रेस पार्टी ने राजभवन के समक्ष धरना-प्रदर्शन कर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा है। इसके अलावा, कांग्रेस पार्टी सरना धर्म कोड के मुद्दे पर राष्ट्रपति से मिलने की बात कही है। कांग्रेस नेत्री सह कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सरना धर्म कोड के बिना जातीय जनगणना नहीं होने देने की चेतावनी दी है।

गौरतलब है कि पिछले कुछ महीनों से झारखंड में सरना धर्म कोड को लेकर सियासत पूरे उफान पर है। सत्ताधारी दलों ने इसे लेकर राजनीति तेज कर दी है। प्रमुख विपक्षी दल भाजपा भी सत्ताधारी दलों को घेरने में जुटी है। सत्ताधारी दल झामुमो और कांग्रेस एक नई सियासी चाल में विपक्षी भाजपा को उलझाना चाहते हैं। जनजातीय समाज की राजनीति का चादर ओढ़कर सरना समाज के लिये नई जनगणना में अलग से सरना धर्म कोड का कॉलम जोडने की मांग कर आंदोलन कर रहे हैं। केंद्र की भाजपा सरकार को अगले साल की शुरूआत में देश में जनगणना करानी है। और इसी जनगणना को आधार मानकर सरना धर्म कोड पर राजनीति की जा रही है। भाजपा ने सरना धर्म कोड के लिये आंदोलन कर रहे सत्ताधारी दल कांग्रेस से गंभीर सवाल दाग कर पार्टी को कटघरे में खड़ा कर दिया है। भाजपा ने कांग्रेस से सवाल किया है कि 2014 में तत्कालीन मनमोहन सरकार ने संसद में सरना धर्म कोड की मांग को ठुकराते हुए यह क्यों कहा था कि यह संभव नहीं है। जब केंद्र की कांग्रेस सरकार आदिवासी समुदाय की इस मांग को खारिज कर चुकी है। इसके बाद किस मुंह से सरना धर्म कोड की मांग कर रही है। भाजपा ने झामुमो से भी कांग्रेस की सहयोगी होने के नाते यही सवाल किया है। सरना धर्म कोड को लेकर पिछले दो दशक से झारखंड में यही सियासत हो रही है। भाजपा ने पिछले दिनों कांग्रेस और झामुमो की ओर पासा फेंकते हुए कहा है कि झारखंड में धर्मांतरण रोकें, तब सरना धर्म कोड की बात करें। भाजपा का मानना है कि सरना धर्म कोड की मांग सरना आदिवासियों से कहीं ज्यादा ईसाई बन चुके आदिवासी कर रहे हैं। झारखंड में बड़े पैमाने पर आदिवासी समुदाय का धर्मांतरण होते रहा है। इसे लेकर सरना धर्मावलंबी लगातार विरोध कर रहे हैं। सरना समाज के अगुआ रहे समाजसेवी और बुद्धिजीवियों ने ईसाई बन चुके आदिवासियों को आरक्षण की सुविधा देने का विरोध किया है। दिवंगत कार्तिक उरांव इसके सबसे बड़े पैरोकार रहे हैं।







उन्होंने संसद में भी धर्मांतरित आदिवासियों को आदिवासी न मानते हुये आरक्षण न देने की मांग करते रहे। सरना समाज के लोगों ने केंद्र सरकार से पूरे राज्य में डीलिस्टिंग की मांग जोर शोर से कर रहे हैं। वैसे आदिवासी समुदाय को आरक्षण की सूची से बाहर करने की यह मांग है, जो अपना धर्म बदल चुके हैं। आनेवाले साल में पूरे देश में लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन भी होना है। परिसीमन तत्कालीन जनसंख्या के आधार पर होना है। झारखंड में आदिवासियों की संख्या लगातार घट रही है। ऐसे में लोकसभा और विधानसभा की आदिवासियों के लिये आरक्षित सीटें घट सकती हैं। उल्लेखनीय है कि झामुमो और कांग्रेस की गठबंधन सरकार ने पिछले कार्यकाल में ही सरना धर्म कोड को लेकर विधानसभा में एक प्रस्ताव लाया था। इस प्रस्ताव को सत्ताधारी दलों के अलावा विपक्षी दलों में भाजपा आजसू ने भी समर्थन किया था। पक्ष जब इस मुद्दे पर राजनीति कर रहा है तो विपक्ष पीछे क्यों रहे। लिहाजा विपक्ष ने भी सत्ताधारी दल के इस प्रस्ताव का समर्थन किया। सभी दलों को आदिवासियों का वोट और समर्थन चाहिये।

## सरना धर्म कोड लागू नहीं हुआ तो तेज होगा आंदोलन : विनोद

इधर, झामुमो ने एक बार फिर सरना धर्म कोड को लेकर पार्टी द्वारा प्रस्तावित आंदोलन को सही बताते हुये राज्य में सरना धर्म कोड नहीं होने पर जनगणना नहीं होने देने की बात कही है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे ने कहा है कि भाजपा अपनी बात करें, ना कि पिछली बात करें। उन्होंने कहा कि अलग सरना धर्म कोड पुरानी मांग है। राज्य सरकार ने विशेष सत्र बुलाकर इसे विधानसभा से पास कराकर केंद्र सरकार को भेजा था। लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार लगभग पांच सालों से इसपर कोई निर्णय नहीं लिया है। दरअसल, सरना धर्म कोड को लेकर सियासत होती रही है। कांग्रेस.जेएमएम ने इसे चुनावी घोषणा पत्र में भी शामिल कर रखा है। हालांकि, भाजपा इस मुद्दे पर अब तक दुविधा की स्थिति में है। खास बात यह है कि नवंबर 2020 में हेमंत सरकार ने जब विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र सरना धर्म कोड को लेकर बुलाया तो सदन में सर्वसम्मति से पास कराने में भाजपा ने भी सहयोग किया था। पारित प्रस्ताव में जनगणना 2021 में सरना को एक अलग धर्म के रूप में शामिल करने का निर्णय लिया गया था। विधानसभा से पारित यह प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास विचाराधीन है।

### झारखंड के मजदूरों के लिए हेमंत सोरेन सरकार का बड़ा फैसला

# श्रमिकों के हित में सरकार लाने जा रही 4 कानून

- नई नियमावली से श्रमिकों के काम की स्थिति में सुधार एवं उनकी सुरक्षा, सेहत और सभी तरह की सहूलियत मिलेगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड के मजदूरों के लिए हेमंत सोरेन सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। जल्द ही सरकार इन श्रमिकों के लिए चार नए कानून लेकर आ रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, श्रमिकों के हित में राज्य सरकार द्वारा बनायी जा रही प्रस्तावित चार नियमावली को विधि विभाग से स्वीकृति मिल गई है। यह फाइल अब वित्त विभाग के पास भेजी गई है। यहां से स्वीकृति मिलने के बाद जल्द मंत्रिपरिषद से पास कराने की तैयारी है। नई नियमावली से श्रमिकों के काम की स्थिति में सुधार एवं उनकी सुरक्षा, सेहत और सभी तरह की सहूलियत मिलेगी।

बता दें कि केंद्र सरकार ने पूर्व में चल रहे 29 श्रम कानूनों को सिर्फ चार संहिता (कोड) में समाहित कर संसद से नया कानून पास कराया है। इसी की तर्ज पर राज्य की हेमंत सोरेन सरकार भी 15 से अधिक श्रम कानूनों को सिर्फ चार नियमावली में मर्ज कराकर लागू करने की दिशा में आगे बढ़ी है। सरकार ने इसके लिए प्रदेश के श्रमिकों के लिए चार नियमावली वाला कानून लाने को मंजूरी दे दी है। इस कानून के लागू होने के बाद श्रमिकों के जीवन में सुधार की उम्मीद है।

आइए जानते हैं कि आखिर इन प्रस्तावित चार कानूनों में श्रमिकों के लिए क्या है।

1. **सोशल सिक्योरिटी (झारखंड) नियमावली** – इसके जरिए राज्य में श्रमिकों के हित में सोशल सिक्योरिटी का व्यापक कानूनी फ्रेमवर्क तैयार करना है।

2. **ऑक्यूपेशनल सेफ्टी हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशन (झारखंड) नियमावली** – इसमें श्रमिकों के बेहतर और सुरक्षित माहौल के साथ-साथ व्यावसायिक स्वास्थ्य की सुरक्षा व्यवस्था करना है।

3. **इंडस्ट्रियल रिलेशन (झारखंड) नियमावली** – इसमें औद्योगिक इकाइयों और श्रमिकों के लिए ऐसे हरसंभव उपाय किए गए हैं, ताकि भविष्य में विवाद की स्थिति नहीं बने।

4. **वर्कर्स वेजेस (झारखंड) नियमावली** – इसमें श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी और उसके भुगतान के कानूनी अधिकारों की रक्षा की जाएगी।

# सदर इलाके से फ्लाईओवर पर स्टंट करनेवाले युवक की बाइक जब्त

- कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में चलाया गया अभियान
- क्षेत्र में युवक को 'हंटर राइडर' से जानते हैं सभी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** मेकॉन-सिरमटोली फ्लाईओवर पर बाइक से खतरनाक स्टंट करने के मामले में रांची पुलिस ने उस बाइक को जब्त करने में सफलता हासिल की है, जिस पर यह खतरनाक करतब दिखाया गया था। विगत 5 जून को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस फ्लाईओवर का उद्घाटन किया था। उसी दिन रात के समय सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ, जिसमें एक युवक बाइक पर खतरनाक स्टंट करता नजर आया था। वायरल वीडियो पर परिवहन मंत्री दीपक बरुआ ने तुरंत प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर रांची के ट्रैफिक एसपी को निर्देश दिए कि स्टंट करने वाले युवकों की पहचान करके उन पर तत्काल कार्रवाई की जाए और उन्हें परिवहन नियमों के बारे में बताया जाए। मंत्री ने कड़े शब्दों में कहा, 'यह लोग हुड़दंग करने वाले हैं, इनसे यह पूछा जाए कि जीवन अनमोल है या जलवा।' मंत्री के निर्देशों के बाद रांची पुलिस तेजी से एक्शन में आई। सदर थाना क्षेत्र में कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में उस बाइक को जब्त कर लिया गया, जिस पर फ्लाईओवर पर स्टंट किया गया था।

**आरोपी फरार, पहचान चर्चा में** : हालांकि, स्टंट करने वाला युवक अभी तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया है और वह फरार बताया जा रहा है। उसके बारे में दिलचस्प जानकारी सामने आई है कि उसका पूरा मोहल्ला उसे 'हंटर राइडर' के नाम से जानता है। पुलिस उसकी तलाश तेज कर चुकी है। पुलिस का मुख्य फोकस अब 'हंटर राइडर'की गिरफ्तारी पर है। इस घटना ने नए इंफ्रास्ट्रक्चर पर बढ़ते रोमांच के लिए खतरनाक स्टंट्स की प्रवृत्ति और सड़क सुरक्षा के मुद्दे को फिर से चर्चा में ला दिया है।

## जेपीएससी इंटरव्यू प्रक्रिया 10 जून से, 864 अभ्यर्थी होंगे शामिल



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की 11वीं, 12वीं और 13वीं सिविल सेवा परीक्षा के लिए इंटरव्यू प्रक्रिया 10 जून से शुरू हो रही है। मुख्य परीक्षा में सफल 864 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया है। यह प्रक्रिया 23 जून तक चलेगी। इंटरव्यू सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा और 100 अंकों का होगा। इसके पहले दस्तावेज सत्यापन 9 जून से 22 जून तक किया जाएगा। यह प्रक्रिया आयोग कार्यालय में रोजाना सुबह 10 बजे से होगी। आयोग ने सभी उम्मीदवारों से समय पर अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने की अपील की है।

आयोग ने उम्मीदवारों से जेपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट से ई-कॉल लेटर डाउनलोड करने को कहा है। इसमें इंटरव्यू, दस्तावेज जांच और मेडिकल जांच की तारीखें दी गई हैं। बताते चलें कि जेपीएससी की 11वीं सिविल सेवा परीक्षा की प्रक्रिया 27 जनवरी 2024 से शुरू हुई थी। प्रारंभिक परीक्षा 17 मार्च को हुई, जिसमें 7011 अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा के लिए सफल हुए थे। मुख्य परीक्षा जून 2024 में हुई थी और उसका परिणाम 20 मई 2025 को जारी किया गया। अब इंटरव्यू के बाद अंतिम चयन किया जाएगा।

# एक्वा वर्ल्ड में बंगाल की कला और संस्कृति की दिखी झलक

## आमी कोलकतार रसगुल्ला, मंगल दीप ज्वेले, आमी देवदासी, एक बार नाचो मा गीतों पर नृत्यों की धूम रही

- बच्चों और बड़ों ने पारंपरिक बंगाली परिधान पर रैंप वॉक भी किया
- बंगाली व्यंजन का स्टॉल भी लगाया गया था

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**रांची।** एक्वा वर्ल्ड में आयोजित रविवार का कार्यक्रम बंगाल की समृद्ध कला और संस्कृति को समर्पित रहा। सारे कार्यक्रम बंगाल के थीम पर आयोजित किये गये। कार्यक्रम की शुरूआत में बंगाली गानों के मैशअप पर नृत्य पेश किया गया। इसके अतिरिक्त दीपांजलि सहित विभिन्न ग्रुपों ने कोलकतार रसगुल्ला, मंगल दीप ज्वेले, आमी देवदासी, एक बार नाचो मा आदि गीतों पर नृत्यों की शानदार पेशकश किया। बच्चों और बड़ों ने पारंपरिक बंगाली परिधान पर रैंप वॉक भी किया। अतिथियों और निर्णायकों में विपुल नायक, सुरजीत घोष, पोंपा सेनगुप्ता, देवज्योति नाहा उपस्थित थे। सभी अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वालों में पपिया, रितु, सौम्या, अनुष्का, कषिका, बुलबुली, संतोषी, रेशमा, अश्विनी, एंजेल लकड़ा, आरवी, कंचन, तनुश्री, चंद्रा, पियूषा, भव्या, अकशिनी, आराध्या, निवा, तृषा, जानवी, शानविका आदि प्रमुख थे।



रविवार को बंगाली संडे में बड़ी संख्या में बंगाल के पृष्ठभूमि से आये लोगों की भागीदारी रही। बंगाली व्यंजन का भी स्टॉल लगाया गया था। जहां माछेर झोल, शुक्तो, मिष्टी दोई, चोला डाल व्यंजन खाने वालों की भीड़ लगी रही।

इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड के चेयरमैन प्रतुल शाहदेव, कार्यकारी निदेशक लोकेश कुमार, आनंद, साहिल आदि उपस्थित थे।

# खादगढ़ा बस स्टैंड से ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार

- गुप्त सूचना पर लोअर बाजार थाना की पुलिस ने की छापामारी
- करीब 14 ग्राम ब्राउन शुगर व मोबाइल जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** लोअर बाजार थाना की पुलिस ने नशा कारोबार में शामिल दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने अभियुक्त खालिद रजा उर्फ माया व अशफाक अंसारी के पास से 14.11 ग्राम ब्राउन शुगर व मोबाइल जब्त की गई है। पुलिस की गिरफ्त में आये दोनों अभियुक्त नामकुम थाना क्षेत्र के मौलाना आजाद कॉलोनी रोड नंबर-13 के रहने वाले हैं।

इस संबंध में सिटी एसपी अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि खादगढ़ा बस स्टैंड में नशा कारोबारी ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। उक्त सूचना पर डीएसपी, सिटी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा छापामारी कर खादगढ़ा बस स्टैंड परिसर में संदिग्ध हालत में बैठे दो युवकों को रोक कर पूछताछ की गयी। मौके पर दोनों अभियुक्तों की विधिवत तलाशी लेने पर युवकों के पास से ब्राउन शुगर बरामद किया गया। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि बिहार से ब्राउन सुगर लाकर रांची में खरीद-बिक्री किया करते हैं। गिरफ्त में आये दोनों अभियुक्तों का पूर्व आपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस टीम में केवी रमन, डीएसपी, सिटी, पुनि दयानन्द कुमार, थाना प्रभारी लोअर बाजार, पुअनि दिवाकर कुमार, प्रभारी खादगढ़ा टीओपी, लोअर बाजार, सअनि भीम सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## पद्म विभूषण डॉ डी नागेश्वर रेड्डी से मिले संजय सेठ



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हैदराबाद की अपनी यात्रा के दौरान केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रसिद्ध गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ डी नागेश्वर रेड्डी से मुलाकात की और उन्हें पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किये जाने पर हार्दिक बधाई दी। इस मुलाकात में चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ रेड्डी के योगदान के प्रति गहरा सम्मान और प्रशंसा व्यक्त की गई। एआईजी हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ डी. नागेश्वर रेड्डी ने सम्मान की एक उल्लेखनीय राह बनाई है। वे तीनों पद्म पुरस्कार- पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण प्राप्त करने वाले पहले भारतीय डॉक्टर बन गये हैं। उन्होंने डॉ रेड्डी की यात्रा को प्रेरणा का स्त्रोत बताते हुये कहा कि यह केवल एक व्यक्तिगत मील का पत्थर नहीं है। बल्कि राष्ट्रीय गौरव का क्षण है। डॉ रेड्डी के काम ने देश को बहुत सम्मान दिलाया है।

# चोरों ने पुलिस से की फरियाद, ग्रामीणों पर लगाया मारपीट करने का आरोप

- जगन्नाथपुर थाना में चोर ने दर्ज करायी है प्राथमिकी
- सत्यारी टोली का मामला

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** राजधानी में एक अजीब मामला प्रकाश में आया है। घर में चोरी करने घुसे चोरों ने जगन्नाथपुर थाने में ग्रामीणों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुये प्राथमिकी दर्ज करायी है। यह मामला राजधानी रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के सत्यारी टोली का है।

**क्या है मामला**

एफआईआर दर्ज कराने वाले आरोपी विजय कुमार, निवासी आसनसोल (पश्चिम बंगाल) ने बताया कि चार जून की रात करीब एक बजे वह अपने पांच साथियों कमलेश चौहान, पंकज डोम, जान सिंह, माडू चौहान और करन चौहान के साथ एक घर में चोरी की नीयत से घुसा था। सभी ने मिलकर घर की अलमारी से सोने की चेन और नकद पैसे निकाले। इसी दौरान मकान मालिक की नींद खुल गई और उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। चोरों का कहना है कि उन्होंने उसे चुप कराने की कोशिश की और जब वह नहीं रुका, तो उसे पास के कुएं पर ले जाकर डुबोने का प्रयास किया। तभी गांव के लोग जाग गए और मौके पर पहुंच गए। गांववालों को आता देख वे भागने लगे, लेकिन विजय कुमार, कमलेश चौहान, पंकज डोम और जान सिंह पकड़े गए। ग्रामीणों ने चारों की जमकर पिटाई की, जिसमें विजय कुमार का बायां हाथ टूट गया और अन्य तीनों को भी गंभीर चोटें आईं।

चौंकाने वाली बात यह है कि अब पकड़े गए चोरों ने खुद पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। विजय कुमार की ओर से दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि अंधेरे में वे किसी ग्रामीण को पहचान नहीं सके।

# ग्लैम स्टूडियोज ने रांची में पहला सैलून लॉन्च किया

## झारखंड में प्रीमियम लेकिन किफायती ब्यूटी सर्विसेज की शुरुआत

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** भारत का सबसे तेजी से बढ़ता सैलून ब्रांड 'ग्लैम स्टूडियोज', जिसके देशभर में 350 से अधिक आउटलेट्स हैं, ने आज रांची के अशोक नगर में अपने पहले सैलून की भव्य शुरुआत की। सैलून का उद्घाटन नवीन जायसवाल, विधायक (हटिया) ने किया। गेस्ट ऑफ ऑनर सुश्री प्रियांशु के साथ स्थानीय गणमान्य व्यक्ति, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और सौंदर्य प्रेमी मौजूद रहे।

यह सैलून अशोक नगर, रांची में स्थित है और इसका उद्देश्य शहर में ग्रूमिंग अनुभव को एक नई ऊंचाई पर ले जाना है। सैलून में महिलाओं और पुरुषों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है, जिनमें शामिल हैं– हेयरकट, हेयर कलरिंग, स्मूदनिंग, केराटिन ट्रीटमेंट, हेयर स्पा, एडवांस्ड स्किन केयर सर्विसेज, फेशियल, वैक्सिंग, थ्रेडिंग, मैनीक्योर, पेडीक्योर, पार्टी और ब्राइडल मेकअप।

रांची आउटलेट, ग्लैम स्टूडियोज की मूल सोच को आगे बढ़ाता है– प्रीमियम ब्यूटी अनुभव, सभी के लिए सुलभ मूल्य पर। प्रशिक्षित प्रोफेशनल स्टाफ, इंडस्ट्री-ग्रेड हाइजीन स्टैंडर्ड्स और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के साथ यह सैलून रांचीवासियों के लिए एक शानदार लेकिन किफायती ब्यूटी डेस्टिनेशन बनने जा रहा है।

ग्लैम स्टूडियोज की सीओओ, दरख्शां हुसैन ने कहा कि हम रांची में ग्लैम स्टूडियोज की शुरुआत करके बेहद उत्साहित हैं और एक ऐसे दर्शक वर्ग को सेवाएं देने के लिए तैयार हैं जो गुणवत्ता और किफायत दोनों को महत्व देता है। झारखंड हमारे लिए एक अहम मार्केट है और हम यहां के प्रोफेशनल्स को सशक्त बनाने के साथ ही ग्राहकों को उच्च स्तर की सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

रांची सैलून के मालिक, राहुल ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा कि मैं हमेशा से मानता रहा हूं कि रांची को भी उन्हीं ब्यूटी और वेलनेस सेवाओं का अनुभव मिलना चाहिए जो मेट्रो शहरों में उपलब्ध हैं। ग्लैम स्टूडियोज ने मुझे इस विजन को साकार करने का एक बेहतरीन मंच दिया। हम केवल एक सैलून नहीं खोल रहे, बल्कि रांची में सेल्फ-केयर का एक नया मानक स्थापित कर रहे हैं।

यह लॉन्च ग्लैम स्टूडियोज की उस यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसका लक्ष्य भारत के 'टियर-2 और टियर-3' शहरों में गुणवत्तापूर्ण ग्रूमिंग और वेलनेस सेवाओं को सुलभ बनाना है।

# देश की बच्चियां सबल और सक्षम बन कर करें राष्ट्र की सेवा : चंद्रकांत रायपत

- विश्व हिंदू परिषद् की महिला युवा शाखा दुर्गावाहिनी के प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** विश्व हिंदू परिषद् की महिला युवा शाखा दुर्गावाहिनी के प्रांतीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रविवार को हुआ। वर्ग में झारखंड के विभिन्न जिलों से दुर्गा वाहिनी की बहनों ने भाग लिया। इस वर्ग में बहनों को शारीरिक एवं बौद्धिक प्रशिक्षण दिया गया। योग्य शिक्षिकाओं द्वारा दंड, नियुद्ध, का प्रशिक्षण एवं आत्मरक्षा के तरीके तरीके सिखाए गए। समापन सत्र को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा कि इस देश की बच्चियों को हर क्षेत्र में आगे रहना चाहिए। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, रानी दुर्गावती, महारानी अहिल्याबाई होलकर के कार्यों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र धर्म और समाज के उत्थान के लिए जीवन समर्पित करें। प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने कहा भारत भूमि का टुकड़ा नहीं यह तो साक्षात माता का रूप है। पूरे विश्व में भारत ही ऐसा देश है जिसने अपने देश को माता का स्थान देकर इसकी वंदना की है।

इस वर्ग में मुख्य रूप से प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, दीपा रानी कुंज मातृ शक्ति प्रांत प्रमुख, शशि शर्मा बाल संस्कार प्रांत प्रमुख, पलामू विभाग मंत्री महेंद्र नाथ, फूल कुमारी रांची विभाग मातृशक्ति प्रमुख, मंजू दीदी मातृशक्ति जिला प्रमुख, रश्मि दीदी, गंगा कुमारी कृति सुमन मोदी, लक्ष्मी कुमारी, बसंती साव, साइना मिश्रा, विजय यादव, रविन्द्र, विशाल, सचिन, अनामिका, सबिता सिंह, लातेहार जिला अध्यक्ष श्याम अग्रवाल, संजय तिवारी जिला मंत्री, लाल देव, मिथलेश, नीतिश जी, कुमार गौरव एवं अन्य दुर्गा वाहिनी की बहनें उपस्थित रहीं।

# हमें अपने जीवन का प्रत्येक क्षण और कर्म भारत माता के चरणों में समर्पित कर देना चाहिए : चित्रा ताई जोशी

- शिविर में झारखंड के 20 जिलों से पधारीं 225 सेविका बहनों ने भाग लिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राष्ट्र सेविका समिति झारखंड प्रांत द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में आयोजित 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह रविवार को हुआ। इस शिविर में झारखंड के 20 जिलों से पधारीं 225 सेविका बहनों ने भाग लिया। शिविर का उद्देश्य युवतियों में अनुशासन, शारीरिक सुदृढ़ता, राष्ट्रभक्ति एवं सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करना था। प्रतिदिन सेविकाओं ने योग, व्यायाम, बौद्धिक चर्चा, गीत, सेवा कार्य आदि में भाग लिया। इस आवासीय शिविर में सेविकाओं के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक पक्षों का व्यापक प्रशिक्षण दिया गया।

समापन समारोह की मुख्य वक्ता अखिल भारतीय सह कार्यवाहिका चित्रा ताई जोशी ने कहा भारत माता हमारी प्राणशक्ति हैं। हमारी भौतिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक आवश्यकताओं की पूर्ति वह स्वयं करती हैं। हमें अपने जीवन का प्रत्येक क्षण और प्रत्येक कर्म भारत माता के चरणों में समर्पित कर देना चाहिए। उन्होंने आगे महारानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर उन्हें याद कर उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई भारतीय इतिहास की वह पुण्यश्लोक रानी थीं जिन्होंने सेवा, धर्मनिष्ठा और न्यायप्रिय शासन का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

समारोह की मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक निर्मल कौर ने सेविकाओं के अनुशासन, ऊर्जस्विता और सेवाभाव की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर राष्ट्र को कर्तव्यनिष्ठ, चरित्रवान और राष्ट्रभक्त नागरिक प्रदान करते हैं।

इस मौके पर राष्ट्र सेविका समिति की उषा सिंह प्रांत संचालिका, शारदा गुप्ता प्रांत कार्यवाहिका, डॉ त्रिपुला दास प्रांत सह कार्यवाहिका, श्रीमती निर्मला सिंह प्रांत संपर्क प्रमुख, पूनम सिंह, डॉ. जिज्ञासा ओझा, शालिनी सचदेवजी, रीता सिंह, सुमन सिन्हा, गनिता झा, कुसुमलता सिंह, जयश्री कुजूर, सुधा प्रजापति, अपर्णा सिंह की उपस्थिति रही। पूरे वर्ग में वर्गाधिकारी के रूप में जामवंती मिश्रा प्रान्त बौद्धिक प्रमुख उपस्थित रहीं।

## बीसीआइ टाइटेनियम की बैठक में कारोबार के साथ पर्यावरण संरक्षण पर जोर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बिजनेस क्रिएशन ऑफ इंडिया टाइटेनियम की बैठक रविवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बीसीआइ टाइटेनियम की अध्यक्ष हिमानी गुप्ता ने कहा कि हमें अपने व्यापार के साथ एक आपसी संबंध को आगे बढ़ाना है। एक- दूसरे के सहयोग से ही अपने कारोबार को तेज गति प्रदान कर पायेंगे। बीसीआइ टाइटेनियम के सदस्यों ने एक-दूसरे का सहयोग करते हुए एक माह में लाखों रुपए का कारोबार किया। यह एक अच्छी शुरूआत है। जल्द ही बीसीआइ टाइटेनियम की बैठक कर नये सदस्यों को जोड़ा जायेगा। मेंटर किशोर मंत्री ने कहा कि बीसीआइ टाइटेनियम से अच्छे लोग जुड़ रहे हैं और उम्मीद है कि इस संस्था से जुड़ने वाले लोग अपना व्यापार और कारोबार एक-दूसरे के सहयोग से आगे बढ़ायेंगे। विश्व पर्यावरण दिवस पर सदस्यों से घर से हरियाली की शुरूआत करने का आह्वान करते हुए उनके बीच पौधों का वितरण किया। इस अवसर पर निदेशक शिव कुमार सिंह, बीसीआइ टाइटेनियम की उपाध्यक्ष डॉ शिप्रा साह, सचिव अनुज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संतोष सोनी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## गुरमत प्रशिक्षण शिविर का समापन, बच्चे हुए पुरस्कृत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह साहेब मेन रोड रांची के तत्वावधान में चल रहे गुरमत प्रशिक्षण शिविर का समापन रविवार को हुआ। पिछले पांच दिनों से शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रचारक ज्ञानी गुरविंदर सिंह जम्मू वाले व ज्ञानी चरणजीत सिंह फानी ने बच्चों को गुरु इतिहास, सिख रहत मर्यादा व सिखी जीवन पद्धति से अवगत कराया। इस प्रशिक्षण शिविर के प्राचार्य डॉ हरमिन्दर बीर सिंह ने बच्चों से आह्वान किया कि सिख धर्म के सुनहरे इतिहास एवं गुरुओं द्वारा प्रदत्त आदेशों एवं सिद्धांतों के पथ पर चलें। 5 वर्ष से लेकर 17 वर्ष के लगभग 175 बच्चों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। अ ग्रुप कविता पाठ प्रतियोगिता में अनहद कौर प्रथम, किरत सिंह द्वितीय एवं इकनूर कौर तृतीय स्थान पर रहे। ग्रुप इ से 12 वर्ष में कविता पाठ में अवितेज सिंह प्रथम, शुभकरमन कौर द्वितीय, तेजवीर सिंह तृतीय रहे। दस्तार सजाओ प्रतियोगिता में हर्षप्रीत सिंह प्रथम, जीवनजोत सिंह द्वितीय, इशाना मिढ़ा तृतीय रहे। अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने गुरविंदर सिंह, चरणजीत सिंह, हरमिन्दर बीर सिंह एवं हरजीत सिंह स्विंकी को सम्मानित किया। इस अवसर पर त्रिलोचन सिंह, रनप्रीत सिंह, सुरजीत सिंह, सरदार दयान सिंह, गुरदीप सिंह टिवाना, हरप्रीत सिंह, मालकियत सिंह, महिंदर सिंह, त्रिलोचन सिंह, परमजीत सिंह, सरदार गुरदयाल सिंह सलूजा, कुलवंत सिंह आदि शामिल थे। मंच का संचालन सरदार गगनदीप सिंह सेठी ने किया।

## गोस्वामी कल्याण फाउंडेशन का झारखंड प्रांत सम्मेलन एवं कार्यसमिति की बैठक आयोजित

- संगठनात्मक मुद्दे पर चर्चा करते हुए संगठन से अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को जोड़ने का लिया गया निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** गोस्वामी कल्याण फाउंडेशन का झारखंड प्रांत सम्मेलन रविवार को रांची में हरमू स्थित अस्थाई कार्यालय में आयोजित किया गया। सम्मेलन में राज्य के प्रायः सभी जिलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इसके साथ ही झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक भी प्रदेश अध्यक्ष उमेश गिरी की अध्यक्षता में हुई। संचालन प्रदेश महासचिव विपिन गिरी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय संरक्षक अरविंद गिरी एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष संपूर्णानंद भारती के अलावा अखिल भारतीय दसनाम गोस्वामी समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र गिरी एवं शिवकुमार गिरी विशेष रूप से उपस्थित थे।

बैठक में संगठनात्मक मुद्दे पर चर्चा करते हुए संगठन से अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को जोड़ने का निर्णय लिया गया ताकि वह विकास की दौड़ में बहुत पीछे न छूट जाएं। सामाजिक गतिविधियों को तेज करने का भी निर्णय बैठक में लिया गया।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष समरेश गिरी, रांची जिला युवा अध्यक्ष संजीत गिरी, समरसता प्रमुख दीपा गोस्वामी, केंद्रीय सदस्य एवं झारखंडी धाम के नरेश पंडा, गिरिडीह जिला अध्यक्ष वासुदेव पंडा, कोडरमा जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न गिरी, प्रदेश संगठन मंत्री वरुण गिरी, परमानंद गिरि, सिमडेगा महिला जिला अध्यक्ष हेमा भारती, मीणा गोस्वामी, राजीव गौरव गिरी, अनुपम गिरी सहित अन्य कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।

खबर एक नजर में

### महाभंडारे के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न



**रांची।** महाभंडारे के साथ रविवार को चार दिवसीय काशी विश्वनाथ मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न हुआ। वाराणसी के प्रसिद्ध पुजारी आचार्य सुभाष पांडे एवं बालव्यास शिवम कृष्ण शास्त्री के द्वारा कलश यात्रा, वेदी पूजन, संकीर्तन, नगर भ्रमण, प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन विधि विधान से मंत्रोच्चारण के साथ कराई गई एवं संध्या में भव्य रूप से महाभंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि हटिया के विधायक नवीन जायसवाल, रांची विधायक सी.पी. सिंह एवं विशिष्ठ अतिथि समाजसेवी भीम प्रभाकर, राहुल चौधरी, शिव किशोर शर्मा, संतोष कुमार सहित हजारों श्रद्धालुगण महाभंडारे का प्रसाद ग्रहण किए। इस धार्मिक आयोजन की अध्यक्षता मुख्य आयोजक सोनू श्रीवास्तव ने की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से सिद्धेश्वर यादव, राजेंद्र साव, दीपक कुमार, रविंद्र शर्मा, राजेश शर्मा, लालजी शर्मा, सुनील शर्मा, विकाश सिन्हा, राहुल श्रीवास्तव, सुबोध साव, निशु सिंह, रौशन कुमार, पवन सिंह, अंकित वर्मा, जितेंद्र यादव, शुभम सोनी आदि ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### तन्मय राज का राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में चयन



**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र तन्मय राज ने ओपन झारखंड राज्य अंडर-15 वर्ग कुश्ती में स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र कुश्ती संघ द्वारा 20 से 22 जून 2025 तक नागपुर में अंडर-15 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इस चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेताओं का चयन अंडर-15 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया जाएगा। प्राचार्या किरण यादव ने तन्मय की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि स्वर्ण पदक प्राप्त करना आसान नहीं होता, सर्वश्रेष्ठ से सर्वश्रेष्ठ के खिलाफ प्रतिस्पर्धा में अपनी कड़ी मेहनत, त्याग ,अनुशासन, लगन , दृढ़ इच्छाशक्ति, समर्पण और विश्वास के माध्यम से इसने अर्जित किया है।

## राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन 18 जून को



- नगड़ी जमीन बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में ग्रामीणों की बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नगड़ी जमीन बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में रविवार को ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता नगड़ी ग्राम प्रधान बीमा पहान व संचालन विकास टोप्पो के द्वारा की गई। बैठक में कृषि योग्य भूमि को बचाने के लिए संघर्ष करने की सहमति बनी और कहा गया कि किसी भी कीमत पर सरकार को जमीन नहीं जाएगी। इस आंदोलन को तेज करने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, क्योंकि सरकार के द्वारा भूमि अधिग्रहण कानून 2013 की अवहेलना की गई है। ग्राम सभा की 70 प्रतिशत सहमति के बिना अधिग्रहण करना गैरकानूनी है। वक़्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार लगातार राज्य के आदिवासियों की जमीन के खिलाफ काम कर रही है। नगड़ी जमीन बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में 18 जून को राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा और इस आंदोलन में राज्य के सभी संगठनों के अगुआ को आमंत्रित किया जाएगा। मौके पर अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद, आदिवासी जन परिषद, जय आदिवासी केंद्रीय परिषद, आदिवासी महासभा, युवा छात्र संघ, सरना प्रार्थना सभा, सीपीआई के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### ऑडी ने की 'क्यू-ड्राइव' की मेजबानी



**रांची।** ऑडी ने पत्रकारों, संभावित ग्राहकों और ऑफ-रोडिंग उत्साही लोगों के लिए 'क्यू-ड्राइव' अनुभव की मेजबानी की। ऑडी क्यू ड्राइव ऑडी ड्राइविंग अनुभव के तहत सबसे व्यापक कार्यक्रम है। ऑडी क्यू ड्राइव को कस्टम-निर्मित ऑफ-रोडिंग ट्रैक पर क्रियान्वित किया जा रहा है, जिसे ऑडी क्यू रेंज की प्रमुख विशेषताओं और विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है, जिसमें विशेष रूप से ऑडी का प्रसिद्ध क्वाट्रो सिस्टम शामिल है। ऑडी रांची के प्रबंध निदेशक देवज्योति पटनायक ने कहा, ऑडी क्यू रेंज के बारे में ग्राहकों की समझ को बेहतर बनाने का इससे बेहतर कोई तरीका नहीं है कि उन्हें इस विशेष सेट-अप में उनकी असली ताकत का अनुभव कराया जाए।

### श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में अन्नपूर्णा सेवा भंडारा का आयोजन



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग में श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 210वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12 :30 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाई गई, तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन-संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी ने कृष्ण दरबार में अपने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया तथा श्री राधा कृष्ण के जयकारा से पूरा वातावरण कृष्णमय एवं भक्तिमय बन गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गई। इस अवसर पर-ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, अंजनी अग्रवाल, संजय सर्राफ, सुरेश अग्रवाल, मधु जाजोदिया, विशाल जालान, नंदकिशोर चौधरी, सुनील पोद्दार, अनिल अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, शोभा अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, विष्णु सोनी, पवन कुमार पोद्दार, अजय राय, मनीष सोनी, महेश वर्मा, धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहू, चंद्रदीप साहू, हरीश कुमार, अशोक ठाकुर, सुधीर कुमार, सत्यम कुमार, आशीष कुमार, सूरज कुमार सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा संयोजक मंडल का गठन

- मुख्य संयोजक सुबोध कुमार लकड़ा, सुजीत कुमार राम, अमर भेंगरा, पुष्पा बरदेवा चुने गए

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा रांची जिला के तत्वावधान में रविवार को डोरंडा, झंडा चौक भवानीपुर स्थित कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में झारखंड आंदोलनकारी के राजकीय मान सम्मान, अलग पहचान, रोजी रोजगार नियोजन की गारंटी तथा जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सभी को सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रुपया सरकार से देने की मांग को लेकर चर्चा हुई। साथ ही रांची जिला सहित झारखंड के सभी जिला में लागू 5 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण के आधार पर होने वाली नियुक्तियों में सरकार से झारखंड आंदोलनकारियों के पुत्र पुत्री, पोता-पोती के लिए अलग से नियोक्ति कॉलम निर्धारित करने की मांग की गई। बैठक में सर्वसम्मति से संयोजक मंडल का गठन किया गया, जिसमें मुख्य संयोजक सुबोध कुमार लकड़ा, सुजीत कुमार राम, अमर भेंगरा, पुष्पा बरदेवा, संयोजक प्रभु साहु, लक्ष्मण भगत, गोरा उरांव, बिरसा मिंज, दुर्गी देवी, पप्पू खान, पप्पु राईन, तेजू उरांव को चुना गया।

बैठक में मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो, कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा, सरोजिनी कच्छप, रोजलीन तिर्की, सुबोध लकड़ा, सुजीत राम, अनथन लकड़ा, बेंजामिन तिर्की, देवदास राम, जोसेफ मिंज, धूम उरांव, मंगरा उरांव, शिव उरांव, हेरमन लकड़ा, महेंद्र लोहरा, संजीव मनोहर खलखो, चिमनी बेक, दुखा उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

### लंगर ए गौस उल आजम का एहतेमाम



**रांची।** हर माह की तरह इस माह भी फिरदौस नगर डोरंडा स्थित खानकाह मजहरिया मुनअमिया में आज बरोज रविवार को खानकाह के सज्जादा नशी पीरे तरीकत रहबरे शरीयत हजरत अल्लामा वा मौलाना सैयद शाह अलकमा शिबली कादरी साहब की ब्ला के जानिब से लंगर ए गौस उल आजम का एहतेमाम किया गया। लंगर की शुरुआत हल्कए जिक्र और फातिहा गौस उल आजम से हुई। उसके बाद सलातो सलाम और अंत में दुआ के बाद लंगर शरीफ में शरीक हुए लोगों एवं आसपास के लोगों के बीच लंगर तकसीम की गई। मौके पर मौलाना सैयद अबु राफे तिबरानी, सैयद अबु सहमा राजी, सैयद अबु केहाफा हेजाजी, सैयद अबु जरा हम्मादी, सैयद जैन कादरी, मो शब्बीर, मो रियाज, मो फैजी, मो इरफान, मो कमरू, मो हयात खान, शाहिद खान आदि शामिल हुए।

## पासवा का राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह 23 जून को

- 20 हजार से अधिक बच्चों को सम्मानित करने का लक्ष्य : आलोक दूबे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** पासवा (पब्लिक स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन) की ओर से 23 जून को राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। इसका आयोजन हरवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव में होगा। इसे लेकर शनिवार को बैठक हुई। पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलोक कुमार दूबे ने बताया कि इसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि राज्य के कोने-कोने से निकली प्रतिभाओं को नमन करने का पर्व है। यह उन छात्रों के लिए प्रेरणा है, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन किया है। हम चाहते हैं कि हर बच्चा महसूस करे कि उसकी मेहनत को सम्मान मिलता है और यह मंच उसी भावना से प्रेरित है। श्री दूबे ने कहा कि यह समारोह उन मेधावी छात्रों के लिए है, जिन्होंने 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में सीबीएसई, आईसीएसई और जैक बोर्ड से 70% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। कार्यक्रम के लिए वॉलिंटियर्स सक्रिय हो चुके हैं और अपने-अपने कार्यों में जुट गए हैं। राज्यभर के निजी विद्यालयों के प्रिंसिपल और डायरेक्टर्स को पत्र भेजकर छात्रों की मेरिट लिस्ट मांगी जा रही है। पासवा की टीम स्कूलों से लगातार संपर्क कर रही है, ताकि मेधावी छात्रों का चयन पारदर्शिता के साथ हो सके।

**कार्यक्रम पूरी तरह निशुल्क होगा :** पासवा अध्यक्ष ने स्पष्ट रूप से बताया कि इस कार्यक्रम में किसी भी प्रकार का पंजीकरण शुल्क, छिपा हुआ शुल्क या योगदान राशि नहीं ली जाएगी। उन्होंने विद्यालयों से अनुरोध किया है कि वे अपने यहां से योग्य छात्रों की सूची जल्द से जल्द भेजें, ताकि उनकी तैयारी समय पर की जा सके। मेडल्स, मोमेंटो और सर्टिफिकेट तैयार हो चुके हैं। आयोजन को लेकर पूरा माहौल उत्साहपूर्ण है और विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों से लेकर आयोजकों तक सभी इस ऐतिहासिक दिन के साक्षी बनने को तैयार हैं। दूबे ने सभी स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों से अपील की कि वे इस आयोजन में सक्रिय सहभागिता करें और विद्यार्थियों को इस मंच तक पहुंचाने में सहयोग करें। इस वर्ष का समारोह न केवल भव्यता में, बल्कि उद्देश्य और भावना में भी एक नई मिसाल कायम करेगा। बैठक में राष्ट्रपति अवार्डी सुश्री फलक फातिमा, अनिकेत कुमार, विशाल सिंह, मेंहुल दूबे, अजहर आलम, जाबिर खान, प्रीति सिंह, अंकिता सिंह, जिक्रा खान, शैफ अहमद, मो. शाहिद, सचिन कुमार, अनुष्का कुमारी, नवरस नदीम, साक्षी प्रिया, राजनंदनी, विशाल कुमार सिंह, दीपक कुमार साहू, उज्जवल कुमार, राजकुमार भगत, जाबिर रजा, रोशन लिंडा, शुभम कुमार, विक्की कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### पाल संघ ने छात्रा अन्नया को किया सम्मानित



**रांची।** रांची जिला पाल संघ के अध्यक्ष संजय कुमार पाल के नेतृत्व में रविवार को पाल संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने रांची में 12वीं आर्ट्स की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करनेवाली छात्रा अनन्या पाल को सम्मानित कर समाज की तरफ से 11 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि अन्नया पाल लेक रोड में रहने वाले नवीन पाल की सुपुत्री है। अनन्या आर्थिक रूप से कमजोर होकर भी मेहनत कर प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफल रही। ये हमारे समाज के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। पाल संघ के सभी सदस्य इस मेहनती लड़की को सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे हैं। मौके पर कोषाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद, भुवनेश्वर लाल, विजय पाल, शेखर पाल, शैलेश पाल सहित अन्य मौजूद थे।

# बदहाल है बेड़ो का ऐतिहासिक डुकु तालाब

राजू कुमार सिंह

**बेड़ो।** बेड़ो के ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के लिए सरकारें दावा करते है। लेकिन वास्तविकता इससे कोसों दूर है। जहां प्रखंड मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक डुकु तालाब मौजूद समय में अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। पौराणिक व धार्मिक महत्व वाला यह तालाब आज बदहाल हो गया है। आलम यह है कि तालाब का पानी सुख चुका है। वही तालाब के किनारे व आसपास भी गंदगी फैलने से यहां आने वाले लोगों की संख्या लगातार कम हो रही है।

## कागजों में हो गया तालाब का सुंदरीकरण व जीर्णोद्धा

केंद्र सरकार द्वारा शुरू हुई अमृत सरोवर योजना चलाई गई थी। प्रखंड में तलाबों के जीर्णोद्धार में लाखों रुपए खर्च किए गए। लेकिन जीर्णोद्धार का काम सिर्फ कागजों में ही हुआ। तलाबों की सूरत नहीं बदली सकीं।सौंदर्यीकरण की योजना मूर्त रूप नहीं ले सकी है। लाखों की धन राशि खर्च होने के बाद भी धरातल पर बदहाल तालाब योजना का मुंह चिढ़ा रहे हैं। तालाब आज भी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं। जबकि जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए पिछले दो दशक से लाखों रुपए खर्च कर दिए गए किंतु तालाब के दिन नहीं बहुर सके। केवल सीढ़ी बनाकर बोर्ड बदल दिया जाता है। प्लास्टिक व गंदगी से तालाब बदहाल है। तलाब में घाटों का निर्माण एवं घाट में स्नानागार, चेंजिंग रूम तथा यूरिनल जैसे इंतजाम ना होने से यहां की रौनकता सिमटती जा रही है। जिम्मेदारों की उदासीनता की वजह से तालाब धीरे-धीरे अपनी पहचान खोता जा रहा है।


बेड़ो डुकू तालाब की बदहाल स्थिति।

**धार्मिक महत्व वाला तालाब बदहाल।**

लोगो की आस्था जुड़ी इस ऐतिहासिक डुकु तालाब की सुंदरता को ग्रहण लग गया है। तालाब सुंदरीकरण व जीर्णोद्धार की आस में बदहाल हो गया है। जिम्मेदारों द्वारा अमृत सरोवर के तहत बोर्ड लगा कर सुंदरीकरण करने की बात कही गई थी। और तालाब का निरीक्षण कर बदहाली दूर करने का आश्वासन दिया गया था लेकिन अभी तक इस पर कोई पहल नहीं की गई। केवल पुराने सीढ़ी को तोड़कर नया बनाया गया है। वहीं तालाब किनारे कचरे फेंककर तालाब को गंदा कर दिया जाता हैं। जिससे दिनोदिन समस्या विकराल होती जा रही है।

# रातू : जानलेवा हमले में युवक घायल

- सिमलिया का है नौशाद
- रिम्स में चल रहा इलाज


हमले में घायल युवक।

### कैसे घटी घटना

आशिक अंसारी अपराधिक प्रवृति का है। हाल ही में वह जेल से बाहर आया है। नौशाद पैदल ही काठीटांड चौक की ओर आ रहा था। सड़क किनारे ही उसका घर है। जैसे ही नौशाद वहां पहुंचा, वह उस पर रॉड से हमला बोल दिया। इससे उसका हाथ क्षतिग्रस्त हो गया। इतने में आरोपी ने कमर से पिस्टल निकाल बट से उसके सिर पर वार किया। इससे वह बेहोश हो गया। सूचना मिलने पर परिजन आये और उसको सीएचसी पहुंचाया।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के फुटकलटोली निवासी एहसान अंसारी का पुत्र आशिक अंसारी ने रविवार की सुबह 10 बजे सिमलिया के 24 वर्षीय नौशाद आलम पर सरिया से हमला कर दिया। हमले में उसके सिर पर गंभीर चोटें आयी है। जबकि, उसका दाहिना हाथ भी टूट गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया। वहां उसे न्यूरो सर्जरी वार्ड में भर्ती कराया गया है। मामले को लेकर भुक्तभोगी के भाई गुलजार अहमद के बयान पर रातू थाने में आरोपी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। हालांकि, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

# शिल्पी नेहा ने 4 आंगनबाड़ी और एक पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया



खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की द्वारा रविवार को चान्हो प्रखंड में 4 आंगनबाड़ी केंद्र और एक पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया गया। उन्होंने चान्हो प्रखंड के नुन्हू, मसमानो, रकाडीह और ओपा गांव में आंगनबाड़ी केंद्र का वहीं चान्हो के चटवल में अखरा से लेकर सरहुल अम्बा तक पीसीसी सड़क निर्माण की आधारशिला रखी। शिलान्यास के बाद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विकास एक दो दिन या एक दो योजना की प्रक्रिया नहीं, ये निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।

इसमें जन प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मौके पर चान्हो के बीडीओ, सीडीपीओ, के अलावा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष इस्तियाक अंसारी, पीसीसी डेलीगेट दिलीप सिंह, इरशाद खान, समाजसेवी अजित कुमार सिंह, महादेव उरांव, जीवन तिर्की, नरुवा उरांव, चरवा उरांव सहित भारी संख्या में अन्य लोग मौजूद थे।

# बारीडीह व सेमरा गांव में दो दिनी 12 वर्षीय संगी भईयादी महोत्सव का आयोजन संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के सेमरा गांव में रविवार को 12 साल में एक बार होनेवाला दो दिवसीय वार्षिक 12 वर्षीय संगी भईयादी महोत्सव 2025 का आयोजन गया। इस दौरान सेमरा गांव स्थित अखरा स्थल से ग्रामीणों ने ढोल,ढाक, मांदर,नगाड़ा, शहनाई व झण्डा के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकाला। जो परंपरागत नाच गान के साथ सेमरा का संगी गांव बारीडीह के लिए प्रस्थान किया। यह शोभायात्रा सेमरा,केशा मोड़, तेतरटोली व बेड़ो होते हुए बारीडीह पहुंचा। जहां संगी गांव बारीडीह गांव के ग्रामीणों ने ढोल, ढाक, मांदर नगाड़ा व झण्डा के साथ सेमरा गांव के ग्रामीणों का माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद दोनों गांव के संगी भाई परंपरागत नाच गान करते हुए अखरास्थल पर पहुंचे। जहां रात में सामूहिक भोज के बाद एक बैठक हुई। बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि यह महोत्सव 12 साल में एक बार मनाया जाता है। जो जनजातिय क्षेत्र में संगी शब्द की महिमा को अक्षुण्ण बनाए रखने का अनमोल प्रेरणा देता है। यह महोत्सव हमारी परंपरा का विरासत है। जिसे सहेज कर रखना हमारा कर्तव्य है। ग्रामीणों ने कहा कि यह महोत्सव हमें मानव समाज में मानवीय मूल्यों, मानवता, सौहार्द, सहिष्णुता, समरसता, एकता और आपसी भाईचारा को एक सूत्र में बांधकर मानवीय जीवन जीने का पाठ पढ़ाता है। यह समारोह रविवार को संगी गांव बारीडीह से सेमरा गांव के ग्रामीणों की विदाई के बाद समाप्त हो गया। वहीं महोत्सव को सफल बनाने में मुखिया सुशांति भगत, सुशील भगत,सुभाष उरांव, सुका उरांव, जतरु उरांव, बोलको उरांव, सुकरा पहान, गंदुरा उरांव, पुजार रमेश उरांव, दिलीप उरांव, सवनु उरांव, तीर्थदेव महतो, बोले उरांव, चरवा उरांव, सुमित उरांव, अमित उरांव,अजय उरांव, सूरज बड़ाइक, सुमन केरकेट्टा, रूबी उरांव, अनिता केरकेट्टा, बसंती उरांव, सुको उराईन, बुधु उरांव, पंचम उरांव, राजू उरांव,सूरज उरांव, वाणी कुमार राय, धनंजय कुमार राय, सुजीत कुमार राय, फगुवा उरांव, सुका महतो, प्रकाश उरांव, बासुदेव उरांव, मोहन उरांव, भेदो उरांव, ईश्वर गोप,बंधन टाना भगत, वीणा टाना भगत, संतु गोप सैकड़ों पुरुषों व महिलाओं लोगों ने सराहनीय योगदान दिया।


बेड़ो में 12 वर्ष में एकबार होनेवाला संगी भईयादी महोत्सव के दौरान निकली शोभायात्रा में शामिल ग्रामीण।

# निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**मांडर।** प्रखंड के चरकी गांव में रामकृष्ण मिशन आश्रम की ओर से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर मौजूद रामकृष्ण मिशन आश्रम के राजू महाराज और नेत्र चिकित्सक डॉ लवकेश की अगुवाई लगभग 100 मरीजों का नेत्र जांच किया गया और उन्हें चिकित्सीय परामर्श भी दिया गया। इस दौरान 6 मरीजों का चयन मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन के लिए किया गया। इन लोगों को आगामी 11 जून बुधवार को रांची कोकर स्थित आरोग्य अस्पताल में निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर का आयोजन समाजिक कार्यकर्ता एवं शिक्षाविद सूर्य देव के प्रयास से किया गया था।

# परम प्रसाद ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

चान्हो। संत जॉन मेरी बियानी चर्च चान्हो में रविवार को पहला परम प्रसाद ग्रहण करने वाले बच्चों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 58 बच्चों (24 लड़के और 34 लड़कियों) ने अपना पहला परम प्रसाद ग्रहण किया। चान्हो पल्ली के पल्ली पुरोहित फादर अल्बर्ट लकड़ा ने धार्मिक अनुष्ठान के बाद बच्चों को पहला परम प्रसाद ग्रहण कराया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज माता कलीसिया का जन्म दिन है। पवित्र यूखारिस्त हम विश्वासियों का केन्द्र बिंदु है। प्रथम परम प्रसाद लेने वाले बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 58 बच्चों ने येसु ख्रीस्त को अपने जीवन में पहली बार ग्रहण किया हैं, प्रभु हमेशा इन बच्चों को आशीष प्रदान करते रहे और इन्हें जीवन मे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहे। मौके पर फादर अल्बर्ट, फादर अनुज, संत जॉन मेरी बियानी पल्ली के सहायक पल्ली पुरोहित ब्रदर समीर, धर्म बहनें सहित बड़ी संख्या में मसीही विश्वासी मौजूद थे।

# ठाकुरगांव : भाजपा नेता को पित्रशोक

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड पूर्वी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य सह भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज महतो वाजपेयी के पिता अगमलाल महतो का निधन रविवार की सुबह हो गई। मृतक लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जिप सदस्य के पिताजी के आकस्मिक निधन पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी, केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद, प्रदीप वर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, विधायक नवीन जायसवाल, सीपी सिंह, प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, जिप सदस्य रामजीत गंझु,भाजपा के जिला अध्यक्ष विनय कुमार महतो, जैलेन्द्र कुमार, रामकुमार दुबे, उतपल शाहदेव आदि ने गहरा शोक प्रकट किया है।

# प्रखंड के प्रत्येक गांव में मड़िला महतो नियुक्त किया जायेगा : शीतल ओहदार

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** बारुहातू गांव में रविवार को टोटेमिक कुड़मी/कुरमी विकास मोर्चा का सोनाहातू प्रखंड पंचायत प्रतिनिधियों का आवश्यक बैठक करम सिंह महतो के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार और विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय मिडिया प्रभारी सखीचंद महतो, केंद्रीय प्रवक्ता ललित मोहन महतो, केंद्रीय संरक्षक क्षेत्र मोहन महतो मौजूद रहे। बैठक में ओहदार ने कहा कि कुड़मी एसटी के लड़ाई के साथ साथ हमें अपने अधिकार के प्रति सचेत रहना है। होने वाले आगामी जनगणना में जाति के कोलम में कुड़मी और भाषा में कुड़माली ही लिखना है। उन्होंने कहा कि सोनाहातू प्रखंड के प्रत्येक गांव में मड़िला महतो का अतिशिघ्र चयन किया जाएगा। मड़िला महतो कुड़मी घर के सभी समाजिक गतिविधियों का संचालन पारंपरिक विधि से संपन्न कराएगा। बैठक में पंचायत के प्रतिनिधि शामिल हुए जिसमें सदानंद महतो, उमेश चंद्र महतो, पद्मलोचन महतो ,हराधन महतो, सुभाष चंद्र महतो, नरेंद्र नाथ महतो, बुद्धदेव महतो, मोतीलाल महतो, शांत प्रसाद महतो, जगदीश कुमार महतो, भवतारण महतो, विभूति भूषण महतो, विशेश्वर महतो, धीरेन महतो, करम सिंह महतो, अनिल कुमार महतो आदि मुख्य रूप से शामिल रहे। इस बैठक में प्रखंड के 14 पंचायत में से 12 पंचायत के प्रभारी नियुक्त किये गये।



# रेलवे ओवरहेड लाइन से तांबा तार चोरी के तीन आरोपी को भेजा जेल





खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के केडीएच रेलवे साइडिंग में ओवरहेड लाइन से चोरी की गई तांबा तार मामले का खुलासा खलारी पुलिस ने किया। खलारी थाना में कांड संख्या 30/25, 12 मई को दर्ज मामला का अनुसंधान पुलिस अवर निरीक्षक रवि कुमार सोनी के अनुसंधान के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर 07 जून को तीन चोरों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में शामिल ईबरार अंसारी, उम्र लगभग 27 वर्ष, पिता कुर्बान अंसारी ग्राम पंडरी, थाना चान्हो, जिला रांची, छोटू ठाकुर उर्फ जरल, उम्र लगभग 19 वर्ष, पिता गोरी ठाकुर, साकिन कोइलरा, थाना पिपरवार, जिला चतरा एवं सचिन उरांव, उम्र लगभग 18 वर्ष, पिता विता उरांव, लुकेया, थाना पिपरवार, जिला चतरा आदि के नाम शामिल हैं । गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई रेलवे की ओवरहेड लाइन की लगभग 80 किलो तांबा तार बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपियों को रांची जेल भेज दिया गया है। इधर खलारी पुलिस क्षेत्र में तांबा तार चोरी की घटनाओं में रोक लगाने मे सफलता मिली है वही मामले से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। छापामारी अभियान में शामिल खलारी पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो, पुअनि कपिलदेव यादव, पुअनि रवि कुमार सोनी, पुअनि मुकेश कुमार शामिल थे।

# बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबन्ध समिति की बैठक में श्रावणी मेले को लेकर विचार विमर्श

**खूंटी।** बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबन्ध समिति की कार्यकारिणी समिति की रविवार को धाम परिसर में हुई बैठक में आसन्न श्रावणी मेले की व्यवस्था और भक्तों को सुविधा मुहैया कराने के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बैठक में मेला और पूजा व्यवस्था, साज सज्जा, लाइट, टेंट, साफ–सफाई सहित कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव ने बताया कि दो माह बाद श्रावण माह आनेवाला है। श्रावण माह में बाबा आम्रेश्वर धाम में बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक और पूजा–अर्चना के लिए लाखों कांवरियों की भीड़ उमड़ती है। न सिर्फ झारखंड, बल्कि ओड़िशा, बंगाल, बिहार, के भक्त यहां पूजा–अर्चना करने आते हैं। अध्यक्ष ने कहा कि इस बार भी भक्तों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई लाएगी। बैठक में श्रृंगार पूजा, रुद्राभिषेक, लाइटिंग व्यवस्था, फल सज्जा व सजावट, अखंड कीर्तन, स्नानागार, आदि की व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई। महामंत्री मनोज कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश मांझी, उपाध्यक्ष महेंद्र कश्यप, संतोष पोद्दार, श्रीपालचंद जैन, जगदीश नाग, हरिपदो महतो, मिथिलेश ठाकुर, जगदीश नाग, उपेंद्र कश्यप, प्रेमचंद महतो, दुर्गा महतो,, केसरी कश्यप, कैलाश भगत सहित अन्य उपस्थित थे।

# मोदी के 11 साल देश का अमृत काल है : कोचे मुंडा

**खूंटी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 से 2025 तक के 11 साल का शासन काल देश का अमृत काल है। उन्होंने कहा विश्व के बड़े राजनीतिक दल होने के नाते भाजपा की जिम्मेदारी भी बड़ी है। हमने संकल्प लिया है कि भारत को समृद्ध बनाने का। पूर्व विधायक रविवार को भाजपा के जिला कार्यालय में संकल्प से सिद्धी तक विषय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कोचे मुंडा ने कहा कि नरेंद्र मोदी के बल और कुटनीतिज्ञ से आज भारत जापान को पछाड़ कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। मोदी सरकार ने 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया। गरीबों को इससे आगे बढ़ने में मदद मिली। महिलाओं के सम्मान में गैस दिया, शौचालय दिया, किसानों को सम्मान राशि दी, सेना को हथियार दिये और कहा कि गोली का हिसाब नहीं लिया जाएगा।

# प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे।** प्रखंड के लोवाहातू गांव के समार्ट स्टडी पॉइंट कोचिंग संस्था में मैट्रिक उत्तीर्ण पंचायत के टॉप दस छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व शिक्षक कैलाश महतो, हरेकृष्ण महतो, छात्र नेता राजू महतो, गोविंद सिंह मुंडा, लविन महतो, सुधीर कुमार, शेख नेशार, संस्था के निदेशक परमेश्वर महतो ने संस्था के उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र तिलोतमा कुमारी, मौसमी दत्ता, सरस्वती कुमारी, कुसुमकाली कुमारी, परमेश्वर मुंडा, मोहम्मद जावेद आजाद, सरिता कुमारी, ममता कुमारी, बिनीता कुमारी, सेख नवाज, शंकर कजी, सुमित महतो, दशमी कुमारी समेत कोई छात्र को मोमेंटो, मेडल और प्रमाण पत्र देकर देकर सम्मानित किया ।

# प्रेमिका ने यौन शोषण का लगाया आरोप प्रेमी ने की शादी

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना में प्रेमिका ने अपने प्रेमी के खिलाफ सिकिदिरी थाना में शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप लगाने के बाद प्रेमी ने रविवार को सिकिदिरी मंदिर में प्रेमिका से शादी कर ली। सिकिदिरी थाना क्षेत्र के मंशाबेड़ा की युवती सरिता कुमारी का सिल्ली थाना क्षेत्र के मिसिरहोटा हलमाद के युवक जयवीर बेदिया से विगत दो वर्ष से प्रेम-प्रसंग चल रहा था।

इस दौरान युवक जयवीर ने प्रेमिका सरिता से शादी करने से इनकार कर दिया। इसके बाद युवती ने विगत शुक्रवार को सिकिदिरी थाना में प्रेमी जयवीर के खिलाफ शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया था। पुलिस ने जब प्रेमी जयवीर को पूछताछ के लिए बुलाया तो जयवीर शादी करने के लिए तैयार ही गया। इसके बाद प्रेमिका ने पुलिस से आवेदन पर कार्रवाई नहीं करने का आग्रह किया। दोनों पक्षो के सहमति के बाद रविवार को सिकिदिरी स्थित शिव मंदिर में परिजनों और गांव के गन्यमान लोगों की उपस्थिति में प्रेमी युगल की शादी करा दी गई।

# ओरमांझी में मंडा पूजा व छउनृत्य का आयोजन

## दहकते अंगारे में ऐसे चले भोक्ता व सोकताइन जैसे कदमों के नीचे फुल हो

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** श्रीश्री मंडा पूजा समिति उलातू ओरमांझी द्वारा शिव मंडा पूजा, छउनृत्य व झुलन का आयोजन किया गया। शनिवार रात्रि में आयोजित फुलखुंदी, छउनृत्य व रविवार सुबह झुलन देखने को ओरमांझी आसपास से काफी संख्या में लोग पहुंचे थें। फुलखुंदी कार्यक्रम में भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था, भक्ति व भक्तों के प्रति शिव की शक्ति प्रदर्शित करते भोगता व सोकताइन ने दहकते अंगारे में ऐसे चल रहे थें, जैसे कदमों की निचे फुल बिछे हों, बाद में आकर्शक छउनृत्य का प्रदर्शन किया गया। छउनृत्य के माध्यम से कलाकारों द्वारा भगवान शिव-पार्वती विवाह, व अपने सुंदर नृत्य से धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा, भगवान श्रीकृष्ण व परशुराम आवतार आदि का प्रदर्शन किया किया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने मंडा पूजा व छउनृत्य कार्यक्रम को झारखंड की सस्कृति धरोहर बताया। कहा झारखंड के अलावे पश्चिम बंगाल, बिहार, उड़िसा सहित चार राज्यों में मंडा पूजा प्रमुखता के साथ किया जाता है। मंडा पूजा के दौरान भोगताओं में होने वाले शिव की विशेष कृपा व शक्ति पर सोकताईनों द्वारा की जाने वाली विधिवत पूजा व आराधना को भी महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, ललिता देवी, रामकुमार महतो सहित कई लोगों ने संबोधन किया, और राज्य में मंडा पूजा पर लोगों का आस्था व विश्वास बताया। कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के संरक्षक अमरनाथ चौधरी ने किया। मौके पर ग्रामप्रधान मनोज मुंडा, वार्ड सदस्य गुड़िया देवी, सत्यनाराण तिवारी, अजित महतो, दिलीप मेहता, समिति के मुख्य संरक्षक सोनाराम मुंडा, अध्यक्ष अजय मुंडा, सचिव महेंद्र मुंडा, कोषाध्यक्ष शुभम यादव, छेदी महतो, दिलेश्वर मुंडा, रामू पाहन, प्रकाश महतो, सुलेंद्र मुंडा, जगतु उरांव, कामेश्वर महतो, गणेश महतो सहित कॉफी संख्या में लोग उपस्थित थें।


शिव की भक्ति में दहकते अंगारे में चलती सोकताईन।

### लालबहादुर शास्त्री रात्रि क्रिकेट प्रतियोगिता, दूसरा दिन

# एलबीएस ओरमांझी की शानदार जीत, मैन ऑफ-द मैच राहुल की घातक गेंदबाजी

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** एसएस हाई स्कूल मैदान ओरमांझी में खेले जा रहे लालबहादुर शास्त्री क्लब ओरमांझी द्वारा आयोजित रात्रि क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन का मैच चिल्दाग एकादस व एलबीएस ओरमांझी के बीच खेला गया। टॉस जीत कर बल्लेबाजी करते हुए चिल्दाग एकादस की टीम ने निर्धारित ओवर में पांच विकेट पर मात्र 82 रन की बना सकी। वहीं एलबीएस ओरमांझी की टीम ने तीन विकेट पर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। जिसमें अमित ने तीन छक्के व दो चैके की मदद से 26 रन व राहुल दो गेंद में दो छक्के 12 रन का योदान दिया। वहीं राहुल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दो ओवर में चार विकेट भी लिया। उसके इसे शानदार प्रदर्शन के लिए सेवानिवृत शिक्षक महेंद्र सिंह द्वारा मैन ऑफ-दी मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इससे पूर्व मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामकुमार पाहन द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। मौके पर आयोजन समिति के श्वेतांक प्रकाश, अभिमन्यू सिंह पप्पु, रोहित महतो, शाषि राज, मनिश कुमार, सौरभ कुमार साहू, दिगंबर महतो, विक्की कुमार, ललित कुमार, कृष कमार, बबलू तिर्की व संजय तिर्की सहित कई लोग उपस्थित थें।


मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार देते अतिति।

# घटती गरीबी?

विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में चरम गरीबी तेजी से घटी है। 2011-12 में जहां देश की 27.1% आबादी चरम गरीबी में थी, वहीं 2022-23 में यह आंकड़ा घटकर सिर्फ 5.3% रह गया है। यानी पिछले 11 वर्षों में बड़ी संख्या में लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। इस दौरान, चरम गरीबी में जीने वालों की संख्या 344.47 मिलियन से घटकर 75.24 मिलियन रह गई। यह आंकड़े 2021 के पर्चेजिंग पावर पैरिटी के अनुसार तय की गई 3 डॉलर प्रतिदिन की गरीबी रेखा पर आधारित हैं। 2011-12 में भारत की कुल चरम गरीब आबादी का 65% हिस्सा सिर्फ पांच राज्यों–उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश–में था। यही पांच राज्य 2022-23 तक गरीबी में आई कुल गिरावट में दो-तिहाई योगदान के लिए ज़िम्मेदार रहे। विश्व बैंक के मुताबिक, भारत में ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी की दर 2011 से 2022 के बीच 18.4% से घटकर 2.8% रह गई है। वहीं, शहरी इलाकों में यह दर 10.7% से घटकर 1.1% पर आ गई। अत्यधिक गरीबी में जीवन गुजारने वाले लोगों की संख्या 2011 में 20.59 करोड़ थी, जो 2022 में घटकर 3.36 करोड़ रह गई। साल 2005-06 में यह 53.8% थी, जो 2019-21 में घटकर 16.4% हो गई। 2022-23 में इसमें और सुधार हुआ और आंकड़ा 15.5% पर पहुंच गया। गरीबी कम करने के लिए सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं, जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जनधन योजना और आयुष्मान भारत। ये योजनाएं घर, रसोई गैस, बैंकिंग सेवाएं और स्वास्थ्य सुविधाएं जैसे जरूरी क्षेत्रों को कवर करती हैं। इसके अलावा, डीबीटी , डिजिटल सेवाओं का विस्तार और गांवों में बुनियादी ढांचे का विकास भी सरकार की उन कोशिशों में शामिल हैं, जिनसे मदद जरूरतमंदों तक सीधा पहुंच रही है।




**मेष :** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थो की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष दूरदर्शिता से प्रेरित, ऊर्जा से संचालित

**भारत** कुछ दिन पहले ही जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। वर्ष 2014 से, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत की जीडीपी 2025 में दोगुनी से अधिक बढ़कर 4.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो चुकी है। यह सुधारों, उदारपूर्ण नीति और आत्मनिर्भरता की निरंतर खोज पर केंद्रित एक दशक लंबी रणनीति का परिणाम है।

भारत न केवल दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि एक रणनीतिक शक्ति भी बन चुका है। इस वृद्धि का अभिन्न अंग ऊर्जा क्षेत्र, मोदी 3.0 के पहले वर्ष के दौरान एक संरचनात्मक परिवर्तन से गुजरा है, जो पिछले दस वर्षों के आधारभूत परिवर्तन पर आधारित है।

इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि पिछली तिमाही में भारत की 6.7 प्रतिशत की विकास दर ने इसे एक ऐसे तेजी से बढ़ते ग्राफ पर ला दिया है, जिसे आने वाले वर्षों में कोई भी अन्य देश हासिल करने की उम्मीद नहीं कर सकता।

भारत अब वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा और तेल उपभोक्ता, चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर और चौथा सबसे बड़ा एलएनजी आयातक है। वर्ष 2047 तक ऊर्जा की मांग में ढाई गुना वृद्धि होने की आशा है और भारत से की जाने वाली वैश्विक मांग में 25 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। इसलिए रोडमैप स्पष्ट है: ऊर्जा सुरक्षा ही विकास सुरक्षा है। तेल और गैस उत्पादन क्षेत्र की प्रारंभिक प्रक्रिया में, भारत का अन्वेषण क्षेत्र वर्ष 2021 में 8 प्रतिशत से दोगुना होकर वर्ष 2025 में 16 प्रतिशत हो गया है। वर्ष 2030 तक 1 मिलियन वर्ग किमी को कवर करने के लक्ष्य के साथ, सरकार का लक्ष्य 42 बिलियन टन तेल और तेल- समतुल्य गैस का अन्?वेषण करना है। यह विस्तार ऐतिहासिक सुधारों जैसे कि 'नो-गो' क्षेत्रों में 99 प्रतिशत की कमी, ओएएलपी राउंड के माध्यम से सुव्यवस्थित लाइसेंसिंग और नए गैस कुओं के लिए आकर्षक मूल्य निर्धारण प्रोत्साहन द्वारा सक्षम किया गया है।

संशोधित गैस मूल्य निर्धारण ०?यवस्?था के अनुरूप भारतीय क्रूड बास्केट से 10 प्रतिशत से कीमतों को जोड़ने और नए कुओं के लिए 20 प्रतिशत प्रीमियम की पेशकश करने जैसी पहलों ने शहर के गैस नेटवर्क और औद्योगिक उपयोग के लिए गैस की उपलब्धता को बढ़ाया है।

लागत कम करने और मुद्रीकरण में तेजी लाने के लिए, नए राजस्व-साझाकरण




अनुबंध ईएंडपी उद्यमियों के बीच साझा बुनियादी अवसंरचना की अनुमति देते हैं। तकनीकी और भू-भौतिकीय प्रयासों ने नीति सुधारों को पूरक बनाया है। राष्ट्रीय भूकंपीय कार्यक्रम, मिशन अन्वेषण, एजीजी सर्वेक्षण और महाद्वीपीय शेल्फ मैपिंग ने विशेष रूप से अंडमान, महानदी और कावेरी जैसे सीमांत बेसिनों में डेटा और अन्वेषण


- हरदीप एस पुरी

> वैश्विक बड़ी कंपनियों के साथ सहयोग लाभकारी सिद्ध हो रहा है। बीपी के साथ ओएनजीसी की साझेदारी से मुंबई हाई से तेल के लिए 44 प्रतिशत और गैस के लिए 89 प्रतिशत उत्पादन बढ़ने का अनुमान है। ह्यूस्टन विश्वविद्यालय में एक डेटा सेंटर अब अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के लिए भारत के अन्वेषण डेटासेट तक पहुंच की सुविधा प्रदान करता है।

आत्मविश्वास को बढ़ाया है।

ओएनजीसी और ऑयल इंडिया ने पिछले चार वर्षों में मुंबई अपतटीय, कैम्बे, महानदी और असम बेसिन में 25 से अधिक हाइड्रोकार्बन की खोज की हैं। इनमें से उल्लेखनीय हैं पश्चिमी तट के अपतटीय क्षेत्र में सूर्यमणि और वज्रमणि कुएं और पूर्वी तट के गहरे पानी में उत्कल और कोणार्क क्षेत्र। इन खोजों से भारत के भंडार में 75 एमएमटीओई और 2,700 एमएमएससीएम गैस की वृद्धि हुई है।

वैश्विक बड़ी कंपनियों के साथ सहयोग लाभकारी सिद्ध हो रहा है। बीपी के साथ ओएनजीसी की साझेदारी से मुंबई हाई से तेल के लिए 44 प्रतिशत और गैस के लिए 89 प्रतिशत उत्पादन बढ़ने का अनुमान है। ह्यूस्टन विश्वविद्यालय में एक डेटा सेंटर अब अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के लिए भारत के अन्वेषण डेटासेट तक पहुंच की सुविधा प्रदान करता है।

डाउनस्ट्रीम बुनियादी ढांचे में समानांतर विस्तार हुआ है। भारत अब 24,000 किलोमीटर उत्पाद पाइपलाइनों, लगभग 96,000 खुदरा दुकानों का संचालन करता है और इसने अपने रणनीतिक भंडार और एलपीजी भंडारण को काफी मजबूत किया है। 67 मिलियन से अधिक लोग प्रतिदिन पेट्रोल पंपों पर जाते हैं और यह भारत के ईंधन आपूर्ति इको-सिस्?टम की ०?यापकता और दक्षता का प्रमाण है।

भारत का शहरी गैस नेटवर्क वर्ष 2014 में 55 भौगोलिक क्षेत्रों से बढ़कर वर्ष 2025 में 307 हो गया है, जिसमें पीएनजी कनेक्शन 25 लाख से बढ़कर 1.5 करोड़ हो गए हैं और 7,500 से अधिक सीएनजी स्टेशन चालू हैं। एकीकृत पाइपलाइन शुल्क और शहरी गैस विस्तार ने दूरदराज के राज्यों में भी सस्ती पहुंच सुनिश्चित की है। जैव ईंधन भारत की हरित रणनीति का आधार बन चुका है। पेट्रोल में इथेनॉल का मिश्रण 2013 के 1.5 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 19.7 प्रतिशत हो गया है। मिश्रण की मात्रा 38 करोड़ लीटर से बढ़कर 484 करोड़ लीटर हो गई है। इससे 1.26 लाख करोड़ विदेशी मुद्रा की बचत हुई, 643 लाख मीट्रिक टन उत्सर्जन कम हुआ और डिस्टिलर्स को 1.79 लाख करोड़ रुपए और किसानों को 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान हुआ।

फीडस्टॉक विविधीकरण- गुड़ से लेकर मक्का की मदद से मजबूत इथेनॉल इको-सिस्?टम तैयार किया गया है। समानांतर रूप से, एसएटीएटी पहल ने 100 से अधिक संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) संयंत्रों को चालू किया है और वर्ष 2028 तक 5 प्रतिशत सीबीजी मिश्रण अधिदेश का लक्ष्य रखा है। बायोमास खरीद और सीबीजी-पाइपलाइन कनेक्टिविटी के लिए केंद्रीय समर्थन सर्कुलर ऊर्जा अपनाने में तेजी ला रहा है। 8.62 लाख टन उत्पादन और 3,000 मेगावाट इलेक्ट्रोलाइजर टेंडर के साथ ग्रीन हाइड्रोजन को ०?यापक पर बढ़ावा दिया गया है।

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कम्पनियां आगे बढ़कर नेतृत्व कर रही हैं और आईओसीएल ने हाल ही में लार्सन एंड टुब्रो को अपनी पानीपत रिफाइनरी के लिए एक ऐतिहासिक 10 केटीपीए ग्रीन हाइड्रोजन टेंडर दिया है। बीपीसीएल, एचपीसीएल और गेल भी बड़े पैमाने पर हाइड्रोजन परियोजनाओं के साथ आगे बढ़ रहे हैं, जबकि असम में एनआरएल की ग्रीन हाइड्रोजन इकाई पूर्वोत्तर में प्रथम बनने की ओर अग्रसर है। भारत का प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क अब 25,000 किमी से अधिक विस्?तारित हो चुका है और वर्ष 2030 तक इसके 33,000 किमी तक पहुंचने का लक्ष्य है। रणनीतिक मूल्य निर्धारण सुधार और परिवहन एवं घरेलू क्षेत्रों के लिए 'नो कट' श्रेणी में गैस को शामिल करने से आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित हो रही है। गैस उत्पादन वर्ष वर्ष 2020-21 में 28.7 बीसीएम से लगातार बढ़कर वर्ष 2023-24 में 36.4 बीसीएम हो गया है और इसमें और वृद्धि का अनुमान है। किसी अन्य देश ने अपने 'सिस्टम' में भारत जितना बड़ा बदलाव नहीं किया है, जैसा कि तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन अधिनियम 2024 से पता चलता है, जिसने हाइब्रिड पट्टों को सक्षम किया है और इससे हाइड्रोकार्बन के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा की अनुमति मिलती है। डीएसएफ क्षेत्र अब न्यूनतम अनुपालन बोझ के साथ सरलीकृत अनुबंधों के अंतर्गत कार्य करते हैं। पीएम गति शक्ति के माध्यम से पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 1 लाख से अधिक संपत्तियों और पाइपलाइनों का डिजिटल रूप से मानचित्रण किया है।

(केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री भारत सरकार)

## लेटर टू एडिटर

### जिम्मेदारी निभाएं कश्मीरी

पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया गया, जो मानवता पर कलंक है। पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के लिए पाकिस्तान को माफ नहीं किया जा सकता। आतंकियों के घाटी में छिपने से यह स्पष्ट है कि उन्हें स्थानीय मदद मिल रही है। सभी नागरिकों, विशेषकर स्थानीय कश्मीरियों को चाहिए कि वे देशभक्ति दिखाते हुए आतंकवाद का विरोध करें।

**-अंकित सोनी, रांची**

### देश की एकता के लिए

हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकार किया गया था, लेकिन कुछ दक्षिणी राज्यों ने इसे ह्यसाम्राज्यवादी भाषाह्न मानकर विरोध किया। हिंदी, अंग्रेजी और स्थानीय भाषाओं का त्रिभाषी फामूर्ला सभी राज्यों को स्वीकार करना चाहिए ताकि देश की एकता बनी रहे।

**-अनिल , जमशेदपुर**

### पाक की साजिश


पाक आतंकियों द्वारा पहलगाम में 26 पर्यटकों की हत्या देश में सांप्रदायिक तनाव भड़काने की साजिश थी। लेकिन देशवासियों ने एकजुटता और संयम दिखाकर इस नापाक मंसूबे को नाकाम किया।

**- रमेश सिंह, गढ़वा**

## ट्वीट

देश की हर माता, बहन और बेटी को समर्पित है ऑपरेशन सिंदूर,माथे पे चढ़ा बस रंग नहीं, है स्वाभिमान भरपूर...जीना-मरना यही आन-बान, है स्वाभिमान भरपूर,मां भवानी को होता अर्पित सिंदूर...वीर हनुमान बजरंग समर्पित सिंदूर !ऑपरेशन सिंदूर पर कैलाश खेर जी का ये खास गीत। **-अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री सह सांसद कोडरमा**

# जेपीएससी इंटरव्यू के लिये महत्वपूर्ण सवाल



**रानी राज**

10 जून से झारखंड लोक सेवा आयोग का साक्षात्कार आंरभ हो रह है। यह साक्षात्कार प्रतिभागियों के व्यक्तित्व की जांच और उनके झारखंड के संस्कृति, भाषा और रूचि की परीक्षा है। इंटरव्यू एक कला है जिसमें आपका आत्मविश्वास संतुलित हो, जानकारी पुख्ता हो और दिमाग सवाल और उसके पीछे के उदेश्यों को जानने समझने की क्षमता रखता हो।

हम इन सवालों के माध्यम से मॉक इटरव्यू करके अपनी सफलता सुनिश्चित कर सकते हैं। मॉक इंटरव्यू से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। मैंने बिहार लोक सेवा आयोग में सफलता अर्जित की जबकि मैं झारखंड के लातेहार की रहने वाली हूं। सभी प्रतिभागियों को मेरी और मेरे संस्था धुमकुड़िया की ओर से हार्दिक शुभकामना और बधाई सहित में कुछ सवालों की श्रंखला दे रही हूं जो प्रतिभागियों के लिये उपयोगी साबित होंगे। इंटरव्यू लगभग इसी पैटर्न पर लिये जाते हैं।

1. हमें अपने बारे में बताइए।
2. आप झारखंड सिविल सेवा में क्यों शामिल होना चाहते हैं?
3. झारखंड में सिविल सेवक बनने के लिए आपको क्या प्रेरित करता है?
4. आपकी ताकतें और कमजोरियां क्या हैं?
6. 15 नवम्बर 2000 को झारखंड के गठन का क्या महत्व है?
7. झारखंड का सांस्कृतिक महत्व बताइए।
8. झारखंड के सामने प्रमुख आर्थिक चुनौतियाँ क्या हैं?
9. झारखंड में हाल ही में लागू हुई किसी सरकारी योजना का वर्णन करें जिसने आपको प्रभावित किया हो।
10. झारखंड में सारंडा वन का महत्व क्या हैं?
11. झारखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं?
12. झारखंड में सोहराय और खोवर(कोहबर) कला क्या हैं?
13. राष्ट्रीय नीति में झारखंड का महत्व क्या हैं?
16. झारखंड के लिए जलवायु परिवर्तन के क्या निहितार्थ हैं?
17. झारखंड के विकास में नीति आयोग की क्या भूमिका है?
18. डिजिटलीकरण से झारखंड में शासन व्यवस्था कैसे बेहतर हो सकती है?
19. झारखंड में आरक्षण नीति पर आपकी क्या राय है?
21. एक सर्किल अफसर के रूप में आप आदिवासी भूमि विवाद को कैसे संभालेंगे?
22. आप अपने विभाग में भ्रष्टाचार से कैसे निपटेंगे?
23. यदि आपका वरिष्ठ कोई अनैतिक आदेश दे तो आप क्या करेंगे?
24. डिप्टी कलेक्टर के रूप में अपने प्रखंड में आपदा प्रबंधन में आपकी प्राथमिकता क्या होगी ?
25. यदि कोई समुदाय किसी सरकारी परियोजना के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन करे तो आप क्या करेंगे?
26. झारखंड अपनी शिक्षा प्रणाली को कैसे सुधार सकता है?
27. झारखंड में बेरोजगारी कम करने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं?
28. आप झारखंड में टिकाऊ खनन को कैसे बढ़ावा देंगे?
29. ग्रामीण विकास में डिप्टी कलेक्टर की क्या भूमिका है?
30. झारखंड नक्सलवाद से प्रभावी ढंग से कैसे निपट सकता है?

(वित्त अधिकारी बिहार सरकार)

## सामयिक





**हिमालय स्थित केदारनाथ धाम का पट खोल दिया गया है। 50 लाख से अधिक श्रद्धालु इस बार केदारनाथ सहित बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री की यात्रा के लिये निबंधन करा चुके हैं।** तस्वीरः अजय सानी

# छोड़ देना भी एक कला है

## मोटिवेशन



**अदिति विवेक भसीन**

ज़िंदगी में हम बहुत कुछ पकड़कर चलते हैं – रिश्ते, उम्मीदें, बीते लम्हे, और कभी-कभी खुद को भी। हम सोचते हैं कि जो छोड़ देंगे, वह खो जाएगा। लेकिन सच्चाई यह है कि बहुत कुछ ऐसा होता है, जो पकड़ने से ज्यादा छोड़ देने में खिलता है। यही ह्यकला है छोड़ने कीह्न – जो केवल समझ से नहीं, आत्मा के अनुभव से आती है।

एक मनोवैज्ञानिक के रूप में, मैंने दूसरों की कहानियाँ सुनी हैं – दर्द, बिछड़ाव, दोष, और अनकहे डर। लेकिन एक साधक के रूप में मैंने अपनी आत्मा की आवाज सुनी है। जब मैं खुद दर्द में थी, कैंसर के इलाज से गुजर रही थी, रिश्तों के बिखराव से टूटी हुई थी – तब मुझे एहसास हुआ कि असली मुक्ति तब मिलती है, जब हम खुद को पकड़ना बंद करते हैं।



हम अक्सर किसी और को दोष देते हैं – ह्यउसने ऐसा कियाह्न, ह्यवो चला गयाह्न, ह्यउन्होंने समझा नहींह्न। लेकिन क्या कभी खुद से पूछा है कि हमने खुद को कितना थामा? कितनी बार खुद की सच्चाई को दबाया, सिर्फ इसलिए कि हम किसी को खोना नहीं चाहते थे?

इसी आत्मिक यात्रा का नाम है – एक एहसास, कि जब हम अपनी संवेदनशीलता को कमजोरी नहीं, अपनी शक्ति मानते हैं, तब जीवन बदलने लगता है। मेरा हर शब्द एक ऐसी आत्मा को समर्पित है जो ह्यसब ठीक हैह्न की मुस्कान में भी टूटी होती है।

हम सबके भीतर एक अंतर नाद है – एक ऐसी आंतरिक आवाज, जो शांति में बोलती है। जब हम उसे सुनने लगते हैं, तब समझ आता है कि कोई भी रिश्ते का अंत, आत्मा का अंत नहीं होता। और क्षमा सिर्फ दूसरों को नहीं, खुद को भी देनी होती है – हर उस समय के लिए जब हमने खुद को कमतर समझा।

छोड़ना मतलब भूलना नहीं होता। यह अपने ही भीतर एक दीपक जलाना होता है, जो कहता है – अब बस, और नहीं। अब मैं खुद के साथ हूं।

आज जब मैं लोगों को हीलिंग करती हूं, तो सबसे पहले यही कहती हूं – तुम्हारा दर्द तुम्हारा पतन नहीं, तुम्हारी पुनर्जन्म की भूमि है।₹ जब हम उस दर्द को स्वीकार करते हैं, तो वह हमें तोड़ता नहीं – वह हमें पिघलाकर फिर से गढ़ता है।

इसलिए, अगली बार जब कोई रिश्ता, कोई स्वप्न या कोई उम्मीद साथ छोड़ दे – तो बस एक गहरी साँस लीजिए, और कहिएः

मैं तुम्हें प्रेम से जाने देता हूँ – ताकि मैं खुद को फिर से पा सकूँ। **मनोविज्ञानी व हीलर**

## कार्टून वर्ल्ड



# गैर-तकनीकी पदों पर विस्थापितों और स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दे एनटीपीसी : जायसवाल

**सांसद ने स्कूल, लाइब्रेरी और युवाओं के लिए ट्रेनिंग सेंटर खोलने पर भी दिया जोर**



खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सांसद मनीष जायसवाल ने एनटीपीसी के पकरी बरवाडीह, चट्टी बरियातू और केरेडारी कोल माइंस सहित विभिन्न परियोजनाओं को लेकर जुलु पार्क स्थित गेस्ट हाउस में एनटीपीसी अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

सांसद ने कहा कि गैर-तकनीकी पदों पर कार्यरत बाहरी लोगों के स्थान पर विस्थापितों व स्थानीय लोगों को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिया जाए। पकरी-बरवाडीह नॉर्थ वेस्ट माइंस के प्रत्येक विस्थापित परिवार को नौकरी देने की भी मांग की गई। इसके साथ ही बड़कागांव चौक पर लगातार लगने वाले जाम से निजात दिलाने हेतु सीकरी से होराम तक बाईपास रोड निर्माण की मांग उठाई गई। सांसद ने एनटीपीसी से यह भी कहा कि किसी भी विस्थापित का मकान जबरन खाली न कराया जाए, बल्कि आपसी सहमति और बातचीत से कार्य किया जाए। उन्होंने सीएसआर फंड के बेहतर उपयोग की बात कहते हुए अस्पताल, स्कूल, लाइब्रेरी और युवाओं के लिए ट्रेनिंग सेंटर खोलने पर जोर दिया।

सांसद ने कोल हैंडलिंग प्लांट और रैपिड लोडिंग सिस्टम से प्रभावित पंचायतों के 800 लोगों के रोजगार को सुरक्षित रखने और अधिक युवाओं को जोड़ने की मांग की। साथ ही बड़कागांव में बंद पड़ी गारमेंट यूनिट को पुनः शुरू करने की अपील भी की गई। बैठक में एनटीपीसी के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज़

### पेड़ से गिरने से श्रमिक की मौत परिजन को कंपनी देगी 7 लाख



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीवीयूएनएल पतरातु परिसर स्थित बिरसा मुंडा आवासीय क्षेत्र में कार्यरत यूनिक ट्रेडिंग कंपनी के श्रमिक प्रभु कुमार महतो का एक दर्दनाक हादसे में निधन हो गया। यह घटना 7 जून की सुबह लगभग 6 बजे के आसपास घटी, जब प्रभु महतो रशियन हॉस्टल परिसर स्थित एक जामुन के पेड़ से फल तोड़ते समय असंतुलित होकर नीचे गिर पड़े। घटना के बाद उन्हें गंभीर अवस्था में प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया, जहां से ब्लॉक हॉस्पिटल रेफर किया गया। दुर्भाग्यवश, रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। श्री महतो यूनिक ट्रेडिंग कंपनी के माध्यम से डीजी सेट की देखरेख का कार्य कर रहे थे। घटना के बाद पीवीयूएनएल प्रबंधन, बड़कागांव विधायक, स्थानीय जन प्रतिनिधियों, मृतक के परिजनों और एजेंसी प्रतिनिधियों के बीच बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मृतक की पत्नी को श्रम कानूनों के तहत पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएफ, ईपीएस-95, ईएसआई, ईडीएलआई आदि का लाभ दिलाया जाएगा। इसके अलावा, मृतक के पुत्र को 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर यूनिक ट्रेडिंग कंपनी में संविदा के आधार पर मेंटेनेंस कार्य में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। कंपनी द्वारा मानवता के आधार पर मृतक परिवार को 7 लाख रूपया की आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। पीवीयूएनएल प्रबंधन ने इस दुखद घड़ी में शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है और कहा कि वह हर संभव सहयोग के लिए उनके साथ खड़ा है।

### भुरकुंडा के विक्रम बने अग्निवीर



भुरकुंडा (रामगढ़)। कोयलांचल क्षेत्र अंतर्गत भुरकुंडा नीचे धौड़ा निवासी विक्रम कुमार ने अग्निवीर में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। साढ़े सात महीने की कठिन ट्रेनिंग पूरी कर जब विक्रम अपने घर भुरकुंडा नीचे धौड़ा लौटे, तो परिजनों सहित ग्रामीणों ने उनका बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। मुखिया अजय पासवान ने उन्हें बुके और शॉल देकर सम्मानित किया और कहा कि विक्रम जैसे युवा पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। विक्रम के पिता शिवचरण राम और माता बसंती देवी दिहाड़ी मजदूरी कर अपने बेटे को इस मुकाम तक पहुंचाया। विक्रम की सफलता ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और समर्पण से कोई भी लक्ष्य दूर नहीं। गांव लौटने पर लोगों ने कहा कि विक्रम का अनुशासन, समर्पण और देशसेवा का जजबा हर युवा के लिए मिसाल है। अग्निवीर में चयन के लिए विक्रम कुमार को शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई।

### सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच ने इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीबों के बीच भोजन का वितरण किया। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह और सदस्यों ने सैंकड़ों गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरूष और बच्चों के बीच पुरी-सब्जी का वितरण किया। डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा ही मंच उद्देश्य

# हजारीबाग में अब भी परोसा जा रहा 'जहर'

- विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर अभियान तो चला, थालियों में अब भी नकली जहर बरकरार
- फूड स्टॉलों पर तेल और घटिया मिर्च-मसाले का हो रहा उपयोग

अभय कुमार सिंह



**हजारीबाग।** 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के मौके पर हजारीबाग में जागरूकता अभियान चला। गोला रोड, बाड़म बाजार और मटवारी इलाकों में जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में पोस्टर, स्लोगन, मास्क और दस्ताने बांटे गए।

हेल्पिंग इंडिया फीडिंग इंडिया के सदस्य भी इस अभियान में शामिल रहे। हालांकि जन-जागरूकता जरूरी है, लेकिन सवाल यह है कि क्या सिर्फ स्लोगन और पोस्टर से हजारीबाग की थालियों में परोसा जा रहा जहर खत्म हो जाएगा? अभी कुछ ही दिन पहले इसी शहर में 4000 किलो नकली पनीर बरामद हुआ था, लेकिन मुख्य सरगना अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। जहरीला खाना सिर्फ मिठाइयों या होटल के पकवानों तक सीमित नहीं। शहर में 1000 से ज्यादा फूड स्टॉल हैं, जहां बार-बार गर्म किया गया तेल और घटिया मिर्च-मसाले इस्तेमाल किए जाते हैं। होटल-ढाबों की भरमार है, लेकिन ज्यादातर के पास न लाइसेंस है, न सफाई के मापदंडों की परवाह। प्रशासनिक कार्रवाई की बात करें तो हर छापेमारी के दो दिन बाद जहर फिर से बाजार में लौट आता है। जनता से एक्सपायरी डेट चेक करने की अपील की जाती है, लेकिन समोसे, चौमिन और मोमोज पर डेट कहां लिखी होती है? साफ है कि यह लड़ाई जनता की नहीं, बल्कि प्रशासन की है। जब तक जहरीले माल की सप्लाई रोकने वालों की गिरफ्तारी नहीं होगी, जब तक बिना लाइसेंस की दुकानों पर ताले नहीं लगेंगे, तब तक हर खाद्य सुरक्षा दिवस सिर्फ एक औपचारिकता बना रहेगा। अब जनता पोस्टर नहीं, ठोस कार्रवाई चाहती है। सवाल उठता है की क्या प्रशासन अब जागेगा? या अगली बार फिर हजारों किलो जहर जब्त होगा, और फिर दोहराए जाएंगे वही पुराने स्लोगन?

## अच्छी कृषि उपज ने वाहनों के व्यापार को बढ़ायाः गोविंद मेवाड़

**रामगढ़।** बाजार में शादी विवाह के लगन और अच्छे कृषि उपज ने वाहनों के व्यापार को बढ़ाया है। यह दवा झारखंड चैप्टर के चेयरपर्सन गोविंद प्रसाद मेवाड़ ने किया है। रविवार को उन्होंने एक प्रेस बयान जारी कर बताया कि मई- 2024 की तुलना में मई- 2025 में खुदरा वाहनों की बिक्री में काफी उछाल आया है। पिछले वर्ष जहां 46308 गाड़ियां बिकी थी। वहीं इस वर्ष सिर्फ एक महीने में 25.11 प्रतिशत बढ़त दर्ज की गई। इस महीने में 57938 गाड़ियां बिकी हैं। पूरे झारखंड में दोपहिया वाहन, तीन पहिया वाहन और ट्रैक्टर की बिक्री ने यह स्पष्ट किया है कि बाजार में काफी उछाल आया है। तीन चक्का वाहन ने मई माह में 2481 इकाई के साथ 58.94 प्रतिशत की बढ़त बनाई है। कॉमर्शियल वाहन की बिक्री ने मई 25 में 15.09 की वृद्धि के साथ 1632 इकाई बिक्री दर्ज की है। यात्री वाहन ने झारखंड में इस वर्ष मई माह में 18.45प्रतिशत की बढ़त बनाते हुए 5315 इकाई की बिक्री दर्ज की है। मई 2025 मे ट्रैक्टर की बिक्री में भारी वृद्धि 59.30 प्रतिशत के साथ 1319 की इकाई की बिक्री दर्ज की है।

# ड्रग्स, जुए और नशे के खिलाफ इचाक में युवाओं ने निकाली रैली

**इचाक।** ड्रग्स, जुए और नशे के बढ़ते जाल से परेशान इचाक के युवाओं ने अब आर-पार की लड़ाई छेड़ दी है। आए दिन हो रही लूट, हत्या, चोरी और डकैती की घटनाओं से आक्रोशित होकर आदर्श युवा संगठन के नेतृत्व में रविवार को युवाओं ने एक जोरदार विरोध सह जागरूकता रैली निकाली। पुराना काली मंदिर से शुरू हुई यह रैली पूरे इचाक बाजार में घूमी और ड्रग्स पेडलरों को अविलंब गिरफ्तार करो, इचाक को सफेद जहर से बचाओए नशाखोरी बंद होश जैसे गगनभेदी नारों से कस्बा गूंज उठा। रैली में युवाओं ने तख्तियों और बैनरों के साथ जनजागरण का संदेश दिया। आंदोलन की अगुवाई कर रहे जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार ने कहा कि यह सिर्फ विरोध नहीं, एक चेतावनी है कि 'अगर प्रशासन अब भी नहीं जागा तो पूरे इचाक को बंद करने का ऐलान होगा। गौतम कुमार ने स्पष्ट चेतावनी दी कि ड्रग्स और जुए की गिरफ्त में फंसी युवा पीढ़ी को बचाना होगा, वरना आने वाला समय और भी भयावह होगा। पूर्व विधायक प्रत्याशी बेटेश्वर मेहता ने कि इस सरकार में नशा उद्योग चरम पर है,




युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। रैली में कई पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और गणमान्य नागरिकों की भागीदारी रही, जिनमें राकेश मेहता, श्रीकांत मेहता, राजेश मेहता, सुजीत कुमार, मौलाना मुख्तार, डॉ. प्रमोद, मनोज मेहता सहित अनेक लोग शामिल थे।

## भुरकुंडा में खुला कराटे प्रशिक्षण केंद



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पेट्रोल पंप के समीप स्थित अंबेडकर स्थल भुरकुंडा में रविवार को कराटे प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष मनोज राम ने किया। मनोज राम ने कहा कि आज के युवाओं के लिए आत्मरक्षा अत्यंत आवश्यक है। कराटे न केवल शारीरिक व मानसिक विकास करता है, बल्कि जीवन में अनुशासन की भावना भी उत्पन्न करता है। मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया, झारखंड भुरकुंडा शाखा के तत्वाधान में संचालित होने वाले इस कराटे केंद्र में सप्ताह में तीन दिन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम मेंआजाद भुईयां, अभय कुमार मेहता, शिव कुमार, कमलनाथ सिंह, लुधेश्वर राम, सूरज राम सहित सृष्टि कुमारी, आस्था कुमारी, स्मृति कुमारी, चित्रलेखा कुमारी, खुशी कुमारी, जानवी कुमारी, विकाश कुमार, सिवान रेयाश, अभी कुमारी, सुमन कुमारी, अनन्या कुमारी व अन्य मौजूद थे।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता




**रामगढ़ ।** भाजपा जिला के तत्वाधान में रविवार को लॉयंस क्लब रामगढ़ कैंट के सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यशाला रविवार को किया गया। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्वलन कर एवं राष्ट्र गीत वंदे मातरम गा कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मंचासीन अतिथियों को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष के उपलब्धि को संकल्प से सिद्धि की और बढ़ता हुआ एक मजबूत कदम बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अपने 11 साल पूरे कर लिए। इन 11 सालों में देशवासियों को कई अहम योजनाओं और परियोजनाओं की सौगात दी। बहुत से विकास कार्य भी संपन्न हुए। चिनाव नदी पर बना दुनिया का सबसे बड़ा पुल का उद्घाटन कर नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन गई है और 2027 में जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए तीसरी आर्थिक शक्ति देश के रूप में भारत की पहचान होगी। उन्होंने कार्यशाला में

**विश्व का चौथा अर्थव्यवस्था बना भारत : विकास प्रीतम**

उपस्थित लोगों को ध्यानाकर्षित कराते हुए कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से मंडल टोली शक्ति केन्द्र के संयोजक, सहसंयोजक और बुथ अध्यक्ष के साथ घर घर जा कर मोदी सरकार के उपलब्धि और कांग्रेस द्वारा भारत रत्न डॉ बाबा साहब भीम राव आंबेडकर को लगातार अपमानित करने और किस तरह संविधान के साथ खिलवाड़ करती रही है को जनता के बीच ले जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कांग्रेस के सरेंडर करने के इतिहास का उल्लेख किया। ऑपरेशन सिंदूर के सफलता को सेना के शौर्य को सम्मान देने के जगह राहुल गांधी एक नरेटिव गढ़ रहे हैं जो उनके बौखलाहट को उजागर करता है । स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने दिया । कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी और धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ उपाध्यक्ष रंजन फौजी ने किया। कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष बलराम महतो, स्नेहलता चौधरी, महेन्द्र प्रजापति, जिला महामंत्री राजू चतुवेर्दी, विजय जायसवाल, जिला मंत्री दिलीप सिंह, सरदार अनमोल सिंह, अशोक कुमार सोनी,जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सन्तोष कुमार शर्मा, जिला मोर्चा के योगेश कुमार दांगी, शीतल सिंह, कुश श्रीवास्तव,वारिश खान, वरिष्ठ नेता रमेश वर्मा,मनोज कुमार महतो, मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, बबलु साव, गणेश प्रसाद स्वर्णकार,नरेश साव, सतीश मोहन मिश्रा, गिरधारी महतो आदि उपस्थित थे ।

## एक नजर में

### बरही के दरगाह मोहल्ला में कव्वाली कल



बरही। कोनरा पंचायत के दरगाह मोहल्ला में 10 जून को आयोजित होने वाले कव्वाली कार्यक्रम को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। कार्यक्रम स्थल पर भव्य मंच निर्माण और मेले की सजावट जोरों पर है। आयोजन समिति के सदस्य दिन-रात जुटे हुए हैं ताकि कार्यक्रम को यादगार बनाया जा सके। समिति के अध्यक्ष भगवान केसरी और सचिव रिजवान अली ने जानकारी दी कि कार्यक्रम की सफलता को लेकर सभी व्यवस्थाएं युद्धस्तर पर की जा रही हैं। सुरक्षा को लेकर स्थानीय प्रशासन को सूचित कर दिया गया है, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के साथ-साथ आस-पास के गांवों से भी बड़ी संख्या में दर्शकों के जुटने की उम्मीद है। कव्वाली के सुरों के साथ-साथ आकर्षक झूले और मेले की रौनक भी लोगों को खासा लुभाएगी। समिति ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि वे 10 जून को होने वाले इस सांस्कृतिक आयोजन में शामिल होकर महफिल की शोभा बढ़ाएं और इस संगीतमय शाम का भरपूर आनंद लें।

### केरेडारी में करंट से स्विच ऑपरेटर की मौत



**केरेडारी।** केरेडारी प्रखंड में बिजली विभाग की लापरवाही ने एक घर का चिराग बुझा दिया। डामहा बागी बिजली सब स्टेशन में रविवार को ड्यूटी पर तैनात स्विच ऑपरेटर उदय कुमार की मौत 33 हजार वोल्ट करंट की चपेट में आने से हो गई। हादसा इतना भयावह था कि युवक का शव बिजली पोल पर ही झूलता रह गया, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने सुध लेना तक जरूरी नहीं समझा। घटना के बाद पूरे इलाके में गुस्सा फूट पड़ा। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजा और पत्नी को सरकारी नौकरी की मांग को लेकर केरेडारी-टंडवा मुख्य मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया। सड़क के दोनों ओर कोयला ट्रांसपोर्टिंग करने वाले वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, और पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, लोचर गांव निवासी उदय कुमार डामहा बागी सब स्टेशन में तैनात था। रविवार दोपहर 1 बजे सब स्टेशन की 33 हजार वोल्ट लाइन में तकनीकी खराबी आई थी। उदय पोल पर चढ़कर मरम्मत का काम कर ही रहा था कि करम मोड फीडर से अचानक लाइन चालू कर दी गई। नतीजा झ बिजली की जोरदार चपेट में आकर उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों ने करम मोड सब स्टेशन के कर्मियों पर जानबूझकर पुरानी दुश्मनी के तहत बिजली चालू करने का गंभीर आरोप लगाया है। सबसे शर्मनाक यह कि हादसे के कई घंटे बाद तक बिजली विभाग का कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।

### आनंद क्रिकेट टूर्नामेंट का विजेता बना सुल्ताना



**कटकमदाग।** कटकमदाग प्रखंड के ग्राम पसई में रविवार को आयोजित आनंद क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 5 का फाइनल मुकाबला सुल्ताना बनाम बानादाग टीम के बीच खेला गया। सुल्ताना टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 135 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बानादाग की टीम 120 रन बनाकर 9 विकेट पर सिमट गई और 15 रनों से मुकाबला हार गई। मैच के समापन पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल ने बैटिंग कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी क्रिकेट के प्रति युवाओं का जुनून बढ़ रहा है, जो इस टूनामेंट में स्पष्ट रूप से देखने को मिला। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। विजेता टीम को शील्ड व 10 हजार रुपये नकद तथा उपविजेता टीम को 5 हजार रुपये पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गए। आयोजन समिति के आनंद राणा ने बताया कि टूनामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया, और इसका उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देना है। मैच में मैन ऑफ द मैच सलीम (सुल्ताना) बने। बेस्ट बॉलर सुनील कुमार, बेस्ट बैट्समैन मोहम्मद इकबाल, बेस्ट फील्डर मोहम्मद समीर, बेस्ट फेयर प्ले अवॉर्ड रमेश 11 पसई और मैन ऑफ द सीरीज मोहम्मद आफताब को दिया गया। समारोह में कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### कुजू के करमा में मंडा पूजा संपन्न



**कुजू।** भगवान शिव के प्रति अटूट आस्था और भक्ति का पर्व मंडा पूजा रविवार को करमा में विधिवत पूजा अर्चना के साथ संपन्न हो गया गया। शनिवार देर रात मंडा पूजा में आए कचाहातू कोटशिला के चितरंजन कुमार तथा पुरुलिया के विकास कुमार की छऊ नृत्य टीम ने बारी बारी से अपने संगीतमय कला का प्रदर्शन कर मौजूद लोगों को खूब मनोरंजन कराया। जबकि अहले सुबह उपवास रखे 351 शिव भक्त और महिला श्रद्धालुओं ने पिपरा तालाब में स्नान के पश्चात नए वस्त्र का धारण कर और फूल माला एवं गुब्बारों से सजे धजे शिव भक्त नाचते गाते शिव मंदिर परिसर पहुंचे। सभी शिव भक्तों ने दहकते अंगारों पर चलकर और पीठ में बनस गुथाई कर 30 फीट की ऊंचाई में बनस झूला झूलकर भगवान शिव के प्रति अपनी अटूट आस्था का परिचय दिया। मंडा पूजा में विधायक तिवारी महतो व करमा परियोजना पदाधिकारी रामेश्वर मुंडा, जिप सदस्य तापेश्वर महतो, मांडू उप प्रमुख पिंटू कुमार, मुखिया सरोज देवी, खागेश्वर महतो, रामसेवक महतो, जेएलकेएम के बिहारी महतो, लोकल सेल समिति अध्यक्ष रामेश्वर महतो शामिल हुए।

# सफाई को लेकर हमारी मानसिकता

**अजयदीप बाधवा**



**पिछली** दीपावली के बाद अमेरिका के एक समाचार पत्र का एक समाचार सोशल मीडिया पर काफी चर्चित हुआ था जिसमें एक फोटो दीपावली के अगले दिन अमेरिका के किसी इलाके में भारतीयों द्वारा छोड़े गए पटाखों के कचड़े की थी। भारतीय पटाखों को चलाने के बाद उसके कचड़े को वहीं छोड़ कर चले गए थे। इस फोटो के यह समाचार दिया गया था कि ये भारतीय अपने देश को भी बहुत गंदा रखते हैं और अब यही ये अमेरिका के साथ कर रहे हैं। इसके पूर्व ओलंपिक खेलों की वीडियो भी सोशल मीडिया पर चली थी जब किसी भी मैच के समाप्त होने के बाद जापानी नागरिक उस स्टेडियम में अपने इर्द गिर्द फैला कचड़ा, वो भले उनके द्वारा फैलाया हुआ नहीं था, थैले में उठा कर ले गए थे। जापानियों के बारे में ऐसा ही वीडियो विश्व कप फुटबाल के मैचों के बाद भी देखा गया था जब वो प्रयोग की गई पानी की खाली बोतलें और चिप्स के रैपर उठा कर ले गए थे, ताकि स्टेडियम साफ सुथरा रहे। उपरोक्त दो समाचार दो देशों , भारत और जापान, के लोगों की सफाई के प्रति विपरित रुख को दशार्ता है।

सवाल यह है कि हम भारतीयों को सफाई से परहेज क्यों है? मुझे लगता है कि हम भारतीयों को सफाई से परहेज नहीं है, बस साफ रखना और रहना हमारी आदतों में शामिल नहीं है। हम स्थान देख कर सफाई के प्रति अपने रुख को परवर्तित करते हैं। जब दिल्ली के लोग मेट्रो ट्रेन में यात्रा करते हैं तो ट्रेन और प्लेटफार्म को साफ रखते हैं क्योंकि वहां सब सफाई का ध्यान रखते हैं। पर दिल्ली के वही लोग जब वहां की बसों पर चलते हैं तो कहीं भी थूकने या गंदा करने से परहेज नहीं करते हैं। हमारे वर्तमान प्रधान मंत्री ने अपने पहले कार्यकाल में ही लोगों को सफाई के प्रति आगाह किया था। उनके आह्वान के कारण सफाई का कार्य पर विषेश जोर दिया गया। इंदौर और सूरत जैसे शहर अपनी सफाई के कारण बहुत विख्यात हो गए। भारतीय रेल में भी सफाई बढ़ी और रेल के डिब्बे और

## पीएम मोदी के स्वच्छता अभियान का असर



स्टेशन साफ दिखने लगे। सरकारी कार्यालयों में भी समय समय पर सफाई के विशेष कार्यकर्म चलाए जाते रहे हैं। अभी 22 जनवरी में अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पहले भी भारतीय प्रधानमंत्री के आग्रह पर भारत के हर मंदिर में सफाई की गई। पर इन सबके बावजूद सार्वजनिक जगहों को साफ सुथरा रखने में हम असफल ही नजर आते हैं। अभी मैं दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में गया था। मुख्य मार्ग पर तो सफाई कर्मचारी लगातार सफाई में लगे थे पर अंदरूनी इलाके में बहुत गंदगी थी। और यह गंदगी पान की पीक, पान मसाला की खाली पन्नियों, पानी की खाली बोतलों, चिप्स के खाली पैकेट और प्रयोग किए गए खाद्य पदार्थों के डब्बों की थी।

मतलब साफ था कि सफाई कर्मचारियों की सफाई के बावजूद हम वहां उस सफाई को बनाए रखने में इच्छुक नहीं थे और अपनी प्रयोग किए गए कचड़े को डस्ट बिन में फेंकने के स्थान पर सड़क पर फेंक रहे थे। यही हाल मैने हाल में वृंदावन जैसे पवित्र धार्मिक स्थल पर भी देखा। भारत अब एक विकसित राष्ट्र होने की राह पर चल पड़ा है।

2047 तक हम सबसे बड़े और धनवान विश्व के तीन राष्ट्रों में एक हो जायेंगे। पर हमारी सफाई व्यवस्था हमारी बढ़ती साख के रास्ते में एक रुकावट बन सकती है। अब यह आवश्यक हो गया है कि हम अपनी आदतों में सुधार करें और सफाई को इसमें शामिल करें। सफाई हमारी साख भी बढ़ेगी और बीमारियों में भी कमी आयेगी।

**(लेखक कॉस्ट अकाउंटेंट सह मोटीवेटर हैं।)**

# डॉलर का दबदबा और अंतरराष्ट्रीय स्थिति

**- राकेश दुबे**

**यह** संकेत कहीं से भी अच्छे नहीं कहे जा सकते, अमेरिका के साथ भारत की कारोबारी स्थिति अप्रत्याशित है और देश के बड़े अर्थशास्त्री संभावित दिक्कतों से निपटने की तैयारी कर रहे हैं। वस्तुतःअमेरिका के साथी और विरोधी दोनों डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल से निपटने की तैयारी कर रहे हैं। इस बात के साफ संकेत हैं कि उनका दूसरा कार्यकाल मौजूदा विश्व व्यवस्था के लिए उनके पहले कार्यकाल की तुलना में अधिक अप्रत्याशित और शायद अधिक उथल-पुथल भरा हो सकता है और भारत भी इससे सुरक्षित नहीं रहेगा।

संबंधित विभाग ने अमेरिका के साथ भारत की कारोबारी स्थिति का आकलन किया और संभावित दिक्कतों से निपटने की तैयारी कर रहे हैं। सबसे पहले शुल्क में कमी का मामला बनता है, लेकिन भारत को अपनी स्थिति प्रस्तुत करने के लिए अमेरिकी प्रतिष्ठान के साथ अधिक सक्रियता से संबद्धता दिखानी होगी। यह दिलचस्प परियोजना आगे ले जाने देने से रोकना चाहते थे।

चाहे जो भी हो भारत को ऐसे प्रयासों से बचना चाहिए। चूंकि चीन एक बड़ी अर्थव्यवस्था है, इसलिए योजना में उसका कद भी बड़ा होगा। हालांकि यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि इसे कैसे तैयार किया गया है। तीसरी बात, कुछ वैश्विक व्यापार समय के साथ युआन में स्थानांतरित हो सकता है क्योंकि चीन की अर्थव्यवस्था का आकार बहुत बड़ा है और उसके व्यापक कारोबारी संबंध हैं। बहरहाल, ऐसा सीमित दायरे में होगा क्योंकि चीन का पूंजी पर तगड़ा नियंत्रण है। मुद्रा भंडार की बात करें तो अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़ों के अनुसार 2024 की दूसरी तिमाही में चीनी मुद्रा में करीब 245 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा रखी गई थी जबकि अमेरिकी डॉलर वाला मुद्रा भंडार 6.6 लाख करोड़ डॉलर था। विभिन्न देश कारोबारी लेनदेन की सुगमता और वित्तीय बाजारों की गहराई को देखेंगे जो डॉलर के पक्ष में है।



यह बात ध्यान देने लायक है कि अगर बात है कि ट्रंप ने हाल ही में ब्रिक्स देशों को धमकी दी है कि अगर उन्होंने ब्रिक्स मुद्रा बनाई या अमेरिकी डॉलर के स्थान पर किसी अन्य मुद्रा को तरजीह दी तो वह उन पर 100 फीसदी शुल्क लगा देंगे। ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं और इसका विस्तार करके अन्य देशों को स्थान दिया जा सकता है। यह स्पष्ट नहीं है कि किस बात ने उन्हें यह टिप्पणी करने के लिए विवश किया लेकिन इससे मुद्रा बाजार में अस्थिरता आई।

पहली बात, फिलहाल जैसे हालात हैं उनमें अमेरिकी डॉलर को कोई खतरा नहीं दिखता। बैंक ऑफ इंटरनैशनल सेटलमेंट्स के 2022 के नोट के मुताबिक 90 प्रतिशत मुद्रा व्यापार में डॉलर शामिल था। करीब 60 प्रतिशत विदेशी मुद्रा भंडार डॉलर में हैं। दूसरा, किसी मुद्रा को आरक्षित मुद्रा का दर्जा देने की इच्छा का कोई खास अर्थ नहीं है। इसके अलावा अब तक संभावित ब्रिक्स मुद्रा का आकार और उसकी कार्यविधि को लेकर भी कुछ पता नहीं है। ट्रंप शायद ब्रिक्स के सदस्य देशों को हतोत्साहित करना चाह रहे थे। खासतौर पर वह चीन को मुद्रा डॉलर की स्थिति समय के साथ कमजोर पड़ती है तो इसकी वजह अमेरिकी राजनीति होगी। डॉलर के दबदबे वाली अंतरराष्ट्रीय वित्तीय व्यवस्था को हथियार के रूप में इस्तेमाल करना कुछ देशों पर विकल्प तलाशने का दबाव बनाएगी। इतना ही नहीं ट्रंप द्वारा उच्च कर को प्राथमिकता और व्यापार घाटे को समाप्त करने की कोशिश डॉलर के खिलाफ जा सकती है।

अमेरिकी व्यापार घाटा शेष विश्व को डॉलर मुहैया कराती है। अगर आपूर्ति में उल्लेखनीय कमी आती है तो दुनिया विकल्प तलाशने पर विचार करेगी। भारत की बात करें तो गिफ्ट सिटी की स्थापना कुछ वित्तीय सेवाओं को देश में लाएगी और कंपनियों की लागत में कमी आएगी। ऐसे में निकट भविष्य में डॉलर पर निर्भरता कम होती नहीं नजर आती। अगर युआन अधिक लोकप्रिय होता है तो भी डॉलर भारत की प्राथमिकता वाली मुद्रा बना रहेगा। डॉलर की पुरानी मजबूती के अलावा भारत के हित भी चीन के बजाय अमेरिका से अधिक जुड़े हैं।

(लेखक, वरिष्ठ स्तम्भकार हैं।)

# स्मृति में संसार, स्मृति से संसार

**हृदयनारायण दीक्षित**

**स्मृति** को सामान्यतया अतीत का भाग कहा जाता है लेकिन स्मृति हमेशा वर्तमान होती है। घटनाएं या विचार अभिव्यक्ति या अन्य सरोकार बेशक अतीत का भाग होते हैं लेकिन उनकी स्मृति हमेशा वर्तमान है। अच्छी स्मृति परम सौभाग्य है। जो जितना जीवंत है, वह उतना ही स्मृतिपूर्ण। जीवन के अंतिम भाग में स्मृति क्षीण होती जाती है। बुढ़ापा में परिजन बताते हैं कि अब वे पहचान नहीं पाते। स्मृति समृद्धि परिपूर्ण तरुणाई है और स्मृतिलोप परिपूर्ण रूग्णता। परिवार, सम्पत्ति, ममत्व, अपनत्व, नेह-स्नेह का घनत्व सब कुछ स्मृति के सहारे हैं। स्मृति गई तो सब कुछ गया। स्मृति में संसार है। स्मृति से संसार है। स्मृति नहीं तो संसार नहीं। स्मृति में शुभ है, अशुभ भी है। स्मृति के अनेक भाग आहतकारी होते हैं और अनेक भाग आह्लादकारी। भारतीय चिंतन में स्मृति को विशेष महत्व मिला है।

याज्ञवल्क्य स्मृति और मनुस्मृति आदि चर्चित स्मृतियां हैं। मनुस्मृति की प्रशंसा नीत्से जैसे विद्वानों ने की और भर्त्सना डॉ. अम्बेडकर जैसे महान नेताओं ने। मनुस्मृति में एक कल्पित विधि व्यवस्था है। ऐसी विधि व्यवस्था भारतीय इतिहास की किसी भी राज्यव्यवस्था में नहीं थी। अंग्रेजी राज में बेशक अनुसूचित जातियों के एक बहुत बड़े भाग को आपराधिक जातियां घोषित किया गया था। ब्रिटिश संसद ने क्रिमिनल ट्राइब एक्ट बनाया था। समाज के सक्रिय और श्रमशील भाग को जाति जन्म के कारण अपराधी घोषित किया गया था। क्रिमिनल ट्राइब एक्ट की स्मृति अंग्रेजीराज के प्रति घृणाभाव पैदा करती है।

स्मृति तंत्र अद्भुत है। देखे, सुने, पढ़े और अनुभूति प्रतीति का संचित कोष। स्मृति और विवेक ज्ञान का पर्याय हैं। ब्रिटेन के प्रतिष्ठित स्मृति विशेषज्ञ ईडी कूक ने स्मृति क्षमता के विकास पर मजेदार बात कही है। कूक के अनुसार रोमांस और यौन सम्बंधों के बारे में सोचने से मस्तिष्क तीव्र होता है। भावनाएं और आकर्षण मिलते हैं, रुचि बढ़ती है। इससे स्मृति क्षमता में वृद्धि होती है। कूक ने जोड़ा है कि प्राचीन रोम और यूनान के राजनेता और तर्कशास्त्री वाद-विवाद के पूर्व यौन सम्बंध और रोमांस के बारे में सोचते थे। उनका मानना था कि इससे तर्कशक्ति का विकास होता है।

भारतीय परंपरा में स्मृति क्षमता के लिए सतत अध्ययन व शांति पाठ का प्रावधान है। हरेक उपनिषद् के प्रारम्भ व अंत में शांति पाठ के मंत्र हैं। अशांत चित्त ज्ञान ग्राह्य नहीं होता। प्रशांत चित्त की ग्राह्यता का क्या कहना? पढ़े या सुने को स्मृति का स्थायी भाव बनाने के लिए पाठ के अंत में फिर से शांति पाठ की व्यवस्था है। केनोपनिषद् के शांतिपाठ में स्तुति है ह्ययहां प्रतिपादित तत्व मुझमें रहें, मैं उनमें रहूं। मेरा सुना देखा गया सुरक्षित रहे। ऐतरेय उपनिषद का शांति पाठ ध्यान देने योग्य है, मेरी वाणी मन में स्थिर हो। मन वाणी में स्थिर हो। मन और वाणी अलग अलग न हो। हे मन और वाणी! तुम दोनों मुझे ज्ञान प्राप्त कराओ। आचार्य से सुना और अनुभव से प्राप्त ज्ञान मेरा त्याग न करे। यहाँ स्मृति को सुदृढ़ और सर्वकालिक बनाने की स्तुति है।

यौन विचार या रोमांस चित्त प्रशांत नहीं करते। चित्त अशांत करने में ही उनकी भूमिका है और अशांत चित्त मूल स्मृति को भी अव्यवस्थित करते हैं। स्मृति ज्ञान संपदा है। हमारा भोगा और जाना हुआ सार। पाया हुआ, खोया हुआ, कहा सुना और पढ़ा हुआ अमूल्य संचय। यहां कोई चुनाव नहीं। स्मृति में सार्थक निरर्थक का सहअस्तित्व है। इतिहास स्मृति है और संस्कृति भी। वेद, भौतिकी, पराभौतिकी, खगोल या भूगोल भी स्मृति हैं। वैदिक संहिता को श्रुति कहा जाता है। वे सुने गये हैं। तब लिपि नहीं थी। वे सुनाए गये थे। तब वे सुनाने वाले ऋषियों की स्मृति में थे। बाद में सुनने वाले भाग्यवानों की स्मृति का भाग बने।

स्मृति में अनंत रंग रूप हैं। इनमें से सत्य, शिव और सुंदर का चयन हमारा काम है। सत्य, शिव और सुंदर के निर्णय भी हम स्मृतिकोष से ही करते हैं। स्मृतिकोष में उपस्थित तथ्यों से उनकी जांच करते हैं। तब उन्हें सत्य-असत्य, शिव-अशिव या सुन्दर असुन्दर के खांचे में डालते हैं। हमारा चित्त निर्णायक भूमिका का निर्वहन करता है। लेकिन निर्णय के हरेक क्षण और चुनौती में स्मृति ही आधारभूत भूमिका निभाती है। स्मृति प्रकृति का प्राणवान उपहार है मानव जाति के लिए। मनुष्य को ही क्यों सभी प्राणियों के लिए भी। पौधों की संवेदनशीलता स्मृतिपूर्ण है। वे पानी देने वाले किसान या कर्मचारी को देखकर प्रसन्न होते हैं और लकड़ी काटने वाले को देखकर सन्न। पशु भी पालक को देखकर पुलकित होते हैं और कसाई को देखकर भयग्रस्त। सारे खेल प्रकृति और स्मृति के हैं।

स्मृति हमें सचेत करने का काम करती है। निर्णय लेना हमारा ही काम है। पान मसाले की पुड़िया पर स्वास्थ्य के लिए खतरा है/तम्बाकू जानलेवा है पढ़कर भी हम सजग नहीं होते। स्मृति संदेश देती है। अशुभ के प्रति सावधान करती है। शुभत्व के प्रति प्रेरित भी करती है। गीता में स्मृति को सर्वोत्तम लब्धि बताया गया है। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को ज्ञान दर्शन व तत्व दर्शन बताया। अर्जुन ने अंत में कहा ह्लनष्टो मोहा, स्मृति लब्धा तव प्रसादान्मान अच्युत-मोह नष्ट हुआ। आपके प्रसाद से स्मृति मिल गयी। मोह का अर्थ है- अनावश्यक से लगाव। मोह समाप्त हुआ।

मोह नष्ट होना बोध प्राप्ति नहीं है। स्मृतिलाभ वास्तविक लाभ है। अर्जुन को मिली स्मृति असाधारण है। हमारी स्मृति में अपने गांव, क्षेत्र की सड़कों के नाम, संख्या, लम्बाई, चौड़ाई हो सकते हैं। मित्रों-शत्रुओं के नाम, फोन नंबर भी स्मृति का भाग हो सकते हैं। होते भी हैं। अर्जुन के पास ऐसी स्मृति थी। यहां वस्तुतः मूल स्मृति का उल्लेख है। हम अनंत के अंश हैं।

हम अनंत ही हैं लेकिन हमारा बोध इकाई का है। हमारे स्मृतिकोष के सारे अनुभव अंशी हैं। हम हैं, वस्तुए हैं। हम हैं और वन उपवन। हम हैं और यह संसार है। गहन सम्पूर्णता के बोध में हमारी स्मृति संपूर्ण को समेट लेती है। वृहदारण्यक उपनिषद् के एक मंत्र में ऋषि ऐसी ही स्मृति की चर्चा करते हैं यह पूर्ण है, वह पूर्ण है, यह पूर्ण उस पूर्ण का विस्तार है। पूर्ण में पूर्ण घटाओ तो पूर्ण ही शेष बचता है। गीता में इसी स्मृति की चर्चा है। कथावाचक ज्ञानी प्रोफेसर या आचार्य पूर्ववर्ती विद्वानों के ज्ञान का उल्लेख करते हैं। हम उन्हें विद्वान कहते हैं। स्मृति और विवेक के कारण ही वे विद्वान हैं।

गीता में ज्ञान परंपरा है। कृष्ण ने अर्जुन को बताया था कि यह ज्ञान मैंने ही सूर्य को दिया था फिर परंपरा से तमाम ज्ञानियों, राजर्षियों तक पहुंचा लेकिन काल के प्रभाव में यह ज्ञान नष्ट हो गया। वही ज्ञान मैं तुमको दे रहा हूं। यहां राष्ट्रीय स्मृति की चर्चा है। अर्जुन ने कहा कि ये सारे लोग बहुत पहले हुए थे। कृष्ण ने कहा हमारे तुम्हारे तमाम जन्म हो चुके। मैं जानता हूं, तू नहीं जानता। श्रीकृष्ण की स्मृति गहरी है। अर्जुन की सामान्य।

श्रीकृष्ण की स्मृति में अपने संभवन का सम्पूर्ण इतिहास है। अर्जुन की स्मृति में तात्कालिक जीवन की स्मृति। स्मृति लब्ध शब्द महत्वपूर्ण है। तब अंश, सम्पूर्ण हो जाता है। स्मृति आंतरिक दिव्यता है रोमांस चर्चा से इसकी क्षमता नहीं बढ़ती। कामसूत्र के रचनाकार वात्स्यायन ने इसे स्मृति क्षीणता का कारक बताया है। श्वेताश्वतर उपनिषद में हम सबको अमृत पुत्र कहा गया है।

# भारतीय संविधान में कलात्मकता

**गजेंद्र सिंह शेखावत**

**हमारा** भारत देश संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत का जीता जागता अनुभव है। इसके इतिहास को सरल शब्दों में व्यक्त करना अत्यंत कठिन है। इससे भी अधिक कठिन है पांच हजार से अधिक वर्षों की सभ्यता के इतिहास को दस्तावेज के रूप में व्यक्त करना, जो देश की स्वतंत्रता के समय एक नए स्वतंत्र हुए राष्ट्र के भाग्य का मार्गदर्शन करने वाला हो। लेकिन आचार्य नंदलाल बोस केवल कलाकार नहीं थे और भारत के संविधान पर चित्रण उनके लिये केवल एक और कार्य नहीं था। संविधान में चित्रण के लिए उनकी दृष्टि हड़प्पा सभ्यता के समय से लेकर स्वतंत्रता प्राप्ति के समय तक भारत की यात्रा का वर्णन करती है।


यह सभी चित्रण संविधान के अंतिम पृष्ठ पर सूचीबद्ध हैं और उन्हें बारह ऐतिहासिक काल में वगीर्कृत किया गया हैः मोहनजोदड़ो काल, वैदिक काल, महाकाव्य काल, महाजनपद और नंद काल, मौर्य काल, गुप्त काल, मध्यकालीन काल, मुस्लिम काल, ब्रिटिश काल, भारत का स्वतंत्रता आंदोलन, स्वतंत्रता के लिए क्रांतिकारी आंदोलन और प्राकृतिक विशेषताएँ।

संविधान की शुरूआत हमारे राष्ट्रीय प्रतीक के चित्रण से होती है। नंदलाल बोस इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट थे कि प्रतीक में शेर बिल्कुल असली शेरों की तरह दिखें, उनकी चाल और चेहरे के हाव-भाव सही हों और आयु के हिसाब से उनमें बदलाव हो। राष्ट्रीय प्रतीक के डिजाइनर दीनानाथ भार्गव, जो उस समय कला भवन में एक युवा छात्र थे, इस कलाकृति को चित्रित करने से पहले शेरों के हाव-भाव, शारीरिक भाषा और तौर-तरीकों का अध्ययन करने के लिए महीनों तक कोलकाता चिड़ियाघर गए। प्रस्तावना पृष्ठ और कई अन्य पृष्ठों को बेहर राममनोहर सिन्हा ने डिजाइन किया था। नंदलाल बोस ने बिना किसी बदलाव के प्रस्तावना हेतु सिन्हा जी की बनाई कलाकृति का समर्थन किया। इस पृष्ठ पर निचले दाएं कोने में देवनागरी में सिन्हा का संक्षिप्त हस्ताक्षर राम है।

संविधान की प्रस्तावना एक हाथ से लिखा हुआ लेख है जो आयताकार बॉर्डर से घिरा हुआ है। बॉर्डर के चार कोनों में चार पशुओं को दशार्या गया है। दर्शाए गए चार जानवर भारत के राष्ट्रीय प्रतीक के आधार से लिए गए हैं। बॉर्डर की कलाकृति में कमल की आकृति प्रमुखता से दिखाई देती है। कमल की आकृति बॉर्डर कलाकृति में प्रमुखता से दिखाई देती है।

संविधान का प्रत्येक भाग एक चित्र से आरंभ होता है और अलग-अलग पृष्ठों पर अलग-अलग बॉर्डर डिजाइन दर्शाए गए हैं। कलाकारों के हस्ताक्षर चित्र पर और बॉर्डर के पास दिखाई देते हैं जो इस प्रोजेक्ट में सभी के सहयोग को दशार्ता है। अनेक पृष्ठों पर कई हस्ताक्षर हैं जो बंगाली, हिंदी, तमिल और अंग्रेजी में दिखाई देते हैं। भारत के संविधान के भाग 19 में विविध विषयों से संबंधित एक चित्र है जिसमें नेताजी सैन्य पोशाक में अपने सैनिकों से घिरे हुए सलामी दे रहे हैं। नंदलाल बोस के हस्ताक्षर चित्रण पर दिखाई देते हैं और ए. पेरुमल के हस्ताक्षर पृष्ठ के बाएं निचले कोने पर दिखाई देते हैं। वे कला को लोगों तक ले जाने वाले कलाकार के रूप में प्रसिद्ध हुए। वे शांतिनिकेतन के गाँवों में जाते और संथाल घरों की दीवारों को जानवरों, पक्षियों और पेड़ों वाली प्रकृति की थीम से सजाते। वे शांतिनिकेतन के कला भवन में चार दशकों से अधिक समय तक नंदलाल बोस जैसे महान कलाकारों के साथ रहे और काम किया, उन्हें स्नेह से 'पेरुमलदा' कहा जाता था।

संविधान का भाग श्क, जो प्रथम अनुसूची के भाग अ में राज्यों से संबंधित है, वह ध्यान में बैठे भगवान महावीर की समृद्ध रंगीन चित्र से शुरू होता है, जिसमें वे अपनी आँखें बंद करके और हथेलियाँ एक दूसरे पर टिकाकर बैठे हुए हैं। भगवान महावीर के दोनों ओर एक-एक पेड़ हैं




और फ्रेम में एक मोर भी दिखाई दे रहा है जो प्रकृति में सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व को दशार्ता है। यह मूल संविधान के कुछ रंगीन चित्रों में से एक है। रंगीन चित्रों में जमुना सेन और नंदलाल बोस के हस्ताक्षर हैं। इस पृष्ठ पर बॉर्डर डिजाइन में राजनीति नामक कलाकार के हस्ताक्षर भी हैं।

भारतीय संविधान का भाग 15 चुनावों पर केंद्रित है। इस पृष्ठ पर दिए गए चित्रों में भारत के दो वीर सपूत छत्रपति शिवाजी महाराज और गुरु गोविंद सिंह को दिखाया गया है। इस पृष्ठ पर दिए गए चित्र धीरेंद्र कृष्ण देब बर्मन द्वारा बनाए गए हैं, जो त्रिपुरा राजघराने के सदस्य थे और रवींद्रनाथ टैगोर और नंदलाल बोस के साथ उनके घनिष्ठ संबंध थे। बॉर्डर डिजाइन पर कृपाल सिंह शेखावत के हस्ताक्षर हैं, जो भारत के एक प्रसिद्ध कलाकार और मिट्टी के बर्तन बनाने वाले थे, जिन्हें जयपुर की प्रतिष्ठित ब्लू पॉटरी की कला को पुनर्जीवित करने के लिए जाना जाता है।

शांतिनिकेतन में ललित कला संस्थान कला भवन ने भारत और दुनिया के सभी कोनों से छात्रों और कलाकारों को आकर्षित किया, इस प्रकार विभिन्न प्रभावों को समाहित करते हुए उत्कृष्टता की निरंतर खोज करते हुए एक इकोसिस्टम निर्मित किया और अंत में, एक अनूठी भारतीय शैली और कला निर्मित की। इस पर काम करने वाले कई कलाकारों ने अपने करियर में महान ऊंचाइयों को हासिल किया, लेकिन इस परियोजना के समय शांतिनिकेतन के छात्र और सहयोगी ही थे जो अपने श्रद्धेय ह्यमास्टर मोशायह्ल नंदलाल बोस के सपने को जीवंत करने के लिए प्रयत्नशील थे।

संविधान में चित्रों की प्रेरणा भारत के विशाल इतिहास, भौतिक परिदृश्य, पौराणिक चित्र और स्वतंत्रता संग्राम में निहित है। भारत के संविधान का भाग 13 ह्यभारतीय क्षेत्र में व्यापार, वाणिज्य और उनके परस्पर संबंधोह्ल से संबंधित है। इस पृष्ठ पर दिया गया चित्रण महाबिलापुरम में स्मारकों के समूह का हिस्सा है जो यूनेस्को द्वारा अंकित विश्व धरोहर स्थल है। ह्यगंगा का अवतरणह्ल एक बड़ी, खुली हवा में बनी चट्टान की नक्काशी वाली मूर्ति है जो स्वर्ग से धरती पर गंगा नदी के उतरने के कथा को पत्थर में दशार्ती है। नंदलाल बोस के हस्ताक्षर चित्र पर दिखाई देते हैं और जमुना सेन का नाम बॉर्डर के बाएं निचले कोने पर दिखाई देता है।

भाग 3 जो मौलिक अधिकारों से संबंधित है, उसमें रामायण का एक दृश्य दिखाया गया है। इस पृष्ठ के बॉर्डर पर जमुना सेन के हस्ताक्षर हैं। भाग 4 जो राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों से संबंधित है, उसमें महाभारत का एक दृश्य दिखाया गया है। बानी पटेल और नंदलाल बोस के नाम दाईं ओर नीचे दिए गए चित्रण पर दिखाई देते हैं और विनायक शिवराम मसोजी का नाम बॉर्डर के बाएं कोने पर दिखाई देता है।

संविधान का भाग 7 ह्यपहली अनुसूची के भाग बी में शामिल राज्योंह्ल से संबंधित है। इस खंड की शुरूआत में दिए गए चित्रण में सम्राट अशोक द्वारा बौद्ध धर्म के प्रसार को दशार्या गया है। उन्हें हाथी पर सवार दिखाया गया है, जो सभी तरह के साज-सज्जा से सुसज्जित है और बौद्ध भिक्षुओं से घिरा हुआ है। यह चित्रण अजंता की शैली में है, जिसमें भिक्षुओं को शरीर के ऊपरी हिस्से को बिना वस्त्रों और आभूषणों के साथ दिखाया गया है। यह चित्रण नंदलाल बोस द्वारा किया गया था, जिनका काम अजंता भित्तिचित्रों में पाई जाने वाली कलात्मक परंपराओं से बहुत प्रभावित था। चित्रण के निचले बाएँ भाग पर ए. पेरुमल का नाम भी दिखाई देता है। बॉर्डर डिजाइन में ब्योहर राममनोहर सिन्हा के हस्ताक्षर हैं, जिन्होंने प्रस्तावना और कई अन्य पृष्ठों को भी डिजाइन किया था। यहाँ उन्होंने हिंदी में राममनोहर के रूप में हस्ताक्षर किए हैं। यह संविधान के उन कुछ पन्नों में से एक है, जिस पर नंदलाल बोस और उनके सबसे वरिष्ठ छात्र ब्योहर राममनोहर सिन्हा दोनों के नाम हैं।

भारत का संविधान इस मायने में अनूठा है कि यह मूल रूप से एक हस्तलिखित दस्तावेज था। इसे अंग्रेजी में प्रेम बिहारी रायजादा और हिंदी में वसंत के. वैद्य ने सुलेखित किया था। रायजादा ने प्रवाहपूर्ण इटैलिक शैली का इस्तेमाल किया और सुलेख की कला अपने दादा से सीखी। संविधान हॉल (जिसे अब कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के नाम से जाना जाता है) के एक कमरे में काम करते हुए, उन्होंने छह महीने के दौरान दस्तावेज तैयार किया। उन्होंने इसे लिखते समय सैकड़ों पेन निब का इस्तेमाल किया। भारत के संविधान के अंग्रेजी संस्करण के सुलेखक प्रेम बिहारी नारायण रायजादा (प्रेम) के हस्ताक्षर दस्तावेज के हर पृष्ठ पर दिखाई देते हैं। राष्ट्रीय महत्व की इस परियोजना को शुरू करने के लिए उन्होंने यही एकमात्र अनुरोध किया था।

भारत का संविधान एक मौलिक कला ग्रंथ है जो समय की कसौटी पर खरा उतरा है। भारतीय संविधान में कलात्मकता भारत के बहुस्तरीय इतिहास को दशार्ती है और सामाजिक सांस्कृतिक, पौराणिक, क्षेत्रीय, आध्यात्मिक, भौतिक परिदृश्य तथा अन्य कारकों के प्रति श्रद्धांजलि है जो भारत को एक अद्वितीय और जीवंत अनुभव बनाते हैं। यह एक ऐसे राष्ट्र की वास्तविकता को दशार्ता है जो अपने प्राचीन अतीत को स्वीकार करता है, विविधता में एकता का उत्सव मनाता है और भविष्य की ओर देखता है।

(लेखक, केंद्रीय मंत्री हैं।)

स्पीड न्यूज

### रविदास समाज की जिला कमेटी का चुनाव 27 जुलाई को

**जमशेदपुर।** रविदास समाज की पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी का चुनाव प्रक्रिया शुरु कर दी गयी है। चुनाव गुप्त मतदान के जरिए 27 जुलाई को करवाया जायेगा। भागीरथ दास को चुनाव पर्यवेक्षक बनाया गया है। रविवार को रविदास समाज पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के कार्यकारिणी की बैठक रविदास भवन कदमा में सरयु रविदास की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निम्नलिखित प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किये गये।

### भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट करने की मांग



**जमशेदपुर।** झारखंड के वरिष्ठ समाजसेवी और शहीदों को सम्मान में हमेशा तत्पर रहने वाली संस्था नमन शहीदों के सपनों को संगठन के संस्थापक अध्यक्ष अमरप्रीत सिंह काले ने झारखंड सरकार से रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट का नाम आधिकारिक रूप से भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रखने हेतु अनुशंसा और प्रयास करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को एक भावनात्मक पत्र भेजा है। काले ने बताया कि आज सुबह रांची से दिल्ली की यात्रा के दौरान, जब विमान उद्घोषणा में सदैव की भांति बिरसा मुंडा एयरपोर्ट शब्द सुना, तो मन व्यथित हो उठा। इसी भावना से प्रेरित होकर उन्होंने यह पत्र लिखा। इस मांग पत्र की प्रतिलिपि पीएम मोदी, प्रधानमंत्री कार्यालय, राज्यपाल, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी प्रेषित की गयी है।

### सरायकेला-खरसावां के राजद जिलाध्यक्ष बने सकला मार्डी

**गम्हरिया।** राजद के सक्रिय सदस्यों की बैठक गम्हरिया स्थित होटल कोलकाता ग्रैंड में आयोजित किया गया। बैठक का संचालन पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह शिक्षाविद एसडी प्रसाद ने किया। मौके पर राजद जिलाध्यक्ष के चयन पर विचार विमर्श किया गया। तत्पश्चात चयन प्रक्रिया मौजूद प्रदेश महासचिव अर्जुन प्रसाद यादव की देखरेख में प्रारम्भ की गयी। इस दौरान जिले के कुल 85 सक्रिय सदस्य में से उपस्थित 67 सदस्यों की सहमति पर सकला मार्डी को सरायकेला-खरसावां जिलाध्यक्ष के रूप में चयन किया गया। इनके चयनित किए जाने सबंधी पूरे प्रक्रिया की प्रति प्रदेश व जिला निर्वाचन अधिकारी को भेज दी गयी है।

### सेंट जॉन एंबुलेंस झारखंड इकाई की वार्षिक बैठक

**जमशेदपुर।** सेंट जॉन एंबुलेंस टाटा बी ग्रेड झारखंड स्टेट सेंटर का वार्षिक बैठक सह कार्यक्रम का आयोजन बिष्टुपुर स्थित होटल रमदा में आयोजित किया गया। जिसमें साल भर हुए कार्य का ब्यौरा दिया गया। जिसमें मेडिकल हेल्थ कैंप, रक्तदान शिविर, शर्बत, पानी वितरण कार्यक्रम, वृक्षारोपण फर्स्ट एड जागरूकता अभियान, कंबल वितरण कार्यक्रम, नेशनल कैंप आदि के बारे में जानकारी साझा की गयी। मुख्य अतिथि संत जॉन एंबुलेंस बिग्रेड के पी आर दास, राज सिंह उपस्थित थे। विशिष्ट स्थिति के रूप में एम के दास, हरभजन सिंह, डॉ सुधाकर सिंह व कई डॉक्टर थे।

### सद्‌गुरु कबीर प्रकट उत्सव में संत समागम का उद्घाटन

**जमशेदपुर।** सद्गुरु कबीर प्रगट उत्सवसी पी धर्मदास भजन मंदिर सोनारी में चलने वाले तीन दिवस्य संत समागम समारोह का उद्घाटन छत्तीसगढ से आई महंत सुशीला माता जी के कर कमलों द्वारा किया गया और सद्गुरु कबीर साहेब की तस्वीर में माल्यार्पण कर और साहेब बंदगी साहेब के उदघोस के साथ कार्यक्रम की शुरूआत किया गया ।सबसे पहले अमीन माता महिला मंडल के द्वारा सुन्दर सुन्दर कबीर साहेब की भजन प्रस्तुत किया गया उसके बाद छत्तीसगढ़ से आयी महंत सुशीला माता जी की टीम की ओर से कबीर साहेब की सुंदर सुंदर भजन और प्रवचन किया गया। इसमे काफी संख्या में कबीरपंथी को मानने वाले लोग उपस्थित थे। इसे सफल बनाने में अध्यक्ष कुंज बिहारी दास, पुहुप दास, चेतन दास, बाबू दास, चंद्रिका दास, पारस दास, निर्मल दास तथा आमीन माता थे।

# गरीबों के मसीहा हैं डॉ नागेंद्र सिंह, उनकी संवेदनशीलता सराहनीय : विधायक

- पोटका विधायक संजीव सरदार की पहल पर गंगा देवी की स्मृति में निःशुल्क मेगा चिकित्सा शिविर
- 57 मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन के लिए चयन, कुल 284 लोगों की हुई जांच

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




मेडिकल कैंप के उद्घाटन समारोह में उपस्थित विधायक संजीव सरदार, डा नागेंद्र सिंह व अन्य अतिथि और एक बीमार बच्चे की जांच करते डा नागेंद्र सिंह।

**जमशेदपुर।** पोटका प्रखंड के तेंतला पंचायत भवन में रविवार को गंगा मेमोरियल अस्पताल शंकोसाई के तत्वावधान में एवं वीर शहीद गंगानारायण सिंह मेमोरियल सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के सहयोग से निःशुल्क मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्व. गंगा देवी की स्मृति में पोटका के विधायक संजीव सरदार की पहल पर आयोजित हुआ। शिविर में कुल 284 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें से 57 मरीजों को निशुल्क ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया।

शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक संजीव सरदार ने दीप प्रज्वलन एवं स्व. गंगा देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में किए गए वादों के अनुरूप वे क्षेत्र के विभिन्न गाँवों में चिकित्सा शिविर आयोजित करा रहे हैं। इस नेक कार्य को सफल बनाने में गंगा मेमोरियल अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नागेंद्र सिंह का निरंतर सहयोग मिलता रहा है, जो गरीबों के लिए निःशुल्क सेवा कर रहे हैं। उन्होंने डॉ. सिंह के सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि वे विगत 35 वर्षों से अपनी दिवंगत माता की स्मृति में आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों का मुफ्त इलाज कर एक मिसाल कायम कर रहे हैं।

**विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने दी निःशुल्क सेवा, फिजीशियन से डेंटल और गायनोलॉजिस्ट मौजूद**

शिविर में सर्जन डॉ. नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में कई विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सेवाएं दीं। इसमें प्लास्टिक सर्जन डॉ. ललित मिंज, गायनोलॉजिस्ट डॉ. मंजुला श्रीवास्तव, डॉ. पूजा कश्यप, ओरल डेंटल सर्जन डॉ. तापस बाला, डॉ. स्मारिका, फिजीशियन डॉ. पंपी, डॉ. मुकेश आदि शामिल रहे। सभी चिकित्सकों ने निःशुल्क जांच एवं परामर्श प्रदान किया।

**शिविर के संचालन में इनका रहा सक्रिय योगदान**

शिविर के सफल संचालन में पूर्व पार्षद चंद्रावती महतो, सुनील महतो, बबलू चौधरी, सुधीर सोरेन, जिकरूल होदा, श्याम चरण सरदार, अर्धेंदु गोप, गौरांग महाकुड़, कृष्णा सिंह सरदार, फूलचांद सरदार (लाल), प्रोरंजन सरदार, नरसिंह सरदार, मूरती गोप समेत कई स्थानीय नागरिकों की भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन सुरेश चौहान एवं धन्यवाद ज्ञापन चंद्रावती महतो ने किया।

## इप्टा ने रेखा जैन जन्मशती समारोह आयोजित की राष्ट्रीय संगोष्ठी

# बच्चों का बचपन बचाये रखने में बाल नाटक कारगर : कृति जैन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



सेमिनार में उपस्थित कृति जैन और बाल नाटक के मंचन का दृश्य।

**जमशेदपुर।** समाज बच्चों के ऊपर जिस तरह का दबाव डाल रहा है, उनका बचपन अब पहले जैसा नहीं रहा, बच्चों के बचपन को बचाए रखने के लिए बाल नाटक काफी प्रभावशाली हो सकती है। उपरोक्त बातें दिल्ली से आई रेखा जैन की छोटी पुत्री व नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा की भूतपूर्व निदेशक कीर्ति जैन ने भारतीय जननाट्य संघ (इप्टा) के द्वारा रेखा जैन जन्मशती समारोह पर सेंटर फॉर एक्सीलेंस सभागार में आयोजित रेखा जैन का नियमित रंगकर्म और आज का बाल रंग कर्म विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान कही।

अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि रेखा जैन की जीवन की यात्रा काफी रोमांचक थी, वह काफी रूढ़िवादी परिवार से थी। आजादी के संघर्ष के दिनों में किसी भी महिला का सांस्कृतिक दल में शामिल होना बड़ी बात थी। उनका पहला हिंदी नाटक बंगाल के अकाल पर आधारित था। हिंदी रंगमंच में रेखा जैन जी का भी अहम योगदान है। हिंदी बोले जाने वाले राज्यों में से एक झारखंड के जमशेदपुर में रेखा जैन के योगदान को याद किया जाना हमारे परिवार के लिए काफी भावनात्मक है।

मुंबई से जमशेदपुर पहुंची इप्टा की राष्ट्रीय सचिव उषा आर्टले ने रेखा जैन की आत्मकथा याद घर के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि रेखा की के सम्पूर्ण जीवन से काफी कुछ सीखा जा सकता है। जीवनी को पढ़कर भारत में और विदेशों के बाल रंगमंच को जानना भी रोचक होगा। बच्चों के साथ काम करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को जीवनी जरूर पढ़नी चाहिए, यह व्यक्तित्व को बदल देने वाला होगा। लखनऊ से आई सुमन श्रीवास्तव और पटना से आए तनवीर जी व अन्य ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान सात दिवसीय बाल रंग कार्यशाला में तैयार की गई रेखा जैन की नाटक पुस्तक घर और सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की नाटक लाख की नाक का मंचन भी होगा।

### एक नजर में

### ठक्कर बप्पा मवि में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष के निर्माण कार्य का शिलान्यास



**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के जिला योजना अनाबद्ध निधि से जमशेदपुर के धतकीडीह स्थित ठक्कर बाबा मध्य विद्यालय में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष के निर्माण हेतु रविवार को शिलान्यास किया गया। जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय के विधायक सचिव ब्रजेश सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरन महतो के प्रतिनिधि चित्तरंजन वर्मा आदि ने नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया।

### टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और महामंत्री का अभिनंदन



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद और महामंत्री आर के सिंह को मनिफिट स्पोर्ट्स क्लब में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने उन्हें अंग वस्त्र से सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में धर्मेंद्र शर्मा, पंकज सिंह, राजेश सिंह, कुलवंत सिंह, बिशन सिंह, रविंद्र सिंह, सुजीत सिंह और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### राखा कॉपर ताम्र खदान के नियोजन मुद्दों पर पूर्व कर्मियों ने एचसीएल प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोला



**जादूगोड़ा।** बंद पड़ी राखा कॉपर ताम्र खदान के नियोजन के मुद्दों पर भूतपूर्व कर्मचारियों की अनदेखी पर पूर्व कंपनी कर्मियों की राखा कॉपर पूजा पंडाल में सभा हुई। इधर इस सभा में भाजपा के ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष मनोज प्रताप सिंह ने एच सी एल प्रबंधन के खिलाफ जमकर बरसे तथा कहा कि भूतपूर्व कर्मचारियों का बकाया राशि समेत उसके आश्रितों को नौकरी में कंपनी पहले प्राथमिकता दे अन्यथा इस खदान को खोलने नहीं दिया जायेगा। अंत में उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई भूतपूर्व कर्मचारियों का हक दिलाना है जिन्होंने खदान बंद होने का पीड़ा झेला है। बेटियों को शादी व बच्चों को पढ़ाई रुक गई। पैसे के अभाव में कई असमय मौत के गाल में चले गये। इस सभा में मनोज प्रताप सिंह, समेत भूतपूर्व कर्मचारियों की ओर से टी के राय, सास पुर प्रधान अरविंद भगत, भुलन ठाकुर, विश्वनाथ महतो, मनोज प्रताप सिंह हरे राम ओझा, लिटा राम मुर्मू, छुटू महतो, तापस मदीना, निवास गोप, दीपक कुमार दास,सपन दास, वीरेन भगत, तारा पदो कश्यप, गोकुल भगत, तेलब सिंह उपस्थित थे।

### स्वदेशी जागरण मंच का जिला सम्मेलन 15 को



**जमशेदपुर।** रविवार को स्वदेशी जागरण मंच की जिला सम्मेलन 2025 की तैयारी हेतु बिष्टुपुर के कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। बताया गया कि जिला सम्मेलन में प्रसिद्ध अर्थ चिंतक डॉ धनपत राम अग्रवाल राष्ट्रीय सह संयोजक स्वदेशी जागरण मंच मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहेंगे। जिला सम्मेलन 15 जून को चैम्बर भवन,बिष्टुपुर में आयोजित किया जायेगा। सुबह 9 .30 बजे से आयोजित सम्मेलन में जिला भर से 300 से अधिक प्रतिनिधि शिरकत करेंगे। सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा एवं स्वालंबन एवम् शहर के विभिन समस्यों को लेकर एक प्रस्ताव पारित किया जाएगा जिसे प्रशासन एवं जन प्रतिनिधि को अवगत कराया जाएगा। आज की बैठक में आयोजन समिति का गठन किया गया। बैठक में बंदे शंकर सिंह, मनोज सिंह, जटा शंकर पांडे, राजपति देवी, विकास जायसवाल, डॉ अनिल राय, के पी चौधरी, कंचन सिंह, अशोक कुमार, प्रवीण सिंह, उमेश सिंह, संजीत प्रमाणिक, संजीत सिंह, जय प्रकाश सिंह, देव कुमार, कौशल जी, गुरजीत सिंह, राजाराम उपस्थित थे।

### नारायण आइटीआई, चांडिल परिसर में पौधरोपण



**जमशेदपुर।** नारायण आई टी आई लुपुंगडीह चांडिल में विश्व पर्यावरण संरक्षण के लिए संस्थान के संस्थापक डॉ जटाशंकर पांडे के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। श्री पांडेय ने कहा कि 1972 में संयुक्त राष्ट्र ने स्टॉकहोम में मानव पर्यावरण पर आयोजित सम्मेलन में इसकी स्थापना की थी। इस वर्ष, विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्लास्टिक प्रदूषण को मात दें। मौके पर चांडिल के नारायण आईटीआई परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। विश्व पर्यावरण दिवस पर लोग पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कई गतिविधियां आयोजित करते हैं। इनमें पौधरोपण, सफाई अभियान और पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं। इस दिन लोग प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, ऊर्जा बचाने, पानी बचाने और कचरा कम करने जैसे पर्यावरण के अनुकूल कार्य करने के लिए प्रोत्साहित होते हैं। विश्व पर्यावरण दिवस एक महत्वपूर्ण दिन है जो हमें पर्यावरण की सुरक्षा के बारे में सोचने के लिए प्रेरित करता है। हमें पर्यावरण बचाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। कार्यक्रम में अधिवक्ता निखिल कुमार, जयदीप पांडे, शांति राम महतो, पवन महतो, अजय मंडल, प्रकाश महतो, मोहन सिंह, देवाशीष मंडल आदि मौजूद थे।

## हल्दीपोखर में शिव गाजन पूजा व छऊ नृत्य का भव्य आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**पोटका।** प्रखंड के हल्दीपोखर में पूर्व की भांति शिव गाजन पूजा और पारंपरिक छऊ नृत्य का आयोजन धूमधाम से किया गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में जाम डाली यात्रा, गरिया भार, तथा तीन छऊ नृत्य दलों द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दी गयी। इस अवसर पर पोटका के विधायक संजीव सरदार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने स्वयं यात्रा में भाग लेकर श्रद्धालुओं व भोक्ताओं का उत्साहवर्धन किया। विधायक ने कहा कि हल्दीपोखर की यह परंपरा क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर है, जिसमें शिव भक्ति और छऊ नृत्य के माध्यम से जनआस्था की सुंदर अभिव्यक्ति होती है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि पार्षद सूरज मंडल समेत छोटे-छोटे बच्चों ने भी उपवास रखकर भोक्ता बन कर शिवजी के प्रति अपनी गहरी आस्था दिखायी।

## आशियाना आदित्या के छह दिवसीय समर कैंप के समापन में बच्चों ने खूब की मस्ती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



सोसायटी के स्वीमिंग पुल में तैराकी का आनंद लेते बच्चे।

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर के औद्योगिक क्षेत्र स्थित आशियाना आदित्य सोसाइटी में बच्चों के लिए छह दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य बच्चों के रचनात्मक विकास को बढ़ावा देना और ग्रीष्मावकाश का रचनात्मक उपयोग सुनिश्चित करना था। आशियाना आदित्य परिवार की इस पहल में कुल 45 बच्चों ने भाग लिया और विविध गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कैंप के दौरान योगा, चित्रकला एवं क्राफ्ट, कुकिंग, पौधारोपण, नृत्य, गीत और रिसायक्लाथॉन जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। बच्चों ने इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता, अनुशासन और टीमवर्क का परिचय दिया। कार्यक्रम का एक विशेष उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को लेकर बच्चों में जागरूकता उत्पन्न करना भी था। इस संदर्भ में एक विशेष अपील माताओं से की गई कि वे बच्चों की सहायता करें और घर पर अनुपयोगी वस्तुएं जैसे टूटे-फूटे खिलौने, पुरानी स्टेशनरी, पुराने कपड़े, टिन के डिब्बे, खाली डियोड्रेंट बोतलें तथा इस्तेमाल की गई शैम्पू और फेस वॉश की ट्यूब आदि एकत्र करें।

## मानगो बालीगुमा में श्रीश्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण कार्य पूरा

- पांच दिवसीय शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ कार्यक्रम का शुभारंभ
- भगवान नर्मदेश्वर शिवलिंग को कराया गया नगर भ्रमण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



शिवलिंग के नगर भ्रमण के दौरान मेजबान।

**जमशेदपुर।** मानगो के बालिगुमा बागान एरिया में मंदिर नहीं रहने की कमी बस्ती वासियों को अनेकों दिन से खल रही थी। घनी आबादी वाली बस्ती के लोगों को पूजा अर्चना करने के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता था स्थानीय लोगों की समस्या देख लोगों ने अपने मोहल्ले में ही मंदिर बनाने का संकल्प लिया। मोहल्ले में जमीन नहीं मिल पाने के कारण कई वर्षों तक मंदिर बनने का सपना पूरा नहीं हो पा रहा था। अंत में मोहल्ले के रहने वाले सिंचाई विभाग से सेवानिवृत नंदू प्रसाद ने अपनी एक कट्ठा जमीन मंदिर के लिए बस्ती वासियों को उपलब्ध करवाया। स्थानीय लोगों ने आपसी सहयोग से मंदिर निर्माण का कार्य आरंभ किया जो पूरे एक वर्ष के बाद मंदिर निर्माण का कार्य पूरा हो गया।

## आदित्यपुर पुलिस एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान 16 पुड़िया ब्राउन बरामद

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिला की आदित्यपुर पुलिस अपराधी एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देशानुसार लगातार एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चला रही हैं। इस दौरान एंटी चेकिंग का पॉजिटिव रिस्पांस भी देखने को मिल रहा है। बीती रात एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान आदित्यपुर पुलिस ने 16 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आये हुए आरोपी का नाम सोनू सोनकर बताया जा रहा हैं। जिनके पास 16 पुड़िया ब्राउन शुगर व एक मोबइल बरामद किया गया हैं। जिसकी कुल वजन 3.42 ग्राम हैं। मिली जानकारी के अनुकसान आदित्यपुर पुलिस बीती रात आशियाना मोड़ के समीप एंटी क्राइम चेकिंग चला रहे थे। इसी दरमियान एक संदिग्ध व्यक्ति एंटी क्राइम चेकिंग को देखकर गम्हरिया की ओर भागने लगा। जहां वरीय पुलिस पदाधिकारी एवं जवान द्वारा आरोपी खदेड़कर पकड़ा गया।

## झारखंड में अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं को और तेज करायेंगे: राजेश शुक्ल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश शुक्ला।

**जमशेदपुर।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन और राज्य के सुप्रसिद्ध वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने कहा है कि झारखंड में अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं को और तेजी से लागू कराया जायेगा। इस संबंध में झारखंड स्टेट बार काउंसिल कार्य योजना तैयार कर रही है।

श्री शुक्ल ने आज यहा कहा है कि आज इस भीषण गर्मी में कई जिला और अनुमंडल न्यायालयों में बेहतर आधारभूत संरचना नहीं रहने के कारण अधिवक्ताओं, और मुवक्किलों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । अधिवक्ताओं के लिए शुद्ध पेयजल ,महिला अधिवक्ताओं के लिए शौचालय, कॉमन रूम की वयवस्था आवश्यक है । श्री शुक्ल ने कहा कि आज भी घाटशिला, चांडिल, सरायकेला, चाईबासा और खूंटी, बुंडू तथा चक्रधरपुर में अधिवक्ता न्यायालय परिसर में बैठकर और कार्य निष्पादन करते हैं। उनके लिए बैठने की अच्छी व्यवस्था नहीं है जिससे अधिवक्ताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

श्री शुक्ल ने झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईमेल भेजकर राज्य के सभी जिला और अनुमंडल न्यायालयों में वर्तमान परिस्थिति और समय को देखते हुए उसके अनुरूप आधारभूत संरचना बढ़ाने का आग्रह किया है। कल से ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद जिला और अनुमंडल न्यायालय खुल रहे हैं।

श्री शुक्ल ने कहा है कि देश मे झारखंड एक मात्र ऐसा राज्य है जहा अधिवक्ताओं के लिए सबसे ज्यादा कल्याणकारी योजनाओं को झारखंड स्टेट बार काउंसिल चलाता है, लेकिन अभी भी हर जिला और अनुमंडल बार एसोसिएशनो में तकनीकी रूप से समृद्धशाली पुस्तकालय जहा विकसित कराने की जरूरत है वही सभी जिला और अनुमंडल में अधिवक्ता आवासीय कालोनियों के लिए भूखण्ड की आवश्यकता है जिस पर राज्य सरकार को विचार करना चाहिए। यह मांग राज्य सरकार के भू और राजस्व विभाग के पास लंबित है।

श्री शुक्ल ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को लिखा है कि झारखंड में राज्य सरकार ने भी अधिवक्ताओं के हित में कई कदम उठाए हैं लेकिन आज भी अन्य कई मांग राज्य सरकार के पास लंबित हैं। जिनमे एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है।

# गिल के नेतृत्व में भारतीय टीम जमकर बहा रही पसीना





एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम इंग्लैंड पहुंच चुकी है। रविवार को शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय टीम ने जमकर पसीना बहाया। 20 जून से लीड्स में पहला टेस्ट मुकाबला खेला जाएगा। इसके लिए टीम इंडिया ने मुख्य कोच गौतम गंभीर की कोचिंग में तैयारियां शुरू कर दी हैं। जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह की तेज गेंदबाजी चौकड़ी के अलावा नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल, ऋषभ पंत और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में अभ्यास किया। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को भारत का 37वां टेस्ट कप्तान बनाया गया। वह एक अपेक्षाकृत युवा टीम की अगुआई कर रहे हैं जिसका लक्ष्य 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीतना है। सीरीज हेडिंग्ले में शुरू होगी जिसके बाद एजबेस्टन, लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड और ओवल में टेस्ट मैच खेले जाएंगे। भारतीय टेस्ट टीम में शामिल कुछ खिलाड़ी अभी भारत ए की तरफ से नॉर्थैम्पटन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच में खेल रहे हैं। खेल विज्ञान के क्षेत्र में सर्वाधिक सम्मानित हस्तियों में से एक एड्रियन ले रॉक्स आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच के रूप में जुड़े हैं। उन्हें सोहम देसाई की जगह शामिल किया गया है। इस सीरीज के साथ ही भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नये चक्र की शुरूआत करेगी। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ शुभमन गिल की कप्तानी में खेलने उतरेगी। गिल को रोहित शर्मा की जगह टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया है। ऋषभ पंत इस सीरीज में उपकप्तान की भूमिका में होंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा। इस सीरीज के साथ ही भारत के नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025-27) की शुरूआत भी हो जाएगी। गिल नई जिम्मेदारी के लिए तैयार हैं, लेकिन उनके सामने चुनौती बड़ी है। गिल और मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में भारतीय टेस्ट टीम बदलाव के दौर से गुजरी है और अब उसे नतीजे देने होंगे। दरअसल, भारत ने 2007 के बाद से इंग्लैंड में कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है, ऐसे में सभी के मन में यही सवाल उठ रहा है कि क्या गिल-गंभीर की ये जोड़ी 18 साल का सूखा समाप्त कर पाएगी? भारत ने आखिरी बार 2007 में राहुल द्रविड़ की कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में टेस्ट सीरीज जीती थी। उस वक्त तीन मैचों की सीरीज में भारत 1-0 से जीत दर्ज करने में सफल रहा था। 2007 के बाद से भारतीय टीम चार बार इंग्लैंड दौरे पर गई, लेकिन जीत का स्वाद नहीं चख सकी।



## बीसीसीआइ ने शेयर किया वीडियो

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एक्स पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें भारतीय टीम कोच गंभीर के देखरेख में अभ्यास करती नजर आ रही है। इस दौरान गिल भी अभ्यास करते हुए दिख रहे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि भारतीय खिलाड़ियों ने वॉर्म-अप किया और फिर फील्डिंग अभ्यास भी करते दिखे। इस दौरान टीम के खिलाड़ियों ने फुटबॉल खेलने का भी आनंद लिया। गंभीर पूरे सत्र के दौरान खिलाड़ियों पर नजर रखे रहे और उन्होंने कुछ खिलाड़ियों से बात भी की। राहत की बात यह है कि अभ्यास में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भी हिस्सा लिया। बुमराह का कार्यभार प्रबंध चिंता का विषय रहता है। भारत को टेस्ट सीरीज से पहले 13 से 16 जून तक बेकेनहैम के केंट काउंटी क्रिकेट ग्राउंड में इंट्रा स्क्वाड मैच खेलना है।





## अनाहत ने जीते दो प्लेयर ऑफ द सीजन पुरस्कार

**नयी दिल्ली।** भारत की नंबर वन महिला स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह को पीएसए अवार्ड्स 2024-25 में दोहरे पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्होंने चैलेंजर वूमेंस प्लेयर ऑफ द सीजन अवार्ड के साथ मिस्र की अमीना ओरफी के साथ यंग वूमेंस प्लेयर ऑफ द सीजन का पुरस्कार भी साझा किया। 17 वर्षीय अनाहत सिंह की चैलेंजर सर्किट में निरंतरता और बेहतरीन प्रदर्शन ने उन्हें 2024-25 स्क्वैश सीजन का बेहतरीन खिलाड़ी बना दिया। अगस्त में उन्होंने सीजन की शुरूआत अपने राष्ट्रीय खिताब को सफलतापूर्वक बचाव करते हुए और एचसीएल स्क्वैश टूर कोलकाता में जीत के साथ की थी।

# भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह ने सांसद प्रिया सरोज से की सगाई

**लखनऊ।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह नए बंधन में बंध गए हैं। रविवार को स्टार खिलाड़ी की समाजवादी पार्टी (सपा) की सांसद प्रिया सरोज के साथ सगाई हो गई। रिंकू और प्रिया की रिंग सेरेमनी लखनऊ के एक पांच सितारा होटल में हुई जिसमें राजीनित जगत और क्रिकेट की चर्चित हस्तियां शामिल हुईं। प्रिया उत्तर प्रदेश के मछलीशहर से लोकसभा की सदस्य हैं।

### नामचीन हस्तियों का लगा जमावड़ा

रिंकू और प्रिया की रिंग सेरेमनी में राजनीति की चर्चित हस्तियों का जमावड़ा लगा। इनमें सपा मुखिया अखिलेश यादव, सांसद डिंपल यादव और जया बच्चन जैसे बड़े नाम शामिल हैं। सभी ने इस नई जोड़ी को आशीर्वाद दिया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। बीसीसीआइ के उपाध्यक्ष भी पहुंचे भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस दौरान भुवनेश्वर कुमार और पीयूष चावला भी नजर आये। सोशल मीडिया पर रिंकू और प्रिया की रिंग सेरेमनी की तस्वीरें वायरल हो रही है। रिंकू ने इस दौरान आईवरी रंग का जोधपुरी कुर्ता पायजामा पहना, जबकि प्रिया ने व्हाइट और पिंक रंग का फ्लोरल लहंगा पहना।



### जमकर थिरके रिंकू और प्रिया

सगाई के बाद रिंकू सिंह और प्रिया सरोज को जमकर डांस करते देखा गया। इसके वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। रिंकू और प्रिया एक साल से अधिक समय से एक दूसरे को जानते हैं। दोनों की मुलाकात एक कॉमन दोस्त के पिता के जरिये हुई थी। हालांकि, धीरे-धीरे रिंकू और प्रिया की दोस्ती हुई जो प्यार में बदल गई।

प्रिया सरोज के पिता तूफानी सरोज ने बताया था कि प्रिया की रिंकू से मुलाकात एक कॉमन दोस्त के जरिये हुई थी जिसके पिता भी एक क्रिकेटर हैं। अब दोनों एक दूसरे के जीवनसाथी बनने जा रहे हैं। 18 नवंबर को वाराणसी में होगी रिंकू और प्रिया की शादी।

## इरानी और पाओलिनी तथा ग्रैनोलर्स और जेबालोस की जोड़ी ने जीते फ्रेंच ओपन युगल के खिताब

**पेरिस।** इटली की सारा इरानी और स्पेन की जैस्मीन पाओलिनी की जोड़ी ने महिला वर्ग में तथा स्पेन के मार्सेल ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबालोस की जोड़ी ने फ्रेंच ओपन युगल के खिताब अपने नाम किये। रविवार को यहां खेले गये रोलैंड गैरोस के आखिरी महिला मैच में महिला वर्ग के फाइनल में मुकाबले में सारा इरानी और जैस्मीन पाओलिनी की जोड़ी कजाकिस्तान की अन्ना डैनिलिना और सर्बियाई अलेक्जेंड्रा क्रुनिक की जोड़ी को हराकर महिला युगल का खिताब जीता।

## अन्नू और रोहित ने भाला फेंक में जीते स्वर्ण पदक

**ताइपे।** दो बार की ओलंपियन अन्नू रानी और रोहित यादव ने चीनी ताइपे में ताइवान एथलेटिक्स ओपन 2025 के दूसरे दिन रविवार को अपनी-अपनी भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। इसी के साथ भारत ने आज 10 पदक जीते, जिसमें छह स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक शामिल है। भारत ने ताइवान एथलेटिक्स ओपन के पहले दिन छह स्वर्ण भी जीते थे, जिससे उनके कुल पदकों की संख्या 16 हो गई। इन पदकों में 12 स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य शामिल है। भारतीय दल ने प्रतियोगिता के दूसरे दिन दो स्वर्ण पदक जीते। एशियन गेम्स की चैंपियन अन्नू रानी ने अपने दूसरे थ्रो में 56.82 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। श्रीलंका की हैटराबेज लेकामलागे ने 56.62 मीटर थ्रो के साथ रजत पदक जीता और चीनी ताइपे की पिन-ह्सुन चू 53.03 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इससे पहले दिन में दो बार के पुरुष भाला फेंक नेशनल चैंपियन रोहित यादव ने चुनौतीपूर्ण मौसम का सामना करते हुए भारत को दिन का पहला पदक जिताया। तेज हवाओं के बीच कोई भी एथलीट 75 मीटर के मार्क को पार नहीं कर पाया, लेकिन रोहित यादव ने अपने पहले थ्रो में 71.46 मीटर के साथ प्रतियोगिता पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 3-2 से हराकर की शानदार शुरूआत

एजेंसी

**एंटवर्प (बेल्जियम)।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने रविवार को बेल्जियम के खिलाफ खेले गये मुकाबले में 3-2 की रोमांचक जीत दर्ज कर यूरोप दौरे की विजयी शुरूआत की। यह मुकाबला एंटवर्प स्थित हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिज्क्स प्लेन में खेला गया। भारतीय टीम ने शुरूआत से ही आक्रामक रवैया अपनाया और 11वें मिनट में गीता यादव के शानदार गोल की बदौलत बढ़त बना ली। हालांकि, 25वें मिनट में बेल्जियम की मैरी गोएंस ने गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद 34वें मिनट में लुईस वैन हेके ने गोल कर मेजबान टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी। लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने हार नहीं मानी और 40वें मिनट में सोनम ने बराबरी का गोल कर मुकाबले में वापसी दिलाई। भारतीय टीम का आत्मविश्वास फिर से चरम पर पहुंचा और 45वें मिनट में लालथनत्लुआंगी ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को 3-2 की निर्णायक बढ़त दिलाई। इसके बाद भारत ने शानदार रक्षात्मक खेल दिखाया और बेल्जियम को बराबरी करने का कोई मौका नहीं दिया।

अंततः भारत ने यह मुकाबला 3-2 से जीत लिया। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अब अपना अगला मुकाबला 10 जून को एक बार फिर बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी।

## इंग्लैंड महिला टीम ने 61 रन से जीता अंतिम वनडे मैच, वेस्टइंडीज को किया क्लीन स्वीप

एजेंसी

**टॉन्टन।** सेरा ग्लेन (तीन विकेट), एमिली आरलट (दो विकेट) के बाद कप्तान नेट सायबर ब्रंट (नाबाद 57) रनों की पारी की बदौलत इंग्लैंड ने वर्षा बाधित एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को डकवर्थ लुईस नियम (डीएलएस पद्धति) से 61 रनों से हरा दिया। इसी के साथ इंग्लैंड ने तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली है। इंग्लैंड की महिला टीम ने शनिवार रात टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज महिला टीम ने 21 ओवर में आठ विकेट पर 106 रन का स्कोर बनाया। किआना जोसेफ ने वेस्टइंडीज के लिए सर्वाधिक 34 रन बनाए। आलियाह एलेन ने (27), कप्तान शमेन कैंपबेल ने (18) रनों का योगदान दिया। जाहजरा क्लैक्सटन (11) रन बनाकर नाबाद रही। इंग्लैंड की ओर से सेरा ग्लेन ने तीन, एमिली आरलट ने दो विकेट लिए। केट क्रॉस, लॉरिन फाइलर और शार्लेट डीन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। बारिश के कारण मुकाबले को 21-21 ओवरों का कर दिया गया था। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने मात्र 10.5 ओवरों में एक विकेट पर 109 रन बनाकर मुकाबला (डीएलएस पद्धति) से 61 रनों से जीत लिया। इंग्लैंड के लिए सोफिया डंकली ने 21 गेंदों में (26) रनों की पारी खेली। कप्तान नेट सायबर ब्रंट 33 गेंदों में (नाबाद 57) और ऐलिस कैप्सी 11 गेंदों में (नाबाद 20) रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज की ओर से एकमात्र विकेट करिश्मा रामहैरक को मिला। 21 रन देकर तीन विकेट लेने वाली सेरा ग्लेन को ह्यप्लेयर ऑफ द मैच' तथा सीरीज में 251 रन बनाने वाली एमी जोंस को प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया है।



## राहुल और ईश्वरन के अर्धशतक से इंडिया ए ने मैच पर बनाई पकड़

**नॉर्थैंप्टन।** केएल राहुल (51) और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (नाबाद 61) रनों की पारियों की बदौलत इंडिया ए ने दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को इंग्लैंड लायंस को 327 के स्कोर पर समेट कर दूसरी पारी में खराब रोशनी के कारण मैच रोके जाने के समय तक तीन विकेट पर 137 रन बनान के साथ कुल 158 रनों की बढ़त हासिल कर मैच पर अपनी पकड़ बना ली है। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया ए की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने अपना पहला विकेट यशस्वी जायसवाल (पांच) के रूप में गवां दिया। इसके बाद कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने केएल राहुल के साथ पारी को संभाला।

## नीदरलैंड के खिलाफ वापसी करने उतरेगी भारतीय टीम

**एम्सटलवीन।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआइएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण में नीदरलैंड के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में वापसी कर जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम को शनिवार को दुनिया की नंबर 1 टीम नीदरलैंड के खिलाफ पहले मैच में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। पिछले मैच में टीम के प्रदर्शन पर बात करते हुए भारतीय टीम के हेड कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, हमने पहले हाफ में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन तीसरा क्वार्टर उतना अच्छा नहीं रहा। चौथे क्वार्टर में हमने फिर से अच्छा प्रदर्शन किया और गेंद पर कब्जा जमाए रखा, लेकिन हम गोल पर कोई शॉट नहीं लगा पाए। इस तरह हारना दुर्भाग्यपूर्ण था, क्योंकि मुझे लगा था कि हम ड्रॉ के लिए जोर लगा सकते हैं। टीम के अगले मैच के लिए तैयार होने के साथ, फुल्टन ने अपनी टीम की मानसिकता पर टिप्पणी की और कहा, हम खुद को जितना संभव हो उतना कठिन बनाना चाहते हैं।

# लाल बजरी का नया बादशाह कार्लोस अल्कराज बने

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** फ्रेंच ओपन इतिहास के पांच सेट तक चले सबसे लंबे फाइनल मुकाबले में स्पेन के 22 वर्षीय कार्लोस अल्कराज ने इटली के 23 साल के यानिक सिनर को 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 7-6 के अंतर से मात देकर पुरुष साल 2025 का पुरुष एकल खिताब अपने नाम कर लिया। रिकॉर्ड पांच घंटे 29 मिनट तक चले महामुकाबले में दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर हुई। दोनों को एक-एक प्वाइंट के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। अंत में बाजी कार्लोस अल्कराज के हाथ लगी। डिफेंडिंग चैंपियन अल्कराज को मैच के दौरान दर्शकों का पूरा साथ मिला।

### जीता करियर का पांचवां ग्रैंड स्लैम खिताब

कार्लोस अल्कराज का यह लगातार दूसरा फ्रेंच ओपन और कुल पांचवां ग्रैंड स्लैम खिताब है। अल्कराज ने साल 2024 के फाइनल में एलेक्जेंडर ज्वरेव को मात दी थी। अगर यानिक सिनर फाइनल जीत लेते तो ये उनका लगातार तीसरी ग्रैंड स्लैम खिताब होता। सिनर ने इससे पहले साल 2024 में यूएस ओपन और 2025 में आस्ट्रेलियन ओपन अपने नाम किया था। लेकिन अल्कराज ने उनका लगातार तीसरी खिताबी जीत का सपना तोड़ दिया। अल्कराज अबतक करियर में पांच ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचे हैं और सभी में जीत हासिल करने में सफल रहे हैं।

## 5 घटें 29 मिनट में हुआ हार जीत का फैसला

मैच में 2-2 की बराबरी होने के बाद अल्कराज और सिनर ने पांचवें और निर्णायक सेट में अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाया। फाइनल सेट भी 53 मिनट के खेल के बाद 5-5 की बराबरी तक पहुंचा। पांचवे सेट के 67वें मिनट में दोनों ने फिर 6-6 से बराबरी पर आ गए। अंत में टाई ब्रेकर में अल्कराज ने सिनर को मौका नहीं दिया और 7-6 के अंतर से सेट और खिताब दोनों अपने नाम कर लिया।

**अल्कराज ने की धमाकेदार वापसी:** 0-2 से पिछड़ने के बाद अल्कराज ने तीसरे सेट में 6-4 के अंतर से जीत दर्ज की और वापसी करने में सफल रहे। चौथे सेट में सिनर ने शानदार शुरूआत की और 5-3 की बढ़त बना ली थी। लेकिन इसके बाद अल्कराज ने शानदार ढंग से वापसी की और 6-6 की बराबरी पर आ गए और टाई ब्रेकर में शानदार खेल दिखाते हुए 7-3 के अंतर से बढ़त बनाते हुए 7-6 के अंतर से चौथा सेट अपने नाम कर लिया।



कार्लोस अल्कराज बने फ्रेंच ओपन चैंपियन, रिकॉर्ड 5 घंटे 29 मिनट लंबे फाइनल में यानिक सिनर को दी मात।

## राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी हासिल करने की कवायद तेज, आइओए प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों से की मुलाकात

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आइओए) ने राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी हासिल करने की कवायद तेज कर दी है। आइओए, केंद्र और गुजरात सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल ने मेजबानी अधिकार हासिल करने से संबंधित प्रक्रिया और तरीकों को बेहतर ढंग से समझने के लिए लंदन में राष्ट्रमंडल खेल अधिकारियों से मुलाकात की।

### नवंबर में किया जाएगा मेजबान शहर का चयन

प्रतिनिधिमंडल में आईओए प्रमुख पीटी उषा और केंद्रीय खेल मंत्रालय के साथ-साथ गुजरात राज्य सरकार के अधिकारी शामिल थे। उन्होंने लंदन में दो दिनों तक राष्ट्रमंडल खेल अधिकारियों से मुलाकात की। दावेदारी की अंतिम बोली के लिए प्रस्ताव 31 अगस्त तक प्रस्तुत किए जाने की उम्मीद है जबकि राष्ट्रमंडल खेल 2030 के लिए मेजबान शहर का चयन इस साल नवंबर में किया जाएगा।

## भारत ने औपचारिक रूप से बोली प्रस्तुत की



भारत ने पहले ही अहमदाबाद में 2030 राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन के लिए अपनी बोली औपचारिक रूप से प्रस्तुत कर दी है। भारत का उद्देश्य 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी करना है। गुजरात खेल मंत्रालय ने कहा, लंदन में दो दिनों तक भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने बैठकों में व्यापक चर्चाओं में भाग लिया और दावेदारी से जुड़ी बोली के संबंध में अब तक की गई तैयारियों को प्रस्तुत किया। राष्ट्रमंडल खेल टीम ने कहा कि वह प्रस्तावों की तैयारी के लिए इच्छुक मेजबान शहरों को पूर्ण सहयोग और सहायता प्रदान करेगी।

स्पीड न्यूज

## जन समस्याओं से रूबरू हुए विधायक के प्रतिनिधि

**बोकारो।** बोकारो विधायक श्वेता सिंह द्वारा चास नगर निगम अंतर्गत उत्पन्न जनसमस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु चास नगर निगम सहायता समूह का गठन किया। विधायक श्रीमती सिंह के निर्देश पर चास नगर निगम सहायता समूह के सदस्यों ने चास नगर निगम के वार्ड संख्या 11 कैलाश नगर संत जेवियर कॉलोनी की लंबित जन-समस्याओं का निरीक्षण किया जिसमें सदस्यों ने बताया कि जनता से बात करने के बाद यह अवगत हुआ कि इस क्षेत्र में सड़क पानी विद्युत जलजमाव नाला सीवरेज निर्माण जैसे बहुत सारे लोकहित के कार्य लंबित हैं जिन्हें तत्काल सुदृढ़ किया जाएगा। चास नगर निगम सहायता समूह के सदस्यों ने कहा कि विधायक श्रीमती सिंह ने निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डो की समस्याओं का निराकरण करने के लिए हर वार्ड का दौरा करने की बात कही है। यह कार्यक्रम निगम क्षेत्र में 14 तारीख तक चलेगा। इस अवसर पर समूह के सदस्य सरोज यादव रमाशंकर सिंह शंभु दास उत्तम गोप निरंजन मिश्रा सुमित राय एवं वार्ड संख्या 11 की स्थानीय जनता उपस्थित रही।

## दफादार चौकीदार प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से की मुलाकात

**बोकारो।** झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह के नेतृत्व में बोकारो के नव पदस्थापित उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी अजय नाथ झा से बोकारो समाहरणालय में मिला और पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने बोकारो के नव पदस्थापित पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह से भी मुलाकात की। बोकारो जिला में विधि व्यवस्था बनाए रखने और विकास की गति को आगे बढ़ाने के साथ ही बोकारो जिला के चौकीदार दफादारों की लम्बित समस्याओं का समाधान करने में सफल होने की कामना नव पदस्थापित दोनों पदाधिकारियों से प्रतिनिधिमंडल ने की। नव पदस्थापित दोनों पदाधिकारियों का स्वागत करने वाले प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह बोकारो जिला के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार पासवान एमजी चौकीदार बंटी साहू और नावाडीह अंचल के चौकीदार सुकर महतो आदि शामिल थे।

## स्वदेशी जागरण मंच ने पर्यावरण सुरक्षा हेतु लोगों को किया जागृत

**बोकारो।** हाथ से हाथ मिलाएं- प्लास्टिक हटाएं- पर्यावरण बचाएं- सांसें हो रही है कम-आओ पौधा लगाए हम आदि नारों के साथ स्वदेशी जागरण मंच बोकारो जिला की ओर से चास ब्लॉक के शिव मंदिर परिसर में पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। साथ ही पर्यावरण सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु लोगों को जागृत किया गया। अखिल भारतीय स्वदेशी मेला प्रमुख सचिन्द्र कुमार बरियार ने पौधा लगा कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

## हूल दिवस पर 26 जून को निकलने वाली पदयात्रा को लेकर हुई बैठक

**दुमका।** जोहार सभागार भवन परिसर में गोटा भारोत सिदो कन्हू हूल बैसी दुमका एवं जोहार मानव संसाधन विकास केन्द्र दुमका के संयुक्त तत्वधान में रविवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में हूल दिवस से पूर्व शहीद सिदो कान्हू चौक पोखरा चौक से शहीद ग्राम भोगनाडीह, बरहेट, साहिबगंज तक निकलने वाली 26 जून को पदयात्रा पर चर्चा हुई। पदयात्रा 30 जून को शहीद ग्राम भोगनाडीह पहुंचेगी। बैठक में पदयात्रा को सफल बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। इस पदयात्रा के दौरान पदयात्रिओं के लिए विभिन्न पड़ावओ की सफल व्यवस्था के लिए निर्णय लिया गया। विभिन्न विश्राम पड़ावों पर पेसा एक्ट विषय पर विचार गोष्ठी आयोजन करने का प्रस्ताव लिया गया। इस अवसर पर अनुभवी समाजसेवी, कार्यकताओं को वक्ताओं के तौर पर आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

### 5 करोड़ के विकास योजना का ऑनलाइन विभिन्न स्थलों में

# पथ का सुदृढ़ीकरण का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**खेतको।** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत विभिन्न स्थलों में रविवार को बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह ने पैर में फैक्चर रहने से शिलान्यास स्थल नहीं पहुंच पाए इस कारण कांग्रेस के पेटरवार प्रभारी परवेज अख्तर व प्रखंड अध्यक्ष शब्बीर अंसारी के द्वारा कार्यस्थल में जाकर



बेरमो विधायक के द्वारा ऑनलाइन पथ सुदृढ़ीकरण का शिलान्यास किया गया। जिसमें राम सिंह बेड़ा से पूर्णाटांड़ भाया पिछरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण, खेड़हो बस्ती आदिवासी टोला मैथन टुंगरी से अंगवाली तक पथ का सुदृढ़ीकरण, बोरवापनी झुझको तक पथ का सुदृढ़ीकरण, खेतको आरईओ पथ पिपराडीह मोड कसाही बेलडीह होते हुए गर्रि तक पथ का सुदृढ़ीकरण,अंगवाली पथ मोड से नावाडीह तक पथ सुदृढ़ीकरण का शिलान्यास किया। जिसमें लगभग 5 करोड़ की लागत से पथ की सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए यह काम किया जाएगा।

मौके पर निजी सचिव अभय शर्मा, अशोक मंडल, मो कुतुबुद्दीन, विजय मंडल,मो रशीद, नन्हें हुसैन, नारायण सिंह नितेश मंडल, निमाय मंडल, शिरोनी मंडल आदि उपस्थित थे।

## आर्म रेसलिंग एसोसिएशन का गठन

### सुरजीत झा अध्यक्ष एवं आशुतोष झा सचिव मनोनित



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** डिस्ट्रिक्ट आर्म रेसलिंग एसोसिएशन का विधिवत गठन रविवार को कर लिया गया। हॉकी गोड्डा के अध्यक्ष मनोज कुमार की अध्यक्षता में संघ के गठन को लेकर स्थानीय इंडोर स्टेडियम में आहूत बैठक में बतौर मुख्य अतिथि आर्म रेसलिंग एसोसिएशन ऑफ झारखंड के महासचिव दीपक कुमार दुबे एवं बतौर पर्यवेक्षक राहुल कुमार सिंह जामताड़ा से पहुंचे और शामिल हुए। नवगठित कमिटी के संरक्षक पद पर सर्वसम्मति से मनोज कुमार पप्पु का मनोनयन हुआ। अध्यक्ष पद पर सुरजीत झा, वरीय उपाध्यक्ष के पद पर मनीष कुमार सिंह, उपाध्यक्ष पद पर अमित कुमार सिंह, अखिल कुमार झा, संगीता कुमारी एवं शिवेंद्र झा, सचिव के पद पर आशुतोष झा, कोषाध्यक्ष के पद पर दयाशंकर, संयुक्त सचिव के पद पर ऋषितोष झा, आकाश कुमार, नीतीश आनंद एवं रिम्मी कुमारी जबकि सत्रह सदस्यीय कार्यकारिणी समिति में अनंत तिवारी, राहुल कुमार, रौशन कुमार साह, पंकज यादव, सचिन कुमार झा, आरती सिंह, पियूष कुमार साह, चंदन कुमार, जीत सिंह, मुकेश भारती, अमन कुमार, अंजली आहना, पूजा सिधानवी, रोशनी सिधानवी, प्रदीप झा एवं सोनू झा शामिल किए गए। नवगठित कमिटी द्वारा शीघ्र ही डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप करवाए जाने का निर्णय लिया गया। सभा के अंत में जिला टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के पूर्व अध्यक्ष राजेश मंडल जी के पिता जी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया।

## एक सप्ताह तक हरित पहल का उत्सव मनायेगी वेदांता ईएसएल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** वेदांता लिमिटेड की सहायक कंपनी ईएसएल स्टील लिमिटेड विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर एक सप्ताह तक अपनी हरित पहल का उत्सव मनाएगी। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस मुहिम की शुरूआत इस वर्ष की थीम- प्लास्टिक प्रदूषण को हराना और टिकाऊ भविष्य की ओर कदम बढ़ाना को साकार करने की प्रतिबद्धता के साथ हुई। मौके पर 400 से अधिक कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

इस क्रम में ईएसएल ने जागरूकता सत्र ऑफलाइन क्विज पिक्शनरी गेम्स और इको बिट्स सीरीज के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जिसमें रोजाना छोटे-छोटे हरित कदमों की जानकारी साझा की गई। सामुदायिक स्तर पर भी कंपनी ने पहल करते हुए ईएसएल द्वारा समर्थित तीरंदाजी स्कूलों में 50 से अधिक बच्चों को प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों और टिकाऊ विकल्पों के बारे में जागरूक किया। साथ ही बेस्ट एनवायरनमेंट इनिशिएटिव अवार्ड के तहत



विभागीय और व्यक्तिगत श्रेणी में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित किया गया। 20 से अधिक कर्मचारियों ने प्लास्टिक प्रदूषण विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया।

इस अभियान का मुख्य आकर्षण रहा वृक्षारोपण जिसमें 550 से अधिक पौधे संयंत्र और सीएसआर साइटों पर लगाए गए। इसके साथ ही ईएसएल ने प्लास्टिक-मुक्त कैंटीन की शुरूआत की जहां सिंगल-यूज प्लास्टिक को हटाकर इको-फ्रेंडली विकल्प अपनाए गए।

सभी भागीदारों को जूट बैग भी भेंट किए गए। समापन समारोह के अवसर पर ईएसएल स्टील के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे जिनमें डिप्टी सीईओ एवं पूर्णकालिक निदेशक रवीश शर्मा निदेशकझ्र इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट अमल घोष मुख्य मानव संसाधन अधिकारी श्यामली मिन्ज और उप निदेशकझ्र स्टील जगेश्वर प्रसाद वर्मा शामिल थे।

इन सभी ने कर्मचारियों के योगदान की सराहना की और हरित पहलों को संस्थागत संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। इस अवसर पर निदेशक-सेंट्रल इंजीनियरिंग एवं एचएसईएस तपेश चंद्र नस्कर ने कहा कि ईएसएल में स्थिरता हमारी कार्य संस्कृति का अहम हिस्सा है। यह अभियान हमारे पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता और जागरूकता फैलाने की हमारी भावना को दशार्ता है।

## 14 दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

### बच्चों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित 14 दिवसीय समर कैंप का आज समापन हुआ। समापन समारोह में खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। वहीं खिलाड़ियों को गोड्डा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजनाथ उरांव, चेयरमैन झारखंड राज्य सहकारी बैंक, विभा सिंह, पूर्व संयुक्त निबंधक सहकारिता विभाग झारखंड सरकार, जयदेव सिंह के द्वारा पुरस्कृत किया गया। अंडर 10 क्रिकेट मैच की विजेता टीम को विभा सिंह ने तथा अंडर 16 टीम की विजेता टीम को अनुमंडल पदाधिकारी बैजनाथ उरांव ने संयुक्त रूप से ट्रॉफी प्रदान किया। समर कैंप के सबसे बेहतर जूनियर खिलाड़ी का पुरस्कार एलेक्स तथा सीनियर खिलाड़ी का पुरस्कार शकील को पूर्व संयुक्त निबंधक जयदेव सिंह के द्वारा दिया गया। क्विज में विजेता खिलाड़ियों को भी अतिथियों के साथ जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष एच एम बोदरा, उपाध्यक्ष अमित बोस, संयुक्त सचिव डॉक्टर मौसम ठाकुर के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सनोज कुमार, संजीव कुमार, सुरेंद्र कुमार, राजीव भंडारी, सुप्रकाश रंजन, राजू सिंह, सरोज कुमार विजय कुमार, मुकेश कुमार, आकाश सहित अन्य उपस्थित थे।

## डीपीएस चास में शिक्षकों की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस चास में शिक्षकों के लिए समग्र प्रगति रिपोर्ट कार्ड तथा योग्यता-आधारित मूल्यांकन रणनीतियों को विकसित करने पर केंद्रित एक-दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में सुमेधा राय- सीबीएसई रिसोर्स पर्सन और गणित में स्नातकोत्तर प्रशिक्षित उपस्थित थीं। कार्यशाला में नए एचपीसी प्रारूप व इसके लाभों और माता-पिता इसे कैसे समझ सकते हैं और इसका उपयोग कर सकते हैं- इस पर चर्चा की गई। कार्यशाला के दौरान मधुबन एजुकेशनल बुक्स के सुभाष चंद्र और रवीश कुमार वर्णवाल भी उपस्थित थे। कार्यशाला के दौरान रिसोर्स पर्सन श्रीमती राय ने कहा कि एचपीसी छात्र मूल्यांकन के लिए एक अभिनव दृष्टिकोण है जो पारंपरिक रिपोर्ट कार्ड से अलग है। इसका उद्देश्य छात्र के विकास और उसके बारे में एक व्यापक दृष्टिकोण प्राप्त करना है। इसमें शैक्षणिक प्रदर्शन व कौशल और उनके व्यक्तित्व के अन्य मूल्यवान पहलू भी शामिल होते हैं। उन्होंने योग्यता-आधारित मूल्यांकन की रणनीतियों को विकसित करने और लागू करने में ज्ञान व कौशल और मूल्यों के एकीकरण पर जोर दिया। कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डालती हुई विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने कहा कि समग्र प्रगति रिपोर्ट कार्ड एक 360-डिग्री मूल्यांकन उपकरण है जिसका उपयोग शैक्षणिक व कौशल और मूल्यों सहित विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थियों के विकास का मूल्यांकन करने में सहायक होगा। विद्यालय की निदेशिका/प्राचार्या डॉ मनीषा तिवारी ने रिसोर्स पर्सन सुमेधा राय के प्रति आभार व्यक्त किया।

## मौत की घाट उतारने वाला हत्यारोपी गिरफ्तार, गया जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिला के गोपीकांदर थाना क्षेत्र के लखीबाद पत्थर खदान के पास बीते रात हथौड़ी से ठोक कर निर्मम तरीके से हत्यारोपी को पुलिस गिरफ्तार करने में सफल रही। गिरफ्तार हत्यारोपी सुखलाल देहरी है। आरोपी सुखलाल देहरी और मृतक छुतर हांसदा दोनों पड़ोसी है। पुलिस ने रविवार को छुतर का शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त हथौड़ी को जब्त कर लिया है। हत्या के संबंध में मृतक के भाई सोम हांसदा ने बताया कि दोनों के बीच एक गली को लेकर विवाद चल रहा था। गली के विवाद को लेकर कई बार झगड़ा भी हुआ था। पिछले तीन वर्षों से दोनों के बीच गली को लेकर विवाद चल रहा था। हत्यारा सुखलाल देहरी को रात में डीएसपी विजय कुमार महतो के नेतृत्व में उसके घर अमरपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है। रविवार को सुखलाल देहरी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। हत्या में प्रयुक्त हथौड़ी और खून से सने एक कपड़े को पुलिस बरामद किया गया है।

## नि:शुल्क बोधिसत्व रात्रि पाठशाला का हुआ उद्घाटन



पाठशाला का उद्घाटन करते अतिथि एवं पाठशाला में उपस्थित बच्चे एवं अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** नगर परिषद् क्षेत्र के सोनवाडंगाल में निःशुल्क बोधिसत्व रात्रि पाठशाला का रविवार को उद्घाटन हुआ। निःशुल्क बोधिसत्व रात्रि पाठशाला सामाजिक संगठन, झ्झारखंड दलित शोषित समाज संघर्ष समिति (जेडीएफ4) के द्वारा किया गया। जेडीएस 4 प्रमुख डॉ सत्यम कुमार के द्वारा निःशुल्क बोधिसत्व पाठशाला की शाखा का शुभारंभ किया गया। सोनवाडंगाल में स्थापित यह पाठशाला क्षितिजा फाउंडेशन के संचालक ईजीनियर हेमंत कुमार के सहयोग से स्थापित हुई। इस उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर परिषद् की पूर्व नगर अध्यक्षा अमिता रक्षित एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सुनील दास ने शिरकत किया।

## रेलवे स्टेशन पर बने कोयला डंपिग यार्ड को हटाने की मांग

### स्थानीय लोगों का आंदोलन जारी, धरना स्थल पर डटे रहे लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** रेलवे स्टेशन पर बना कोयला रैक अब खतरनाक रूप धारण कर रही है। आस-पास के लोगों को प्रदुषण बीमार बना रही है। कोयला डस्ट से स्थानीय लोग बीमार पड़ रहे हैं। पीने के पानी में डस्ट घुल कर आम आदमी के पेट एवं सांसों में जाकर बीमारी फैला रही है। कोयला डस्ट से परेशान आस पास के ग्रामीण विगत कई वर्षों से लगातार धरना प्रदर्शन कर विरोध जता रहे हैं। बावजूद इसके राज्य और केंद्र की सरकार इस मामले में उदासीन रवैया अपनाए हुए है। रविवार को भी रविशंकर मंडल के नेतृत्व में दर्जनों लोग रेलवे स्टेशन परिसर में धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया।



धरना पर बैठे स्थानीय लोग एवं पूर्व सीएम को मांग पत्र सौंपते लोग

आंदोलनकारियों ने कहा कि जब तक दुमका रेलवे स्टेशन से कोयला रैक नहीं हटाया जाएगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलनकारी अब राज्य, केंद्र सरकार, बीजीआर कंपनी के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रति रोष जताते हुए कहा कि अब आंदोलन उग्र होगा। आंदोलनकारियों ने कहा कि रेलवे स्टेशन के आस पास दर्जनों शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चे, नौजवान और महिलाओं पर गंभीर प्रभाव तो पड़ रहा है।

यहां रहने वाले लोगों का तो जीना अब मुश्किल हो गया है। यहां तक कि अब बाहर से आने वाले मेहमान भी यहां आने से कतरा रहे हैं। गौरतलब है कि रेलवे स्टेशन पर बने कोयला डंपिग यार्ड को चलाने के लिए सभी नियम कानून को दरकिनार करते हुए हजारों लोगों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है।

एक नजर में

## बांध पंचायत के दो युवक अग्निवीर का प्रशिक्षण लेकर लौटे गांव, खुशी का माहौल

**गोमिया।** कथारा बांध पंचायत के ग्राम बांध कॉलोनी निवासी तेजनारायण साव के पुत्र उदय कुमार तथा बिशेश्वर साव के पुत्र लुकेश्वर कुमार अग्निवीर (आर्मी) का प्रशिक्षण प्राप्त कर आज अपने निवास स्थान बांध कॉलोनी पहुंचे जहां उनके परिवार के साथ उनका स्वागत कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं बधाई दिए उदय और लुकेश्वर दोनों अपने चचेरे भाई है जिन्होंने पहले प्रयास में ही यह सफलता प्राप्त किए इनके सफलता से क्षेत्र में खुशी का लहर है और लोग ढेर सारी शुभकामनाएं बधाई दे रहे हैं।

## अनाथ बच्चों को पहचान दिलाना सामूहिक जिम्मेवारी : डालसा

**गोड्डा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष पीडीजे रमेश कुमार एवं डालसा सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर पोड़ैयाहाट प्रखंड के दोपद गांव में माइक्रो विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।इस दौरान डालसा की ओर से गठित टीम में अधिकार मित्र मो. हसीब व शंकर चंद्र सेन ने कहा कि अनाथ बच्चों को भी आम नागरिकों की तरह सभी प्रकार के संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं। ऐसे में उन बच्चों को सबसे पहले पहचान दिलाने की जरुरत है। प्रथम चरण में ऐसे अनाथ बच्चे जिसका आधार नहीं बना है उसकी पहचान की जा रही है। अगर क्षेत्र में कहीं अनाथ बच्चा हो तो उसकी जानकारी अवश्य दी जाय ताकि उसका आधार बन सके।विशेष अभियान चलाकर अनाथ बच्चों का आधार बनाने को लेकर जगह- जगह जागरुकता शिविर आयोजित क जा रही है। 26 जून से इन चिह्नित अनाथ बच्चों का आधार बनाया जाएगा। विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से साथी नामक एक अभियान चलाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि नाबालिग बच्चों से कभी भी मजदूरी नहीं करायें। बच्चों से मजदूरी कराना कानूनन अपराध है। स्थानीय स्तर पर बच्चों की पढ़ाई के लिए पठन- पाठन की बेहतर व्यवस्था है। आज विद्यालयों में मध्याह्न भोजन, पोशाक व छात्रवृति की भी व्यवस्था है। वहीं किसी प्रकार की समस्या होने पर विधिक सेवा की भी व्यवस्था है। बेटा और बेटी को समान रूप से शिक्षित करने की जरुरत है। महिला शिक्षा के प्रति समाज में जन जागरुकता जरुरी है। इसके अलावा शिक्षा का अधिकार, पोक्सो, बाल श्रम, बाल विवाह आदि से संबंधित जानकारी दी गई।

## पारिवारिक कलह से परेशान बर्तन दुकान मालिक ने कीटनाशक खाकर दी अपनी जान

**गोड्डा।** नगर थाना क्षेत्र के गुलजारबाग निवासी बर्तन दुकान मालिक पिंटू साह ने कीटनाशक (सल्फास की गोली) खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।इस घटना के बाद मृतक अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों (एक लड़का और एक लड़की) को छोड़ गया। वहीं घटना आज की बताई जा रही है। मृतक के परिजनों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मृतक पिंटू और उनकी पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। पिछले तीन दिनों से यह विवाद और भी बढ़ गया था। वहीं पत्नी का आरोप है कि पिंटू रोज शराब पीकर घर आते थे और झगड़ा करते थे। विवाद के दौरान वे कई बार अपनी जान देने की धमकी भी दे चुके थे। वहीं 07 जून को दोपहर करीब तीन बजे पिंटू ने सल्फास की गोली खा ली। जैसे ही परिजनों को इसकी जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत पिंटू को गोड्डा सदर अस्पताल पहुंचाया। लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## सामूहिक दुष्कर्म के 10 में 8 आरोपी गिरफ्तार

**गोड्डा /सुंदर पहाड़ी।** जिले के सुंदर पहाड़ी थाना क्षेत्र से एक युवती से सामूहिक दुष्कर्म की निंदनीय घटना सामने आ रही है। उक्त घटना सुंदर पहाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत जोलो गांव की है जहां एक आदिवासी नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र के जोलो गांव में 7 जून की रात यह घटना घटित हुई है। वहीं बताया गया कि 17 वर्षीय पीड़िता 6 जून को सिंदरी गांव से अपनी बुआ के घर शादी समारोह में गई थी। रात में जब युवती शौच के लिए खेत की तरफ गई, तब पूर्व से घात लगाए एक युवक ने उसका मुंह कपड़े से बांधकर उसे बहियार की तरफ उठा ले गए जहां 10 युवकों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के अगले दिन सुबह पीड़िता अपने घर लौटी और अपने परिजनों को आपबीती सुनाई। वहीं इस घटना को लेकर 07 जून को गांव में पंचायत बुलाई गई लेकिन पीड़िता और उसके परिजन द्वारा बताया गया कि पंचायत में मामले को दबाने का प्रयास किया गया जिस वजह से इस मामले पर कोई समाधान नहीं निकला। जिसके बाद अगले दिन पीड़िता अपने परिजन के साथ सुंदरपहाड़ी थाना पहुंची और मामला दर्ज कराया। पीड़िता ने पुलिस से पूरी घटना बताई और पंचायत की भी बात कही। पीड़िता ने 10 आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया था जहां पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार्यवाही शुरू कर दी और इस कांड में शामिल 8 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में सुंदर पहाड़ी थाना प्रभारी आशीष कुमार यादव से मिली जानकारी के अनुसार अब तक 8 आदिवासी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बताया कि सभी आरोपी सिंदरी के रहने वाले हैं, सभी को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। शेष दो की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## सीसीएल आवासों का बद से बदतर दुर्दशा : अजय

**बेरमो।** प्रत्येक वर्ष आवासों के रखरखाव हेतु सैनिक विभाग के द्वारा करोड़ों रुपया का खर्च किया जाता है। पिछले तीन वर्ष में सीसीएल के द्वारा गायत्री कॉलोनी में मरम्मती के नाम पर लाखों रुपया का खर्च किया गया। जहां आज भी सीएससी का कार्य संचालित है। रखरखाव के अभाव में आवासों की दुर्दशा इस प्रकार बनी है की कभी भी जानलेवा घटना घटित हो सकती है।

## पेज एक का शेष

### कमरे में मिला...

चर्चा है कि धानुका ने अपने लाइसेंसी हथियार (पिस्टल) से खुद को गोली मारी है। हालांकि, कोतवाली पुलिस अभी पूरे मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल और कमरे से बरामद हथियार की एफएसएल जांच भी करायी जा रही है।

**डीएसपी ने बताया :** कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि घटना शनिवार की है। रात करीब साढ़े नौ बजे परिवार के सभी सदस्य पास में ही स्थित नानी घर गये हुए थे। रविवार को जब सभी लौटे तो उन्हें जानकारी मिली। परिजनों ने पुलिस को खबर की। जानकारी मिलते कोतवाली डीएसपी सोय और थानेदार आदिकांत महतो मौके पर पहुंचे। एफएसएल की टीम ने घटनास्थल की जांच की। सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। पुलिस सभी बिंदु पर जांच की कर रही है। प्रथम द्दष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। जांच के बाद ही पूरी जानकारी दी जा सकेगी।

### नूर खान एयरबेस पर ...

**नूर खान एयरबेस की अहमियत :** यह एयरबेस इस्लामाबाद और रावलपिंडी के बीच स्थित है। पाकिस्तानी सेना के मुख्यालय और रणनीतिक योजना डिवीजन (एसपीडी) के बेहद करीब है। परमाणु हथियारों की कमान संभालने वाले डिवीजन से इसकी निकटता इसे और संवेदनशील बनाती है। यहीं से हवाई गतिशीलता अभियानों का नियंत्रण भी होता है। जम्मूकश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय वायुसेना ने नूर खान एयरबेस को भी टारगेट किया। यह केवल सैन्य नहीं, बल्कि राजनीतिक और प्रतीकात्मक तौर पर भी एक सशक्त संदेश था, क्योंकि यह एयरबेस पाक सेना के कमांड सेंटर्स के बेहद नजदीक है।

स्पीड न्यूज

## अमेरिका में एक्स-4 मिशन कल होगा लांच

चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष यात्री सुभांशु शुक्ला द्वारा संचालित प्रतिष्ठित एक्सिओम-4 (एक्स-4) मिशन मंगलवार सुबह अमेरिका से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए उड़ान भरने के लिए तैयार है। यह मिशन भारतीय समयानुसार सुबह 0612 बजे होगा। एक्स-4 चालक दल 10 जून को भारतीय समयानुसार 0612 पर नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर में एलसी-39ए से स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना होगा। यह अमेरिका, भारत, पोलैंड और हंगरी के चार अंतरिक्ष यात्रियों को 14-दिवसीय डॉकिंग मिशन के लिए निम्न पृथ्वी कक्षा में ले जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रयोग किए जाएंगे, जिनमें से सात इसरो द्वारा किए जाएंगे। एक्स-4 इन देशों के इतिहास में दूसरा मानव अंतरिक्ष यान मिशन है।

## मणिपुर में एटी नेता अरेस्ट ,कर्फ्यू लगा

**इंफाल।** मणिपुर में सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन अरामबाई टेंगोल (एटी) नेता और चार अन्य की गिरफ्तारी के विरोध में बड़े पैमाने पर हुए प्रदर्शन के बाद इंटरनेट सेवाएं पांच दिनों के लिए निलंबित कर दी गई और अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। राज्य की राजधानी सहित पांच जिलों में इंटरनेट सेवा निलंबित कर दी गई है और शनिवार रात से हिंसा भड़कने के कारण अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है।

## बिहार में कल से हो सकती है भारी बारिश

पटना। भीषण गर्मी झेल रहे बिहार के लोगों को जल्द ही मिलेगी राहत। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार 10 जून की रात से बंगाल की खाड़ी में बनने वाले नए मौसमी प्रणाली (सिस्टम) के कारण उत्तरी और पूर्वी बिहार में हो सकती है भारी बारिश । मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और स्थानीय मौसम बुलेटिन पर नजर रखने की सलाह दी है। खासकर भारी बारिश, बाढ़ और बिजली गिरने जैसे खतरों से बचने के लिए सावधानी बरतने को कहा गया है।

## तेलंगाना में तीन मंत्रियों ने ली शपथ

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंथ रेड्डी ने अपने मंत्रिमंडल का रविवार को किया विस्तार। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने तीन नए लोगों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। जी विवेक, अदलुरी लक्ष्मण कुमार और वक्ति श्रीहरि ने मंत्री पद की ली शपथ। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के अलावा कई मंत्री और विधायक भी शामिल हुए।

## बिहार में सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी जनसुराज : प्रशांत



**खगड़िया।** जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने रविवार को बिहार बदलाव यात्रा के तहत जनसभा को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जन सुराज बिहार की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है। उन्होंने तंज कसते हुये कहा कि मुझे लगता है कि ये चुनाव से पहले गठबंधन में ज्यादा से ज्यादा सीटें पाने की पार्टियों की रणनीति है। जनता को इससे कोई मतलब नहीं है कि कौन सी पार्टी कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी और न ही इसका बिहार के विकास से कोई लेना-देना है। पार्टियों को बताना चाहिए कि बिहार में बच्चों को शिक्षा और रोजगार कैसे मिल सके, इसके लिए उनका क्या विजन है। पार्टियों और उनके नेताओं को बताना चाहिए कि बिहार से पलायन कैसे रुकेगा, बिहार में भ्रष्टाचार कैसे खत्म होगा।



## अमित शाह ने मदुरै के मीनाक्षी मंदिर में की पूजा-अर्चना

**मदुरै। तमिलनाडु के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां प्रसिद्ध मीनाक्षी अम्मन मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर के प्रवेश द्वार पर पुजारियों और अधिकारियों ने पारंपरिक पूर्ण कुंभम सम्मान के साथ उनका स्वागत किया। शाह ने मंदिर में लगभग 30 मिनट बिताए और विभिन्न सन्निधियों में दर्शन किए।**

# अगले साल तमिलनाडु व बंगाल में बनेगी एनडीए की सरकार : शाह

**एजेंसी**

**चेन्नई।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को दावा किया कि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकेगा और अगले साल इन दोनों राज्यों में एनडीए की सरकार बनेगी। मदुरै में मीनाक्षी अम्मन मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद राज्य, जिला और मंडल स्तर के पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2026 के चुनावों में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की हार होगी और भाजपा-अन्नाद्रमुक के नेतृत्व में राजग की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के अलावा बंगाल में भी राजग 2026 में सरकार बनाएगा। द्रमुक की 100 प्रतिशत विफल सरकार के रूप में आलोचना करते हुए शाह ने राज्य के स्वामित्व वाले टीएएसएमएसी में ईडी द्वारा उजागर

### टीएएसएमएसी में 1000 करोड़ रुपये की हुयी अनियमिता

की गई कथित 1000 करोड़ रुपये की अनियमितताओं का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि इन निधियों का उपयोग करके, राज्य भर में प्रत्येक स्कूल में कम से कम दो कक्षाएं बनाई जा सकती थीं। उन्होंने कहा कि वे दिल्ली में रहते हैं, लेकिन उनके कान हमेशा तमिलनाडु पर रहते हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके अध्यक्ष एम के स्टालिन की टिप्पणी का उल्लेख करते हुए कि अमित शाह भी नहीं, कोई शाह तमिलनाडु पर शासन नहीं कर सकता, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्टालिन सही हैं। उन्होंने कहा कि यह मैं नहीं, बल्कि तमिलनाडु के लोग आपको (द्रमुक) हराएंगे। इससे पहले, उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए तमिल में बात न कर पाने के लिए उनसे माफी मांगी जिसे उन्होंने सबसे बेहतरीन भाषाओं में से एक बताया।

## चुनाव फिक्स का आरोप पूर्णतः हास्यास्पद : आयोग

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव फिक्स होने के आरोप का करारा जवाब देते हुए रविवार को कहा कि पूरी दुनिया जिस चुनाव प्रणाली की प्रशंसा करती है उसे बदनाम करने का प्रयास हास्यास्पद और अपने दल के राजनीतिक कार्यकर्ताओं का भी अपमान है। गांधी ने शनिवार को एक अखबार में अपने लेख में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को 'फिक्स' बताते हुए आयोग से अपने सवालों पर जवाब मांगा था जिस पर चुनाव आयोग ने कहा कि सभी भारतीय चुनाव कानून के अनुसार संचालित होते हैं। भारत में जिस पैमाने और जिस सटीकता के साथ चुनावों का संचालन होता है पूरी दुनिया में उसकी व्यापक रूप से प्रशंसा की जाती है। मतदाताओं द्वारा दिए गए किसी भी प्रतिकूल फैसले के बाद, यह कहकर निर्वाचन आयोग को बदनाम करने की कोशिश करना कि यह पहले से तय था, पूर्णतः हास्यास्पद है।

# लॉस एंजिलिस बना रणभूमि

### ट्रंप ने प्रदर्शन रोकने के लिए नेशनल गार्ड के 2,000 जवानों को किया तैनात, गर्वनर ने किया विरोध

- गृह विभाग के कार्यालय के सामने संघीय सुरक्षाकर्मियों ने प्रदर्शकारियों को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस, फ्लैश-बैंग व गोले छोड़े
- आव्रजन अधिकारियों ने अब तक 100 से अधिक आप्रवासियों को पकड़ा






**एजेंसी**

**पैरामाउंट (अमेरिका)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में विरोध प्रदर्शनों को काबू करने के लिए कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड के 2,000 जवानों को तैनात किया है जबकि गवर्नर गेविन न्यूसम ने संघीय सरकार के इस कदम पर आपत्ति जताई है। न्यूसम ने सैकड़ों प्रदर्शनकारियों और दंगारोधी पोशाक पहने संघीय आव्रजन अधिकारियों के बीच शनिवार को लगातार दूसरे दिन हुई झड़प के बाद एक बयान जारी कर ट्रंप प्रशासन के इस कदम का विरोध किया। लॉस एंजिल्स के दक्षिण में लातिन मूल के वर्चस्व वाले पैरामाउंट शहर में होम डिपो से सटे गृह विभाग के कार्यालय के सामने शनिवार को झड़पें हुईं। संघीय सुरक्षाकर्मियों ने प्रदर्शकारियों को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस, फ्लैश-बैंग विस्फोटक एवं प्रभावित करने वाले गोले छोड़े जबकि जवाब में प्रदर्शनकारियों ने भी सीमा गश्ती वाहनों पर पत्थरबाजी की और सड़कों पर कूड़ा जला कर अवरोध पैदा किया। आव्रजन अधिकारियों द्वारा शुक्रवार को की गई छापेमारी के बाद से इलाके में तनाव बढ़ गया है। अधिकारियों ने लॉस एंजिलिस के फैशन जिले और होम डिपो में छापेमारी भी शामिल थी। शहर में एक सप्ताह के दौरान गिरफ्तार किए गए आप्रवासियों की संख्या 100 से अधिक हो गई है। एक प्रमुख यूनियन नेता को विरोध प्रदर्शन करते समय गिरफ्तार कर लिया गया तथा उन पर कानून प्रवर्तन में बाधा डालने का आरोप लगाया गया। व्हाइट हाउस ने घोषणा की कि ट्रंप गार्ड को उस अराजकता से निपटने के लिए तैनात करेंगे जिसे पनपने दिया गया है। यह स्पष्ट नहीं था कि सैनिक कब पहुंचेंगे। डेमोक्रेट गवर्नर न्यूसम ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह जानबूझकर उठाया गया भड़काऊ कदम है और इससे केवल तनाव बढ़ेगा। गवर्नर ने बाद में कहा कि संघीय सरकार तमाशा खड़ा करना चाहती है। उन्होंने लोगों से हिंसक कदम से बचने का आग्रह किया। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने संघीय सरकार द्वारा इस मामले में आक्रामक रुख अपनाने का संकेत देते हुए सेना तैनात करने की चेतावनी दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि यदि हिंसा जारी रहती है, तो कैंप पेंडलटन में सक्रिय मरीन को भी तैनात किया जाएगा वे हाई अलर्ट पर हैं।

# टेक्सास नगर परिषद में दो भारतवंशी जीते

**एजेंसी**

- शुगरलैंड के डिस्ट्रिक्ट 2 में सिंघल ने नासिर को हराया
- सुख कौर ने सैन एंटोनियो में डिस्ट्रिक्ट 1 की भारी जीत हासिल कर अपनी परिषद सीट बरकरार रखा



**ह्यूस्टन ।** अमेरिका के टेक्सास नगर परिषद चुनावों में दो भारतीय-अमेरिकी उम्मीदवारों ने अपने-अपने शहर में जीत दर्ज की। संजय सिंघल और सुख कौर ने क्रमशः शुगर लैंड तथा सैन एंटोनियो में नगर परिषद चुनावों में जीत हासिल की। प्रारंभिक चरण का चुनाव तीन जून को हुआ था जिसके बाद अंतिम दो उम्मीदवारों के बीच चुनावी (रनऑफ) मुकाबले के लिए मतदान शनिवार को हुआ। शुगरलैंड के डिस्ट्रिक्ट 2 में सिंघल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय-अमेरिकी नासिर हुसैन को हराकर चुनाव जीता। फोर्ट बेंड काउंटी के अनौपचारिक परिणामों के अनुसार, सिंघल को 2,346 वोट मिले जबकि हुसैन को 777 वोट मिले।

आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र सिंघल ने अपना चुनाव प्रचार अभियान पारदर्शी शासन, बुनियादी ढांचे में सुधार और सामुदायिक जुड़ाव पर केंद्रित किया। सिख-अमेरिकी और शिक्षा सुधारक सुख कौर ने सैन एंटोनियो में भारी जीत हासिल कर डिस्ट्रिक्ट 1 की अपनी परिषद सीट बरकरार रखी। कौर सैन एंटोनियो में अपने पति और दो बच्चों के साथ रहती हैं। एक गैर-लाभकारी संस्था की नेता कौर ने अपने प्रतिद्वंद्वी पैटी गिबन्स को 65 प्रतिशत मतों से हराया।

स्टैनफोर्ड और हार्वर्ड से स्नातक तथा सैन एंटोनियो शहर परिषद के लिए चुनी गईं पहली सिख महिला कौर ने अपने प्रचार अभियान को किफायती आवास, सार्वजनिक परिवहन विस्तार और समावेशी शहरी विकास पर केंद्रित किया।

# चिराग लड़ेंगे विधानसभा चुनाव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**आरा।** केंद्रीय मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने बिहार को विकसित राज्य बनाने के संकल्प के साथ रविवार को कहा कि उनकी पार्टी राज्य के सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार है। पासवान ने रविवार को वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में नव संकल्प महासभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनका संकल्प बिहार को देश का नंबर एक राज्य बनाने का है। उन्होंने कहा कि जब तक मैं बिहार को विकसित राज्य नहीं बना लेता तब तक चैन से नहीं बैठने वाला। मैं विधानसभा चुनाव कहां से लड़ूं यह आप सब को तय करना है मंत्री ने कहा कि हाँ मैं विधानसभा चुनाव लड़ूंगा और बिहार के सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ूंगा। मुझे मेरे अपनों ने ही घर और पार्टी से बाहर किया लेकिन बिहार की सारी जनता मेरा परिवार है। मैं अपनों की खातिर चुनाव लड़ूंगा। मेरा एक ही लक्ष्य है विकसित बिहार, बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट। पासवान

### मेरा एक ही लक्ष्य है विकसित बिहार, बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट : पासवान

ने कहा कि यह साल सबके लिए खास कर बिहार की जनता के लिए महत्वपूर्ण है। यह साल निर्धारित करेगा बिहार के पांच सालों का भविष्य। यह पांच साल बिहार के व्यक्ति के जीवन में महत्व रखता है। उन्होंने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि जब आप लोगों के बीच नेता आए तो आप प्रश्न कीजिएगा कि इतने सालों में इन लोगों ने क्या किया।

आजकल एक केंद्रीय नेता, जब दिल्ली जाते हैं हमारे बिहार को अपराध की राजधानी बताते हैं । जरा पूछिएगा उस नेता से कि क्या वे चुनाव के बाद भी बिहार आएंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में सबसे ज्यादा समय तक शासन कांग्रेस ने किया लेकिन राज्य का विकास नहीं किया। श्री कर्पूरी ठाकुर, जिन्होंने सही मायने में सामाजिक न्याय की व्यवस्था को बल देने का काम किया, लेकिन कांग्रेस ने क्या किया। यह जग जाहिर है। पासवान ने कहा कि



कपूरी ठाकुर के सपनों को तिलांजलि देने का काम यदि किसी ने किया तो यह कांग्रेस ने किया। ये लोग बाबा साहब अंबेडकर का नाम लेते नहीं थकते जब केंद्र में सरकार थी तो इन लोगों ने संसद में लोकसभा में भीमराव अंबेडकर की एक प्रतिमा भी नहीं लगने दिए। संसद में उनकी पहली तस्वीर राम विलास पासवान जब कल्याण मंत्री बने तब प्रतिमा लगा। कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न राजग सरकार ने दिया। पासवान ने कहा कि मैं चाहता हूं कि बिहार में ही कारखाने खुले ताकि बिहार में रोजगार मिले और पलायन रुके।

## डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं में बिहार देश में अव्वल

**92 फीसदी ओपीडी पंजीकरण अब हो रहे हैं ऑनलाइन**

**पटना।** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के क्रियान्वयन में बिहार ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। राज्य में शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में 92% ओपीडी पंजीकरण अब ऑनलाइन हो रहे हैं, वहीं मरीजों की जांच के लिए क्यूआर कोड स्कैन की संख्या भी सबसे अधिक है। यह उपलब्धि सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और कुशल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस सफलता के केंद्र में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत स्कैन एंड शेयर पहल है, जिसमें मरीज स्वास्थ्य संस्थान के प्रवेश द्वार पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन कर सीधे परामर्श के लिए जा सकते हैं, जिससे लंबी कतारों और कागजी प्रक्रिया की झंझट समाप्त हो गई है। इस सरल लेकिन क्रांतिकारी कदम और आभा आईडी की व्यापक स्वीकृति से सरकारी अस्पतालों में मरीजों को अब परामर्श से लेकर दवा लेने तक में कुल समय मात्र 45 मिनट के लगभग ही लगता है जो पहले एक घंटे से भी अधिक था।

# देश में पहली बार स्वदेशी तकनीक से कुत्ते का कूल्हा प्रत्यारोपण

**एजेंसी**



- भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान (बरेली) के वैज्ञानिकों ने रचा इतिहास
- कुत्तों के लिए आर्टिफिशियल हिप भारत में नहीं था, विदेश से मंगाने पर पांच लाख खर्च

**बरेली।** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) बरेली वैज्ञानिक डॉ. रोहित कुमार व उनकी टीम ने देश में पहली बार स्वदेशी तकनीक से विकसित कूल्हा प्रत्यारोपण की सफल सर्जरी कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस उपलब्धि पर आईवीआरआई निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने पूरी टीम को इस कीर्तिमान के लिए शुभकामनायें दी। उन्होंने इस तकनीक को जल्द से जल्द देश में स्वान पालकों को उपलब्ध कराने व इस तकनीकी को इंडस्ट्री को हस्तांतरित करने हेतु प्रेरित किया। डॉ. रोहित कुमार ने बताया कि इस कूल्हा प्रत्यारोपण की खासियत यह है कि यह पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक से विकसित किया गया है। अब तक कुत्तों के लिए आर्टिफिशियल हिप भारत में उपलब्ध नहीं था। यदि किसी कुत्ते को आर्टिफिशियल हिप की आवश्यकता होती थी, तो उसे केवल विदेश से ही मंगवाया जाता था। जिसका खर्च कम से कम 5 लाख रुपये तक आता था। आईवीआरआई वैज्ञानिकों ने आर्टिफिशियल हिप बनाने के लिए पिछले लगभग तीन वर्षों से एक सुनियोजित अध्ययन करके विशेष रूप से भारतीय कुत्तों के अनुरूप सीमेंटेड पद्धति का कूल्हा ही नहीं, बल्कि उसमें उपयोग होने वाले उपकरणों को भी विकसित किया। डॉ. रोहित कुमार एवं उनकी तीम ने इस कार्य को एक चुनौती रूप में लेते हुए शुरूआत में शहर के प्रसिद्ध ह्यूमन ऑर्थो सर्जन डॉ. आलोक सिंह की मदद कई बारीकियों को जानने का प्रयास किया। डॉ. आलोक सिंह और बरेली मेडिकेयर फर्म योगेश सक्सेना व देवेश सक्सेना की तकनीकी सहायता से गुजरात की लाइफ ऑर्थो केयर कंपनी से कुत्तों के लिए आर्टिफिशियल कूल्हा और उसमें उपयोग होने वाले उपकरण विकसित किया गया है। तकनीकी डिजाइन और आकार निर्धारित करने का कार्य ने डॉ. टी. साई कुमार एमवीएससी शोध कार्य और डॉ. कमलेश कुमार टी एस को पीएचडी शोध कार्य हेतु दिया। यह कार्य एआईएनपी-डीआईएमएससीए (डिमस्का) परियोजना अंतर्गत डॉ. रोहित कुमार, डॉ. अमरपाल, डॉ. एसी सक्सेना और डॉ. एएम पावड़े टीम द्वारा किया गया। डॉ. अमरपाल ने बताया कि इस तरह का कार्य देश में पहली बार एक सुनियोजित अध्ययन करके किया गया है। पहली सर्जरी देहरादून, दूसरी बरेली तथा तीसरी संभल पुलिस कुत्तों में इसकी सफल सर्जरी कर उसे नया जीवन दान दिया गया है। डॉ. रोहित बताते हैं कि विकसित किया गया कूल्हा काफी सस्ता है और देश के स्वान मालिकों को इसके द्वारा कम खर्च पर उत्कृष्ट इलाज भविष्य में दिया जा सकेगा।

